राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 131
लखनऊ, रविवार 11 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





हर प्रतिभा को अवसर और पहचान देना योगी सरकार की प्राथमिकता : कपिल देव 03

प्रभारी मंत्री ने किया मेला रामनगरिया में विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ 10


**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,40,610/ |
| 22 कैरेट | = 1,28,900/ |
| 18 कैरेट | = 1,05,490/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 2,60,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### रक्सौल सीमा पर श्रीलंकाई व भारतीय सहयोगी गिरफ्तार

**मोतिहारी।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 47वीं वाहिनी ने भारत-नेपाल सीमा रक्सौल में एक श्रीलंकाई नागरिक और उसके सहयोगी भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया है। इसकी जानकारी देते सशस्त्र सीमा बल की 47वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय पाण्डेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहिनी के कार्यक्षेत्र में बॉर्डर पिलर संख्या 390/33 के पास मैत्री ब्रिज पर नेपाल से आ रहे एक केरल निवासी भारतीय नागरिक रशीद कनौथ के साथ एक श्रीलंकाई नागरिक हनीफ काची मुहम्मद, पिता का नाम-काची मुहम्मद को बिना वैध कागजात भारतीय सीमा में प्रवेश करते समय पकड़ा गया है। पूछताछ के दौरान उक्त श्रीलंकाई नागरिक के पास वैध भारतीय वीजा न होने के कारण कानूनी कार्रवाई के लिए हरैया पुलिस को सौंप दिया गया।

### अखनूर में एलओसी के पास पकड़ा गया संदिग्ध कबूतर

**जम्मू।** जम्मू जिले की नियंत्रण रेखा से सटे अखनूर सेक्टर के एक अग्रिम गांव में शनिवार को एक संदिग्ध कबूतर पकड़े जाने से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। घटना के बाद स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, पकड़े गए कबूतर का रंग हल्का भूरा है और उसके दोनों पंखों पर दो-दो काली धारियां बनी हुई हैं। कबूतर के पैरों में लाल और पीले रंग के छल्ले लगे हुए पाए गए हैं, जिन पर 'रहमत सरकार', 'रिज़वान 2025' और कुछ संख्याएं अंकित हैं, जिससे उसके संदिग्ध होने की आशंका और बढ़ गई है।

### एसआईआर को लेकर ममता ने सीईसी को लिखी चिट्ठी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर शनिवार को देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को चिट्ठी लिखी है। पत्र में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया है कि एसआईआर के नाम पर आम लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है और इस पूरी प्रक्रिया में मानवीय संवेदनशीलता का अभाव है। ममता ने लिखा कि जिस तरह से एसआईआर प्रक्रिया लागू की जा रही है, उससे आम नागरिकों में भय और मानसिक दबाव पैदा हो रहा है।

### पीएम कल अहमदाबाद में जर्मनी के चांसलर से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज 12 जनवरी को गुजरात के अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का जायजा लेंगे। इस दौरान ट्रेड और निवेश, टेक्नोलॉजी, शिक्षा, स्किलिंग और मोबिलिटी में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा होगी।

मुख्यमंत्री योगी ने माघ मेले में आयोजित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य के 726वें प्राकट्य महोत्सव में कहा

# समाज को बांटने वाले नहीं हो सकते कभी हितैषी

**▸ सीएम ने बांग्लादेश की घटना पर मौन रहने वालों पर किया प्रहार**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी शनिवार को माघ मेले में आयोजित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य के 726वें प्राकट्य महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी ने सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका चलाने वालों पर प्रहार करते हुए बांटने वालों से बचने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन हमारे लिए उसी प्रकार से सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश के अंदर देख रहे हैं। वहां की घटना पर कोई बोल नहीं रहा है।

सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है। बांग्लादेश की घटना पर कोई कैंडल मार्च तक नहीं निकाला जा रहा। यह हमारे लिए चेतावनी भी है। सीएम ने चेताया कि जो लोग आज भी समाज को बांट रहे हैं, वे कभी हितैषी नहीं होंगे। सत्ता में रहने पर यह लोग परिवार के बाहर नहीं सोच पाते थे। यह फिर तमाम नारे देंगे, लेकिन इन्हें जब भी मौका मिलेगा तो वही करेंगे, जो पहले किया था। पहचान का संकट, अराजकता, सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में फिर हर व्यक्ति को झुलसाएंगे। हमें इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने देनी चाहिए। डबल इंजन सरकार सनातन आस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सदैव खड़ी है। बांटने, तोड़ने वाले और कमजोर करने वाले लोगों को कभी पनपने न दें। हम सभी इस संकल्प के साथ बढ़ेंगे तो आने वाला समय सनातन धर्म का है। जिस तरह राम मंदिर पर ध्वज लहरा रहा है, उसी तरह दुनिया के अंदर सनातन का झंडा फहराता रहेगा और तब, बांग्लादेश में कमजोर व दलित हिंदू को काटने का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा को कभी महर्षि भारद्वाज, महर्षि वाल्मीकि व अन्य पूज्य ऋषियों व महर्षियों ने अपने तप व साधना से सनातन धर्म के केंद्र के रूप में विकसित किया था। त्रिवेणी की इस पावन धरा पर 726 वर्ष पूर्व भक्ति शिरोमणि भगवान रामानंदाचार्य प्रकट हुए थे। प्रयागराज की पावन धरा, भगवान वेणी माधव की अपार कृपा से, भगवान अक्षयवट के सानिध्य में, त्रिवेणी का वह रूप जिसे हम मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती के रूप में स्मरण करते हैं, देश-दुनिया से श्रद्धालु यहां आकर संगम में डुबकी लगाते हैं। यहां धर्म, न्याय और ज्ञान भी है। तीनों को लेकर देश भर के अलग-अलग जिज्ञासु इस पावन धरा पर उपस्थित होते हैं। ईश्वरीय गुणों से भरपूर महामानव की दृष्टि परमार्थ के लिए सीएम योगी ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य का जिक्र करते हुए कहा कि कोई अचानक महान नहीं बनता। महानता के लिए दिव्य गुणों को आत्मसात करने का सामर्थ्य, दृढ़ इच्छाशक्ति, दृष्टि भी होनी चाहिए। सामान्य मनुष्य केवल अपने व परिवार के लिए सोचता है, उसकी दुनिया परिवार तक सीमित रहती है, लेकिन ईश्वरीय गुणों से भरपूर महामानव की दृष्टि दिव्य, कल्याण व धर्म के प्रति जागरूक करने की होती है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्षवर्धन वाजपेयी, पीयूष रंजन निषाद, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, विनोद सोनकर, स्वामी रामदिनेशाचार्य, स्वामी राघवाचार्य, जगद्गुरु वैदेही वल्लभ देवाचार्य, स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, महंत वैष्णव दास, महंत राजेंद्र दास, मोहन दास, महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज, महंत बलवीर गिरि, अवधेश दास, जन्मेजय शरण, शशिकांत दास, विद्या चैतन्य, दामोदार दास, यमुना पुरी, रामहृदय दास, लाखन दास, शुक्रायु दास महाराज आदि मौजूद रहे।




### जहां रामानंदाचार्य प्रकट हुए, वहां बनेगा स्मारक व मंदिर

सीएम योगी ने कहा कि सतुआ बाबा ने सबको जोड़ दिया। भगवान रामानंदाचार्य की पावन जयंती प्रयागराज में हो रही है। पौष पूर्णिमा इस वर्ष 3 जनवरी को पड़ गई तो सभी इस आयोजन से जुड़ गए। सीएम ने सभी संतों का आह्वान किया कि आप बातचीत कीजिए, दारागंज में जिस परिवार-स्थल पर रामानंदाचार्य प्रकट हुए थे, वहां उनका स्मारक व मंदिर बने, सरकार उसमें सहयोग करेगी। रामानंदाचार्य जी महाराज ने बंटे समाज को जोड़ने का कार्य किया था। उनकी प्रेरणा को जीवन का मंत्र बनाएं।

### पवित्रता, संवाद व समन्वय से सकुशल सम्पन्न होंगे प्रयागराज के सभी स्नान

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि पवित्रता, संवाद और समन्वय के साथ सभी प्रमुख स्नान सकुशल सम्पन्न होंगे। शनिवार को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशासन की सजगता, तकनीक के उपयोग और सभी विभागों के आपसी सहयोग से श्रद्धालुओं की सुविधाएं और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि माघ मास में पावन त्रिवेणी के दर्शन व स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने स्मरण कराया कि गत वर्ष इसी समय महाकुम्भ की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही थीं और 10 जनवरी को भी इसी विषय को लेकर वह प्रयागराज में थे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष माघ मेला तीन जनवरी से आरम्भ हो चुका है, जो 15 फरवरी तक चलेगा, ऐसे में सभी उत्सवों के सकुशल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी लगातार निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि माघ मेला में इस वर्ष पौष पूर्णिमा पर 10 से 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद थी लेकिन 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान किया। भगवान वेणी माधव, बड़े हनुमान जी महाराज और अक्षयवट के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने सकुशल स्नान कर आशीर्वाद लिया। कल्पवासी एक माह के कल्पवास हेतु साधना में लीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भगवान रामानंदाचार्य की 726वीं पावन जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला।

**मुख्यमंत्री ने की माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा**

### एक करोड़ श्रद्धालु अब तक कर चुके हैं संगम में स्नान

सीएम ने सुबह त्रिवेणी स्नान कर मां गंगा, यमुना व सरस्वती के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने कहा कि आज से 8-10 साल पहले यहां की स्थिति ऐसी नहीं थी, लेकिन जब राम और गंगा भक्त देश की सत्ता में रहता है तो ऐसा अवसर प्राप्त होता है। पीएम मोदी ने नमामि गंगे के माध्यम से गंगा के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की, यह कार्य केवल भारत का सच्चा पुत्र ही कर सकता है। स्नान करने वाला उन्हें आशीर्वाद व आभार प्रकट कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पौष पूर्णिमा पर 31 लाख श्रद्धालु आए। पिछले पांच-छह दिन में एक करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

### योगी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को प्रयागराज में लगे माघ मेले में संगम पर स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की। उन्होंने तीन बार आस्था की डुबकी लगाई और बाद में संगम नोज के पास सतुआ बाबा के साथ नौका की सवारी भी की। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नंद गोपाल नंदी ने भी संगम में स्नान किया। इसके बाद योगी ने संगम नोज पर गंगा पूजन किया। संगम तट के पास वे करीब 32 मिनट तक रहे। योगी ने लेटे हनुमान जी का भी दर्शन-पूजन किया फिर सतुआ बाबा के शिविर की ओर प्रस्थान किए।

### विश्व पुस्तक मेला शुरू शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** भारत मंडपम में 53वें नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 का भव्य उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने टैम्बोरिन बजाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पिछले 53 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा दिल्ली पुस्तक मेला आज प्रकाशन जगत का एक प्रतिष्ठित और भरोसेमंद मंच बन चुका है। उन्होंने बताया कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्रकाशन और पुस्तक व्यापार केंद्र बनकर उभरा है, जो देश की बौद्धिक और सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाता है।

## जर्जर भवन में चल रहे चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज को लेकर हाईकोर्ट सख्त

**▸ बच्चों व शिक्षकों की सुरक्षा पर खतरे को लेकर नोटिस जारी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जर्जर भवन में चल रहे हुसैनगंज स्थित चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज के मामले को गंभीरता से लेते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने कहा है कि यदिभवन की हालत वाकई जर्जर है, तो इससे वहां पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों की जान को खतरा हो सकता है।

यह आदेश जनहित याचिका संख्या 1295/2025 पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया। याचिका विजय कुमार पांडेय द्वारा दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश तिवारी एवं राघव चौबे ने पक्ष रखा। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजन रॉय एवं न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने की। न्यायालय ने प्रतिवादी संख्या 13 इंटर कॉलेज के मैनेजर एवं 14 कॉलेज की प्रिंसिपल को नोटिस जारी करते हुए उनसे यह स्पष्ट करने को कहा है कि नगर निगम, लखनऊ द्वारा जर्जर भवन को लेकर पूर्व में जारी नोटिस के बावजूद उन्होंने अब तक कोई उचित सुधारात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की।

### राम मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने की कोशिश, हिरासत में लिया गया शख्स

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के जनपद अयोध्या के राम जन्म भूमि मंदिर परिसर से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। व्यक्ति नमाज पढ़ने की कोशिश कर रहा था। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पकड़े गए व्यक्ति की पहचान कश्मीर निवासी अहमद शेख के रूप हुई है। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे रोको तो वह कथित तौर पर संप्रदाय विशेष के नारे लगाने लगा, जिसके बाद मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया। हालांकि, इस मामले पर जिला प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## सीएम डैशबोर्ड की दिसंबर रैंकिंग में बरेली अव्वल

**▸ विकास व राजस्व में लखीमपुर-शाहजहांपुर द्वितीय व चौथे नंबर पर सोनभद्र**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की दिसंबर माह की रैंकिंग जारी की गयी है। डेवलपमेंट और रेवन्यू में बरेली ने प्रथम, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर ने बराबर अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि चौथा स्थान सोनभद्र ने प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग प्रदेश भर के जिलों में होने वाले आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जारी की जाती है। जिलाधिकारी बरेली ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जिले में प्राथमिकता के आधार पर आधारभूत सुविधाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।

योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए जिले के अधिकारियों के साथ बैठक के साथ मॉनीटरिंग की जाती है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की दिसंबर माह की रैंकिंग में बरेली ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिले ने डेवलपमेंट और रेवन्यू के मामले में 10 अंकों में से 9.27 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है।

**लखनऊ मंडल में आईजीआरएस रैंकिंग में लगातार चार माह से लखीमपुर खीरी पहले स्थान पर। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण, जनसुनवाई और ऑनलाइन फीडबैक की कड़ी निगरानी ने लखीमपुरी खीरी को लखनऊ मंडल में बना दिया अव्वल**

## इंडिया वन एयर का नौ सीटर विमान तकनीकी खराबी के बाद हुआ क्रैश

**▸ मेडे कॉल के बाद खुले मैदान में लैंडिंग, चार यात्री व दो पायलट घायल**

एजेंसी

**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला में इंडिया वन एयर के 9 सीटर विमान की तकनीकी खराबी के बाद फोर्स लैंडिंग हुई। घटना शनिवार दोपहर 1.20 बजे राउरकेला से 15 किमी दूर जाल्दा इलाके की है। घटना के वक्त विमान में 4 यात्री और दो पायलट मौजूद थे। सभी घायलों का इलाज जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि कर्मशिअल विमान VT KSS ने दोपहर 12.27 से भुवनेश्वनर से राउरकेला के लिए उड़ान भरी थी। 50 मिनट की उड़ान के बाद विमान में तकनीकी खराबी का पता चला। पायलट ने MAYDAY कॉल किया। इसके बाद खुले इलाके में फोर्स लैंडिंग कराई। हादसे की मुख्य वजह साफ नहीं है। विमान का ब्लैक बॉक्स रिकवर किया जा रहा है। वहीं, क्रैश की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि VT KSS प्लेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। उसके विंग्स भी क्षतिग्रस्त हैं।

### गोयल ने ब्रुसेल्स यूरोपीय संघ के साथ की उच्चस्तरीय व्यापार समझौता वार्ता

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर ब्रुसेल्स में दो दिन की बातचीत एक आधुनिक, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता शीघ्र संपन्न करने पर दोनों पक्षों की ओर से नए सिरे से दृढ़ संकल्प व्यक्त करने के साथ सम्पन्न हुई है। वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में श्री गोयल की इस यात्रा समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया है।

## युद्ध इच्छाशक्ति से जीते जाते हैं, हथियारों से नहीं

**▸ एनएसए ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का किया उद्घाटन**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि युद्ध केवल हथियारों और संसाधनों से नहीं जीते जाते, बल्कि राष्ट्र की इच्छाशक्ति और मनोबल से जीते जाते हैं। हम साइकोपैथ नहीं हैं जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष मिले। लड़ाइयां इसके लिए नहीं लड़ी जातीं, बल्कि किसी देश का मनोबल तोड़ने और उसे हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करने के लिए लड़ी जाती हैं।

डोभाल ने यहां आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इच्छाशक्ति ही राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है और युवाओं को इसे मजबूत करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि निर्णय लेने की क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण है और किसी भी कदम से पहले दो कदम आगे की सोच रखनी चाहिए। सपने दिशा देते हैं लेकिन उन्हें निर्णय और फिर क्रियान्वयन में बदलना सफलता दिलाता है।

### हमारी सभ्यता हमेशा रही विकसित

एनएसए ने कहा कि वे पराधीन भारत में पैदा हुए थे जबकि आज के युवा स्वतंत्र भारत में जन्मे हैं। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने फांसी का सामना किया, सुभाष चंद्र बोस ने जीवनभर संघर्ष किया और महात्मा गांधी ने सत्याग्रह का मार्ग अपनाया। हमारी सभ्यता हमेशा विकसित रही है, हमने कभी किसी के मंदिर नहीं तोड़े, किसी पर आक्रमण नहीं किया और न ही लूटपाट का लेकिन अपनी सुरक्षा को लेकर हम उदासीन रहे और यही हमारी सबसे बड़ी कमजोरी रही।

### आत्मनिर्भर भारत के लिए उत्पादन, स्वदेशी व स्वभाषा अहम कड़ी : अमित शाह

**जोधपुर/जयपुर।** जोधपुर के मारवाड़ कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय 'माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन' के दूसरे दिन शनिवार को आस्था, उद्यमिता और राष्ट्रभक्ति का भव्य संगम देखने को मिला। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों माहेश्वरी समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बना दिया। महासम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित कई केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय नेता शामिल हुए।

## चीन-ताइवान-पाक-नेपाल नेटवर्क से संचालित हो रहा अंतरराष्ट्रीय साइबर सिंडिकेट ध्वस्त

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने विदेश से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर लोगों को डराकर 'डिजिटल अरेस्ट' करता था। इस गिरोह ने अब तक देशभर में हजारों लोगों को निशाना बनाकर करीब 100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है।

जांच में सामने आया है कि आरोपित खुद को एटीएस अधिकारी बताकर लोगों को पहलगाम और दिल्ली ब्लास्ट जैसे आतंकी मामलों से जोड़ने की धमकी देते थे और तत्काल गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे ऐंठते थे। आईएफएसओ के पुलिस उपायुक्त विनीत कुमार ने बताया किजांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह सिम बॉक्स तकनीक का इस्तेमाल कर विदेश से आने वाली कॉल्स को भारतीय नंबरों में बदल देता था। कॉल्स को जानबूझकर 2जी नेटवर्क के जरिए रूट किया जाता था, ताकि लोकेशन ट्रेस न हो सके। एक ही नंबर दिन में अलग-अलग शहरों से चलता दिखाई देता था, जिससे जांच एजेंसियां भ्रमित हो जाती थीं।

सिमबॉक्स के आईएमईआई नंबर बार-बार बदले जाते थे, जिनमें पाकिस्तानी मूल के आईएमईआई नंबरों का इस्तेमाल किया गया। इससे यह मामला सिर्फ साइबर ठगी नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर खतरा बन गया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार लगातार तकनीकी निगरानी के बाद स्पेशल सेल ने दिल्ली के गोयला डेयरी, कुतुब विहार, दीनपुर और शाहाबाद डेयरी में सिमबॉक्स ठिकानों का पता लगाकर छापेमारी की।

**चिंताजनक** | बजट का बड़ा हिस्सा निगल रहीं मुफ्त अनाज, लाडली बहना, रोजगार के लिए महिलाओं को कर्ज जैसी कई योजनाएं

## मुफ्त की रेवड़ियों के चलते कर्ज के जाल में उलझ रहीं सरकारें

आर.बी.सिंह

**लखनऊ।** केंद्र लगात राज्य सरकारें मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के चलते कर्ज की जाल में उलझ रही हैं। केंद्र सरकार पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। इन मुफ्त की योजनाओं को आगे भी जारी रखने के लिए केंद्र सरकार इस साल 27 लाख करोड़ कर्ज उठायेगी।

देश भर में मुफ्त अनाज, लाडली बहना, बेरोजगार युवाओं, रोजगार के लिए महिलाओं को कर्ज जैसी रेवड़ी योजनायें ही बजट का बड़ा हिस्सा निगल रही है। सनद रहे 11 साल पहले केंद्र सरकार पर जहां 55 लाख करोड़ का कर्ज था, वहीं अब बढ़कर 200 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है। सरकार ने इसमें बड़ा कर्ज वर्ल्ड बैंक से उठा रखा है और उसका ब्याज सरकार को डॉलर में चुकाना पड़ रहा है। चूंकि इस समय रुपया 90 रुपए प्रति डॉलर पर पहुंच गया है जो कर्ज को बड़ी मार दे रहा है। वहीं अब राज्य सरकारों पर भी कर्ज उठाने की सीमा तय करते हुए केंद्र सरकार बंदिश लगाने पर बड़ा निर्णय लेने जा रही है। क्योंकि इससे कई राज्यों का कुल राजस्व कर्ज, ब्याज और वेतन देने में ही खर्च हो जा रहा है। सरकार मुफ्त रेवड़ियों वाली योजनाओं को बंद करे तो देश और प्रदेशों को कर्ज लेने से मुक्ति मिलना लाजिमी है।



### सरकारें कर्ज चुकाने के लिए और ज्यादा कर्ज लेने की तैयारी में

24 दिन बाद आने वाले बजट में केंद्र सरकार कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए भी नया कर्ज उठा रही है, जो लगभग 15 लाख करोड़ रूपये से अधिक का होगा। इस तरह केंद्र और राज्य मिलकर इस साल के वित्तीय कार्यक्रम में कुल 27 लाख करोड़ रूपये का कर्ज उठाकर अपनी प्रस्तावित योजनायें चलाएंगे। इससे साबित होता है कि अब सरकारें अपने कर्ज चुकाने के लिए भी और ज्यादा कर्ज उठाने की तैयारी में हैं। जबकि राज्य सरकारों को पहले से ही महंगी ब्याज दरों पर कर्ज उठाना पड़ रहा है, जो अब 8 प्रतिशत से ज्यादा पहुंच चुका है और देश पर कर्ज लगातार बढ़ने के बाद इस साल के बजट में कई योजनाओं पर इसका असर दिखाई देने लगेगा।

### केंद्र पर कर्ज बढ़कर हुआ 200 लाख करोड़ रुपए के पार

वित्त मंत्रालय की जानकारी बता रही है कि जहां केंद्र सरकार पर इस साल कर्ज बढ़कर 200 लाख करोड़ पार कर गया है तो वहीं पहली बार सरकार को लगभग 15 लाख करोड़ रुपए ब्याज की किस्त के रूप में देना होगा। दूसरी ओर राज्य सरकारें भी पहले से ही कर्ज में डूबी हुई हैं। नतीजा अपनी मुफ्त वाली योजनाओं को आगे निर्विघ्न तरीके से जारी रखे रहने के लिए बिना कर्ज लिए अब राज्य सरकारें 10 दिन भी काम नहीं कर सकती हैं। राज्य सरकारें भी महंगे ब्याज पर इस वर्ष 12 लाख करोड़ रूपये के कर्ज उठाने का प्रावधान अपने बजट में कर रही हैं।

# होम स्टे व ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के लिए जागरूकता अभियान चलाएगा यूपी टूरिज्म

## 14 से 30 जनवरी तक प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों वाले शहरों में चलाया जाएगा अभियान, योग्य आवेदकों को तत्काल मिलेगा रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार करने के लिए होम स्टे और ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना पर यूपी टूरिज्म प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान चलाएगा।

यह अभियान 14 से 30 जनवरी तक मुख्य रूप से प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों वाले शहरों में चलाया जाएगा, जिसमें योजना के प्रचार-प्रसार के साथ लंबित प्रस्तावों का परीक्षण कर योग्य आवेदकों को तत्काल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को लखनऊ में दी।

अभियान के तहत 14 से 30 जनवरी के बीच जिलों की पर्यटन विभाग की टीमें स्थानीय लोगों को योजना के लाभों के बारे में जागरूक करेंगी। साथ ही लंबित प्रस्तावों का परीक्षण कर योग्य आवेदकों को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी प्रदान करेंगी। विभाग ने इस अभियान के लिए प्रति जनपद 2 लाख रुपये का बजट आवंटित किया है, जो जागरूकता कार्यक्रमों एवं प्रचार-प्रसार सामग्री पर खर्च किया जाएगा। यह अभियान राज्य के पर्यटन इको सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस जागरूकता अभियान का विशेष लाभ उन लोगों को होगा जो योजना में शामिल होना चाहते हैं लेकिन जानकारी के अभाव में योजना से जुड़ नहीं पा रहे हैं।

### पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के साथ स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

यूपी टूरिज्म की होम स्टे और ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना-2025, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार पर्यटकों को बेहतर और सस्ती सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह योजना एक ओर स्थानीय निवासियों को अपने घरों को ही होम स्टे में बदलने और पर्यटकों को घरेलू भोजन, स्थानीय संस्कृति और व्यक्तिगत देखभाल उपलब्ध कराने की सुविधा देती है। साथ ही पर्यटकों को महंगे होटलों के विकल्प में स्थानीय संस्कृति से समृद्ध आवास और खान-पान की सुविधा प्रदान करती है।

इससे पर्यटकों को एक अनोखा सांस्कृतिक अनुभव मिलता है, जबकि स्थानीय परिवारों को अतिरिक्त आय का स्रोत उपलब्ध होता है। योजना विशेष रूप से पर्यटन की अधिक संभावना वाले जनपदों जैसे मथुरा, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज और अयोध्या पर केंद्रित है। यही नहीं, प्रयागराज में महाकुंभ, अयोध्या दीपोत्सव और मथुरा रंगोत्सव जैसे आयोजनों के समय पर्यटन विभाग के लिए यह योजना विशेष रूप से लाभदायक साबित होती है।

# बीजेपी सरकार ने आशा वर्कर से की वादाखिलाफी : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लंबित मांगों को लेकर आशा वर्कर्स लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। आशा वर्कर अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन कर रही है, ज्ञापन दे रही हैं।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनका समर्थन करते हुए सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार वादाखिलाफी कर रही है और आशा बहनों को नीचा दिखाने के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रही है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, भाजपा सरकार ने आशा वर्कर्स से किया कोई वादा पूरा नहीं किया है, इसी कारण आशा बहनों के बीच निराशा और गुस्सा फैला हुआ है। ऊपर से वादाखिलाफी करनेवाली भाजपा सरकार शासन और प्रशासन दोनों ही आशा बहनों को नीचा दिखाने के लिए जब गलत और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो ये क्रोध, आक्रोश में बदल जाता है।

## खबरें एक नजर में

### युवक-युवती ट्रेन के आगे कूदे, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में युवक-युवती ट्रेन के आगे कूद गए। घटना तालकटोरा थाना क्षेत्र में पारा क्रॉसिंग के पास शनिवार दोपहर पौने 2 बजे हुई। मृतक की पहचान निशातगंज न्यू हैदराबाद बैरल नंबर 7 बल्दा कॉलोनी के रहने वाले सूर्यकांत (40) के रूप में हुई। वहीं युवती की पहचान अर्जुन गंज शाह खेड़ा गांव की रहने वाली दीपाली (25) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शी विकास कुमार ने बताया युवक युवती पारा क्रासिंग के पास करीब ढाई घंटे से टहल रहे थे। एक बजकर 45 मिनट पर वंदे भारत ट्रेन गुजरी। अचानक युवक-युवती सामने से आती ट्रेन के आगे ट्रैक पर लेट गए। लोगों ने आवाज लगाई तब तक ट्रेन उनके ऊपर से गुजर गई। इससे युवती का सिर धड़ से अलग हो गया, जबकि युवक के दोनों हाथ कट गए। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एडीसीपी धनंजय कुशवाहा ने बताया कि युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट तीन दिन पहले परिजनों ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। युवती के पास से एक मोबाइल बरामद हुआ है। युवक के पास से 2 मोबाइल आधार कार्ड और दूसरे दस्तावेज मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जल्दबाजी में संशोधन बिल पारित हुआ तो होगी हड़ताल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि पॉवर सेक्टर का निजीकरण करने के लिए जल्दबाजी में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 संसद में पारित कराने की कोई भी कोशिश हुई तो देशभर के तमाम बिजली इंजीनियर 27 लाख बिजली कर्मियों के साथ हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने केंद्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल को पत्र भेज कर मांग की है कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 पर स्टेक होल्डर्स से चर्चा करने के पहले संसद की ऊर्जा मामलों की स्टैंडिंग कमेटी द्वारा अमेंडमेंट बिल 2025 पर सुझाए गए नए ड्राफ्ट की प्रतिलिपि सभी स्टेक होल्डर्स को उपलब्ध कराई जाए। फेडरेशन ने भेजे गए पत्र में स्टैंडिंग कमेटी के माननीय सदस्यों की सूची भी मांगी है। साथ ही यह भी मांग की है कि स्टैंडिंग कमेटी द्वारा सुझाए गए ड्राफ्ट पर कमेंट्स देने के लिए कम से कम 31 मार्च तक का समय दिया जाय। शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि यह जानकारी मिली है कि संसद की ऊर्जा मामलों की स्टैंडिंग कमेटी ने 09 अक्टूबर 2025 को विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी किए गए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 पर अपनी टिप्पणी दी है और नया ड्राफ्ट प्रस्तावित किया है।

### तीन लाख से अधिक चेक मीटर लेकिन मिलान एक का नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की स्थापना और संचालन को लेकर गंभीर गंभीर सवाल सामने आई हैं। पूरे प्रदेश में अब तक लगभग 56 लाख 82 हजार 784 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। उपभोक्ताओं के विश्वास को बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार 5 प्रतिशत तक चेक मीटर लगाए जाने थे, लेकिन उत्तर प्रदेश में इस आदेश का समुचित अनुपालन नहीं किया गया। उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाया है कि जब पावर कारपोरेशन तीन लाख से अधिक चेक मीटर लगा चुका है तो चेक रिपोर्ट कहा है। पावर कारपोरेश के अनुसार विभिन्न वितरण निगमों में स्थापित चेक मीटरों की स्थिति इस प्रकार बताई गई है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम 1,33,614, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम 78,205, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम 1,15,854, केस्को, कानपुर 3,027 और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम 45,896 यानि कुल 3,76,596 चेक मीटर ही लगाए गए हैं।

### कमता चौराहे पर कदम-कदम चलीं गाड़ियां, लगा जाम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कमता चौराहे पर गाड़ियां कदम-कदम चल रही हैं। यहां जाम की स्थिति है। अयोध्या रोड पर पॉलिटेक्निक चौराहे से लेकर कमता तक गाड़ियों की 4 कतारें लगी हुई हैं। ट्रैफिक का जबरदस्त दबाव बढ़ा हुआ है। शनिवार सुबह गोमतीनगर क्षेत्र में सुषमा हॉस्पिटल, कामता तिराहा और पॉलिटेक्निक चौराहे के पास भीषण ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिली। इसकी वजह से हाईकोर्ट और अवध बस डिपो की ओर जाने वाले यात्रियों को सबसे अधिक दिक्कतें हुईं।

### लखनऊ में 'समरस मैराथन' आज, पर्यटन मंत्री करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वावधान में 'समरस मैराथन' का आयोजन 11 जनवरी को लखनऊ में किया जा रहा है। मैराथन राष्ट्रीय युवा दिवस पर हो रही है और स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह झंडी दिखाकर समरस मैराथन का शुभारंभ करेंगे। यह 5 किमी की मैराथन दौड़ होगी, जिसमें देशभर से पुरुष एवं महिला धावक प्रतिभाग करेंगे। मैराथन की रिपोर्टिंग सुबह 6 बजे से होगी, जबकि दौड़ सुबह 7 बजे प्रारंभ की जाएगी। आयोजन स्थल कुड़ियाघाट ग्रीन कॉरिडोर रोड घंटाघर लखनऊ निर्धारित किया गया है।इस अवसर पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक क्ले खोंगसई, पद्मश्री सुधा सिंह विश्वजीत श्रीवास्तव उपायुक्त, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट तथा कार्यक्रम अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा उपस्थित रहेंगे।

### अब ग्राम सभा तय करेगी विकास कार्य : शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एवं जौनपुर के प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने कलेक्ट्रेट में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के संबंध में मीडिया से खुलकर बात की। नए अधिनियम को ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश वर्ग के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अधिनियम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। यह निर्णय ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने, पलायन रोकने और स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

## आगरा, वाराणसी और उन्नाव में चार बड़े एसटीपी स्टार्ट, 50 लाख लोगों को होगा फायदा

# अब बिना शोधन के गंगा-यमुना में नहीं जाएगा शहरों का गंदा पानी

**नमामि गंगे मिशन फेज-2 से यूपी के सीवरेज सिस्टम को मिली मजबूती**

समृद्धि न्यूज



सीवर शोधन की परियोजना प्रयागराज नैनी, फाफामऊ, झूंसी, कन्नौज, नरोरा, गढ़ मुक्तेश्वर, अनूपशहर, कानपुर, बिठूर, अयोध्या, मथुरा-वृन्दावन, छाता मथुरा कोसीकला मथुरा, वाराणसी, चुनार, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, कासगंज, इटावा, शुक्लागंज-उन्नाव, सुल्तानपुर, जौनपुर, बागपत, मुजफ्फरनगर, बुड़ाना, लखनऊ, गाजीपुर, मिर्जापुर, बरेली, कैराना, फर्रुखाबाद, मेरठ, देवबंद सहारनपुर, शामली, हापुड़, गोरखपुर, आगरा, गुलावटी बुलंदशहर, पंडित दीन दयाल नगर मुगलसराय-चन्दौली, भदोही, राम नगर, हाथरस, अलीगढ़, डलमऊ रायबरेली मानिकपुर प्रतापगढ़ में संचालित हैं।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गंगा और यमुना सहित प्रमुख नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपशिष्ट जल का शोधन कर नदी प्रदूषण की रोकथाम को लेकर व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है।

अब प्रदेश के शहरों से निकलने वाला गंदा पानी बिना शोधन के नदियों में नहीं जाएगा। नमामि गंगे मिशन फेज-2 के तहत सीवरेज इन्फ्रास्ट्रक्चर को व्यापक स्तर पर सुदृढ़ किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में प्रदेश में चार बड़ी सीवरेज अवसंरचना परियोजनाओं का संचालन शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत आगरा में 31 एमएलडी और 35 एमएलडी के दो बड़े एसटीपी स्टार्ट हुए हैं। 842 करोड़ रुपए की इस परियोजना से लगभग 25 लाख लोगों को फायदा होगा। वहीं, वाराणसी के अस्सी-बीएचयू क्षेत्र में 55 एमएलडी एसटीपी का संचालन किया गया है।

### प्रदेश में सीवर शोधन की 74 परियोजनाएं स्वीकृत

राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक जोगिन्दर सिंह ने बताया कि प्रदेश में सीवर शोधन की 74 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें से 41 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि बाकी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहरी क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट जल का वैज्ञानिक तरीके से शोधन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 152 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित हैं, जो बड़ी मात्रा में सीवेज को शुद्ध कर नदियों में प्रवाहित होने से पहले उसे पर्यावरण के अनुकूल बना रहे हैं। इन संयंत्रों के माध्यम से गंगा-यमुना की स्वच्छता के साथ जनस्वास्थ्य को भी सुरक्षित किया जा रहा है। पीएम के मार्गदर्शन और सीएम के नेतृत्व में संचालित परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नालों के माध्यम से नदियों में पहुंचने वाले अपशिष्ट जल का शोधन कर पूरी तरह से नदी प्रदूषण की रोकथाम करना है।

## भाजपा पार्षद के घर के बाहर गोवंश का सिर मिला

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भाजपा पार्षद के घर के बाहर गोवंश का सिर मिला है। सिर के साथ बॉडी के अन्य हिस्सों का अवशेष भी लगा हुआ था। पार्षद अनूप कमल सक्सेना मेयर और नगर निगम प्रतिनिधिमंडल के साथ गुजरात गए हुए हैं। उन्होंने घटना की जानकारी होने पर कहा कि कोई कुत्ता इसे घसीटकर लाया होगा। घटना शनिवार सुबह की राजाजीपुरम सी-ब्लॉक के शीतला देवी वार्ड की है। पार्षद अनूप कमल की पत्नी सुबह घर के बाहर निकलीं तो उन्हें मृत गोवंश का सिर और अवशेष दिखा। वह डर गईं। उन्होंने तुरंत लौटकर घरवालों को इसकी जानकारी दी और पति को फोन कर बताया। सूचना पर नगर निगम के कर्मी और पुलिस की टीम पहुंची।

# बहन के साथ घर में सो रही चार साल की बच्ची की जलकर मौत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में घर के अंदर जलकर 4 साल की बच्ची की मौत हो गई। वह अपनी 6 साल की बहन के साथ कमरे में सो रही थी। कमरे में ही छोटा मंदिर है। उसमें रखे दीपक से आग पर्दे पर लगी फिर कमरे में भी फैल गई। बड़ी बहन उठकर भाग गई लेकिन 4 साल की बच्ची आग में ही झुलस गई।

दुर्घटना इंदिरानगर थाना क्षेत्र के सुगामऊ हनुमंतपुरम की डूडा कॉलोनी में हुई। यहां सुमित कुमार रहते हैं। वह पत्नी के साथ सब्जी लेने गए तभी उनके घर में हादसा हो गया। सुमित ड्राइवरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। वह कुछ बोलने से पहले ही फफक पड़ते हैं। सुमित ने खुद को संभालते हुए बताया शुक्रवार रात करीब 9 बजे कमरे में आग लग गई। कमरे में दोनों बेटी पंखुड़ी और अविका सो रही थी। आग की लपटें देख पंखुड़ी बाहर भाग गई जबकि छोटी बेटी आग की चपेट में आ गई। पंखुड़ी बाहर निकलकर चिल्लाई। आसपास के लोगों ने इकट्ठा होकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग विकराल रूप ले चुकी थी। धुआं भर जाने के कारण अविका किसी को दिखाई नहीं दी। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने उसे बाहर निकाला। गंभीर हालत में में निजी अस्पताल ले गए।

### ग्राम चौपालों में छह लाख छह हजार से अधिक समस्याओं प्रकरणों का निस्तारण

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,गांव की समस्या-गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# कैशलेस चिकित्सा को गठित समिति की संस्तुति शीघ्र होगी लागू

**अपर मुख्य सचिव का पेंशनर्स को आश्वासन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश के शिष्टमण्डल के साथ अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। अपर मुख्य सचिव द्वारा बैठक में उठाये गये कई बिन्दुओं पर सहमति व्यक्त की गयी। अपर मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा हेतु गठित समिति की संस्तुति शीघ्र लागू होगी।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश पेंशनर्स के आश्रित की आय सीमा में वृद्धि किये जाने, तकनीकी परीक्षण के लिये निर्धारित सीमा 50,000में वृद्धि किये जाने, अपरिहार्यता प्रमाण पत्र हर बार प्रस्तुत न किये जाने पर पुनर्विचार करने, एनपीएस के अन्तर्गत नियुक्त कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के बाद भी चिकित्सा सुविधा अनुमन्य कराये जाने पर सहमति दी गई।

इसके अलावा सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने, विधवा पुत्रबधू को चिकित्सा सुविधा हेतु परिवार की श्रेणी में शामिल किये जाने तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के कियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु गठित समिति की संस्तुति शीघ्र लागू किया जाना शामिल है। उक्त आश्वासन अमित कुमार घोष, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संयुक्त पेंषनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के शिष्टमण्डल के साथ वार्ता में दिया गया।

# रोल मॉडल बनी यूपी की सोलर योजना, अनुसरण कर रहे अन्य राज्य

## सौर ऊर्जा के क्षेत्र में यूपी के काम की अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा मंचों पर गूंज, राज्य बिहार-असम में दे रहा जानकारी

**एक ही दिन 1,868 रूफटॉप सोलर इंस्टॉल कर यूपी ने रचा विश्व रिकॉर्ड**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में ऐसा इतिहास रचा है, जिसकी गूंज न केवल पूरे देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा मंचों पर भी सुनाई दे रही है।

प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजनाअंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश ने रूफटॉप सोलर ऊर्जा को जनआंदोलन का रूप दे दिया है।यूपी का सोलर मॉडल आज अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बन गया है। इसकी कार्यप्रणाली का अध्ययन कर कई राज्य अपने यहां इसी तर्ज पर व्यवस्था लागू कर रहे हैं। बिहार और असम की मांग पर प्रदेश के सोलर एक्सपर्ट उनके यहां जाकर उन्हें यूपी के सोलर मॉडल की जानकारी दे रहे हैं।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण यूपीनेडा के एमडी एवं निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बिहार और असम को यूपी के सोलर मॉडल पर प्रशिक्षण एवं प्रस्तुतीकरण भी दिया गया है। कई अन्य राज्यों ने भी यूपी के सोलर मॉडल का अध्ययन करने की इच्छा जाहिर की है। यह उत्पादन कई मध्यम आकार के ताप विद्युत संयंत्रों के बराबर है। 30-35 लाख शहरी परिवारों की वार्षिक विद्युत आपूर्ति की जा सकती है। यदि 6.5 रुपये प्रति यूनिट की दर से आकलन किया जाए तो उपभोक्ताओं को हर वर्ष 1,225.63 करोड़ रुपये से अधिक की सामूहिक बचत हो रही है।

### दिसंबर 2025 में यूपी ने रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना में बनाया नया कीर्तिमान

उत्तर प्रदेश में गांव-शहर की छतों पर चमकते सोलर पैनल केवल बिजली नहीं पैदा कर रहे, बल्कि नई उम्मीद, नई अर्थव्यवस्था और नया हरित उत्तर प्रदेश गढ़ रहे हैं। प्रदेश में रूफटाप सोलर संयत्र के लिए 10,43,102 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 3,34,084 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। 1,148.56 मेगावॉट की सोलर क्षमता विकसित होने से प्रदेश ने ऊर्जा स्वावलंबन की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार द्वारा 2,285.46 करोड़ रुपये सब्सिडी और राज्य सरकार द्वारा 600 करोड़ रुपये अतिरिक्त सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई है। दिसंबर 2025 में उत्तर प्रदेश ने रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना में नया कीर्तिमान स्थापित किया। महीने भर में 31,165 रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए गए, जिससे यूपी ने देश में दूसरा स्थान हासिल किया। एक ही दिन में 1,868 इंस्टॉलेशन कर प्रदेश ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह उपलब्धि तब दर्ज की गई जब अधिकांश क्षेत्रों में घना कोहरा, कड़ाके की ठंड सीमित कार्य घंटे जैसी प्रतिकूल परिस्थितियां थीं। ऊर्जा विशेषज्ञों का आंकलन है कि स्थापित रूफटॉप सोलर क्षमता से प्रतिवर्ष 188 करोड़ यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली का उत्पादन हो रहा है।

# गांजा तस्कर गिरफ्तार, एनसीबी ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से 221 किलो गांजा किया जब्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) लखनऊ जोनल यूनिट ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर स्थित महुआ टोल प्लाजा के पास एक फोर्स ट्रैवलर गाड़ी से 221 किलो गांजा जब्त किया। एनसीबी की इस कार्रवाई में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के रहने वाले 41 वर्षीय विजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

एनसीबी अधिकारियों के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि यह भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बिहार से लाया जा रहा था और इसे अंबाला, हरियाणा पहुंचाया जाना था। गाड़ी की तलाशी के दौरान गांजे की खेप सीलबंद पैकेटों में छिपाकर रखी गई थी।

टीम ने मौके पर ही पंचनामा करने के बाद गांजा के साथ में वाहन को भी कब्जे में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। ताकि तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सप्लायरों तक पहुंचा जा सके। एनसीबी की टीम ने कहा है कि नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। फिलहाल एजेंसी ने बरामद गांजे को सबूत के रूप में सुरक्षित किया है और मामले की छानबीन चल रही है। एनसीबी लखनऊ जोनल यूनिट के अधिकारी आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े और बड़े नामों के खुलासे की संभावना जता रहे हैं।

# विकास योजनाओं की प्रगति में किसी भी स्तर पर न हो लापरवाही : एके शर्मा

समृद्धि न्यूज

**रैन बसेरों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश**

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा जनपद जौनपुर के प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने पुलिस लाइन सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक की। बैठक का उद्देश्य जनपद में संचालित विकासपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी विकास योजनाएं आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। रैन बसेरों की व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए कि जनपद के सभी रैन बसेरों में साफ-सफाई, पर्याप्त कंबल, प्रकाश, पेयजल, शौचालय एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। खुले में कोई भी व्यक्ति न सोए, इसके लिए नगर निकायों, पुलिस एवं संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर निरंतर अभियान चलाया जाए। निकायों में पर्याप्त आलाव जलाने का निर्देश दिया।

**प्रतियोगिता**

## 1.09 लाख पंजीकरण के साथ यूपी बना इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता का अग्रणी राज्य

# हर प्रतिभा को अवसर और पहचान देना योगी सरकार की प्राथमिकता : कपिल देव

**12 से 23 जनवरी तक 20 स्किल्स में होंगे मुकाबले, पुरस्कार वितरण 24 जनवरी को**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को कौशल से सफलता की ओर, हर प्रतिभा को मिले अवसर और पहचान के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्किल्स कम्पटीशन का आयोजन के सफल संचालन हेतु ग्राउंड लेवल पर विभागीय टीमें पूर्ण उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं ताकि प्रतियोगिता सहज, पारदर्शी प्रभावशाली हो। इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के लिए प्रदेश में109249 अभ्यर्थियों नेपंजीकरण कराया है जो देश में सर्वाधिक है। जनपद और मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन पूर्ण हो चुका है।

अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता युवाओं में आत्मविश्वास, व्यावसायिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा, जिससे उन्हें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि राज्य स्तरीय स्किल्स कम्पटीशन 12, 13, 19, 20, 22 एवं 23 जनवरी को किया जाएगा जबकि 24 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा।

### इन 20 स्किल्स में आयोजित होगी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता 20 स्किल्स में की जा रही है, जिनमें एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, वेल्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन टेक्नोलॉजी, सीएनसी मिलिंग, सीएनसी टर्निंग, ऑटोबॉडी रिपेयर, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, आईसीटी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर, सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन डेवलपमेंट, वेब टेक्नोलॉजी, ब्यूटी थेरेपी, हेयर ड्रेसिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशंस, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, प्लंबिंग एंड हीटिंग, ब्रिकलाइंग तथा हेल्थ एंड सोशल केयर शामिल हैं। प्रतियोगिता आईटीआई अलीगंज आईटीआई मोहनलालगंज आईटीओटी, रेमंड सेंटर, राजकीय पॉलिटेक्निक, आईटीआई चारबाग, पॉलिटेक्निक महिला, सीआईपीईटी सहित विभिन्न संस्थानों में की जा रही है। प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण में प्रतिभागियों की कौशल दक्षता, नवीनता, रचनात्मक सोच और प्रदर्शन क्षमता का सूक्ष्म एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किया जा रहा है।

# बाल शिशु गृह, बाल मित्र केन्द्र व मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन

- एसपी राजेश द्विवेदी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

जलालाबाद, शाहजहाँपुर। जनपद में महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शनिवार को थाना जलालाबाद में नवनिर्मित बाल शिशु गृह, बाल मित्र केन्द्र एवं मिशन शक्ति केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भाँवरे, अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार सहित जनपद सभी क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे। एसपी ने थाना परिसर का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जनसुलभ व्यवहार पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी राजेश द्विवेदी ने अभिलेखों, मालखाना, हवालात, महिला हेल्पडेस्क, सीसीटीवी व्यवस्था, बीट सूचना प्रणाली और साफ-सफाई का गहन परीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि आमजन के साथ संवेदनशील, विनम्र और त्वरित व्यवहार ही आधुनिक पुलिस व्यवस्था की पहचान है। उन्होंने कहा कि कानून के साथ-साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाना समय की आवश्यकता है।



उद्घाटित बाल शिशु गृह को असहाय, परित्यक्त एवं संकटग्रस्त बच्चों के लिए सुरक्षित आश्रय बताया गया, जहां उन्हें भोजन, प्राथमिक उपचार और संरक्षण की सुविधा मिलेगी।

वहीं बाल मित्र केन्द्र बच्चों से जुड़े मामलों में बाल हितैषी वातावरण प्रदान करेगा तथा किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप संवाद और परामर्श का केंद्र बनेगा। मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से महिलाओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण, परामर्श और जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। एसपी राजेश द्विवेदी ने कहा कि ये तीनों केंद्र महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन केंद्रों की नियमित समीक्षा हो और इनका संचालन पूरी संवेदनशीलता के साथ किया जाए, ताकि पीड़ितों को बिना भय के न्याय मिल सके। इस पूरे अभियान में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर की अहम भूमिका रही जिसकी की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

एसपी ने कहा कि इंस्पेक्टर राजीव तोमर के कार्यकाल में थाना जलालाबाद में सभी कार्य शासन की मंशानुरूप, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से किए जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और जनता का पुलिस पर विश्वास बढ़ा है। यह पहल जनपद में संवेदनशील और आधुनिक पुलिसिंग की मिसाल बनकर सामने आई है।

# शाहजहांपुर कैंटोनमेंट में पैरासेलिंग साहसिक गतिविधियों का समापन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। 25 यूपी बटालियन एनसीसी के द्वारा शाहजहांपुर कैंटोनमेंट में एनसीसी के कैडेट्स के लिए पैरासेलिंग साहसिक गतिविधियों का आयोजन 6 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक किया गया। कर्नल संग्राम सिंह चीमा, कमान अधिकारी ने बताया यह एन सी सी के कैडेट्स के लिए एक अभूतपूर्व अनुभव है और इस प्रकार की गतिविधियां कैडेट्स के मानसिक और शारीरिक विकास में नये आयाम जोड़ती है। शनिवार को इस गतिविधि का निरिक्षण करने के लिए कर्नल विकास कटोच, डिप्टी कमांडर बरेली ग्रुप शामिल हुए द्य उन्होंने बताया इस प्रकार की गतिविधियां एन सी सी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और हमारा प्रयास रहेगा आगे भी कैडेट्स के लिए इस प्रकार की गतिविधियां करवाते रहें। पिछले 10 दिनों में एन सी सी के कुल 800 कैडेट्स ने पैरासेलिंग का यह अभूतपूर्व अनुभव प्राप्त किया। इसमें बरेली ग्रुप के अंतर्गत आने वाले शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली और मुरादाबाद जिलों के कैडेट्स शामिल हुए। यह पूरा कार्यक्रम कर्नल आनंद शर्मा, 25 यू पी बटालियन के देख रेख में चला। इन गतिविधियों के मुख्य इंचार्ज रबिन्द्र कुमार भूयन, डायरेक्टर नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन,ओड़िशा हैं। इस दौरान 25 यूपी बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर सुनील रावत, सूबेदार गुलशन सिंह, सूबेदार दलजिंदर सिंह भी वहां पर उपस्थित रहे।



# सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जनपद में बढ़ती कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने विधानसभा पुवायां क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम महमदपुर सैजनिया में जे.एस. फिलिंग स्टेशन पर विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता कर क्षेत्र के सैकड़ों असहाय, वृद्ध और जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस भीषण ठंड में कोई भी गरीब खुले आसमान के नीचे बिना साधन के न रहे, यह हमारी प्राथमिकता है। सरकार और प्रशासन हर संभव मदद कर रहे हैं, लेकिन एक जन प्रतिनिधि होने के नाते मेरा कर्तव्य है कि मैं सीधे अपने क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में खड़ा रहूँ।

ठंड के इस मौसम में गरीब और वंचित वर्गों की मदद करना हम सभी का दायित्व है। जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची राजनीति और जनसेवा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और उन्होंने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जोधवीर सिंह, विचित्र सिंह, सतनाम सिंह, सतकार सिंह, मनमोहन सिंह, बलवीर सिंह, ओमप्रकाश राठौर, जगजीत सिंह, साहब सिंह, सुरेश चंद्र मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पिता के कालकल्वित होते ही लिया बेटे ने जन्म

तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

- शादी के पांच साल बाद हुआ नवजात का जन्म
- अस्पताल लाने के दौरान सड़क हादसे में थम गई मनोज की सांसे

शादी के पांच साल बाद विवाहिता ने एक निजी हॉस्पिटल में बड़े ऑपरेशन से बेटे को जन्म दिया। वहीं दुखद दुर्योग यह रहा कि बेटे के जन्म की घड़ी में ही पिता एक सड़क हादसे में कालकल्वित हो गया।

कुदरत का यह दुखद मंजर क्षेत्र के गांव रोशनपुर निवासी अभागे सेवाराम कश्यप के जीवन में उस समय आया जब परिवार में सबकुछ ठीक ठाक चल रहा था।

हुआ यूं कि सेवाराम के तीन बेटों रमेशचंद्र , मनोज व रामवीर में से मझले बेटे मनोज कश्यप 27 की पत्नी सरस्वती शादी के पांच साल बाद मां बनने बाली थी । शुक्रवार को प्रसव पीड़ा होने पर मनोज अपनी पत्नी को परिजनों के साथ शाहजहांपुर अस्पताल ले गया। जहां सीजर से बालक का जन्म कराने तथा जच्चा बच्चा की गारंटी न लेने की बात कहे जाने पर परिवार ने तिलहर के एक निजी अस्पताल में प्रसव कराने की राय कायम की।

देर रात मनोज ने किराए की एक ओमिनी बैन लेकर उसमें पत्नी सरस्वती , सगी भाभी व अन्य महिलाओं के साथ तिलहर रवाना कर पीछे से मनोज अपनी बाइक से तथा उसका बड़ा भाई रमेश चंद्र दूसरी बाइक से चल दिए। घने कोहरे में ओमिनी बैन आगे निकल गई । जबकि ओमिनी के पीछे मनोज के भाई की बाइक थी। सबसे पीछे मनोज की बाइक थी। लेकिन कोहरे में कोई किसी को दिखाई नहीं दे रहा था।





रात करीब साढ़े ग्यारह बजे हाइवे पर खानपुर क्षेत्र के साईं पेट्रोल पंप के समीप अचानक तेज आवाज सुन मनोज के बड़े भाई रमेश चंद्र ने बाइक को रोककर पीछे देखा। लेकिन विजिबिलिटी बेहद कम होने के कारण कुछ दिखाई नहीं दिया। कुछ देर बाद तक जब मनोज की बाइक नहीं आई तो वह चिंतित हो पीछे लौट पड़ा। मनोज की बाइक के परखच्चे उड़े और उसे लहूलुहान देख वह चीख पड़ा । सूचना पर तत्काल नगरिया मोड़ चौकी के एसआई अनुज चौधरी , एसआई जेपी सिंह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक मनोज की सांसे थम चुकी थी। एसआई अनुज चौधरी ने बताया कि मनोज कश्यप की किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से मौत हो गई।

उधर बैन इस दौरान तिलहर के एक निजी अस्पताल पहुंच चुकी थी। और साथ में आए लोगों से औपचारिकता पूरी कर प्रसव पीड़िता की स्थिति नाजुक देखने डॉक्टर ने सीजर कर बच्चे को जन्म दिलाया । लेकिन तब किसी को मनोज की मौत की खबर नहीं थी। इस मनहूस खबर के पहुंचे ही दादा बन चुके सेवाराम अपने बेटे के कालकल्वित होने पर फफक पड़े। जबकि प्रसूता सरस्वती की हालत को नाजुक देखते हुए डॉक्टर के मशविरे पर यह दुखद खबर नहीं दी गई। प्रसूता सरस्वती के मायके खुदागंज के बामिहाना गांव से परिजन भी इस भीषण दुख की खबर सुन रोशनपुर पहुंच गए।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जहां ढोलक की थाप पर मंगल गीत गाए जाने थे। उस घर में मौत की खबर से सन्नाटे को माता पिता की चीत्कार चीर रहीं थीं । इस मंजर को देख हर शख्स की आंख नम हो गई। इस दुखद घटना से क्षेत्र और पूरा गांव शोक में डूब गया।

## खबरें एक नजर में

### सिख समुदाय के लोगों ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का किया स्वागत



समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर। राजीव चौक पर लगने वाली जाम की समस्या को लेकर ट्रैफिक पुलिस के कार्यों को लेकर सिख समाज व अन्य लोगों ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर पुलिसकर्मियों का सम्मान किया। साथ ही सिख समाज के लोगों ने कहा कड़ाके की ठंड में जनता की हिफाजत की और जनता को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। शनिवार को सिख समाज के लोगों ने राजीव चौक पर एकत्रित होकर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही गुरुमीत सिंह ने बताया कि जब से पुवायां राजीव चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई तब से चौक पर होने बाली दुर्घटनाओं से निजात मिली है। ट्रैफिक पुलिस अपनी पूरी ईमानदारी से कड़ाके की ठंड में भी राजीव चौक पर खड़े होकर अपनी ड्यूटी ईमानदारी से करते है क्योकि इससे पहले चौक पर स्कूलों की छुट्टी के समय भीषण जाम लग जाता था। जिसके कारण बच्चे घण्टो जाम में फंसे रहते है। इस बीच तमाम लोगों ने अपनी अच्छी प्रतिक्रिया जाहिर की। गुरमीत सिंह सोनू, शमशेर सिंह, अंशदीप सिंह, गुरदयाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, नीरज कश्यप, नुमान खान, हरदिन खान, अनिक गुप्ता, रंजीत सिंह राना, पप्पू, अंशु, अरस अंसारी रहे।

### सड़क किनारे खेल रहे बालक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज। गांव चुरहा निवासी रामपाल का 9 वर्षीय पुत्र अनुराग सड़क किनारे खेल रहा था। खेलते समय किसी अज्ञात वाहन चालक ने बालक को टक्कर मार दी। लेकिन मौके पर कोई नही था जिसका फायदा बाइक चालक ने उठाते हुए मौके से वाहन लेकर भाग निकला। जब ग्रामीणों ने बालक को सड़क किनारे घायल अवस्था मे पड़ा देखा उसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजनों ने एम्बुलेंस बुलाई ओर घायल अनुराग को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां लेकर आए। फिलहाल सीएचसी में डॉक्टर घायल का इलाज कर रहे है।

### आज भी बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति एक लाख लोग होंगे प्रभावित

तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज। नगर के निर्माणाधीन 132 केवी अल्ट्राटेक लाइन के निर्माण के चलते 132 केवी शाहजहाँपुर (220 )तिलहर लाइन एवं 132 केवी दातागंज (220)-तिलहर लाइन का शटडाऊन 11 जनवरी को प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक प्रस्तावित है। उक्त शटाडाऊन अवधि में 132 केवी उपकेन्द्र , तिलहर से पोषित समस्त शहरी एवं ग्रामीण फीडरों की विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। यह जानकारी एसडीओ कैलाश यादव ने देते हुए बताया कि बाधित अवधि में उपभोक्ता संयम बनाये रखें। बता दें कि शनिवार को ।भी इसी कार्य के चलते सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रही थी। एसडीओ श्री यादव ने बताया कि रविवार को 33 केवी उपकेन्द्र मदना पुर, जैतीपुर, कटरा, कटरा शहर, तिलहर शहर, तिलहर ग्रामीण, खुदागंज शहर, खुदागंज ग्रामीण, बंथरा, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज, वृंदावन , एएमपी सोलर पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। जिससे करीब एक लाख लोग प्रभावित होंगे।

### जान से मारने की नीयत से युवक के सर पर मारी लाठी, रिपोर्ट दर्ज

समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। क्षेत्र के गांव रमापुर उत्तरी में मामूली विवाद में युवक पर डंडे से प्रहार कर दिया जिससे उसका सर फट गया। थाना क्षेत्र के गांव रमापुर उत्तरी निवासी जितेन्द्र पुत्र स्व श्रीकृष्ण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के राहुल, रवि, नेत्रपाल पुत्रगण महेंद्रपाल व रामसेवक पुत्र स्व अयोध्याप्रसाद ने पीड़ित के खेत से डंडे उखाड़कर अपने खेत में लगा लिए। जितेन्द्र उसके खेत से डंडे लेकर चला आया। शुक्रवार शाम चार बजे उक्त सभी लोग एक राय होकर जितेंद्र के खेत पर आए और गंदी गंदी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। तभी पीड़ित की पत्नी पूजा देवी और भाई राजेश बीच करने आए तभी उक्त सभी लोग उनके साथ भी मारपीट करने लगे। रामसेवक ने जितेन्द्र के सर पर जान से मारने की नीयत से लाठी मार दी जिससे जितेन्द्र का सर फट गया। जितेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### कृषि यंत्रों की बुकिंग 21 जनवरी की रात्रि 12 बजे तक : डीडी कृषि

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर। डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि https://agridarshan.up.gov.in पर वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग में संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाई टेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, कृषि ड्रोन, अन्य एकल कृषि यंत्र तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजेन्ट ऑफ काप रेजिड्यू योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर, फसल अवशेष प्रबन्धन के अन्य एकल कृषि यंत्र एवं अन्य योजनाओं के कृषि यंत्र व कृषि रक्षा उपकरण पर अनुदान के लिए कृषकों द्वारा 8 जनवरी से 21 जनवरी की रात्रि 12 बजे तक बुकिंग की जा रही है। किसानों द्वारा विभागीय पोर्टल https://agridarshan.up.gov.in पर उपलब्ध शासनादेश के अनुसार दिए निर्देशों की पात्रता के अनुसार किसान कार्नर के पास यंत्र बुंकिग प्रारम्भ पर जाने के बाद योजना का चयन कर उपलब्धता जांचे पर जाकर रिपोर्ट टाईप में जाकर जिला या ब्लाक स्लेक्ट करते हुये कृषि यंत्रों की बुकिंग कर अनुदान का लाभ उठा सकते है।

# लापता दो वहनों को बरामद करने में पुलिस नाकामयाब, बारह दिन बाद भी नहीं लगा सुराग





समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर। नगर की दो दलित नाबालिग चचेरी तहेरी बहनों के लापता होने के 12 दिन बीत जाने के बाबजूद पुलिस को कोई कामयाबी नहीं मिल सकी है । वहीं दोनों किशोरियों की मां ने उनके न मिलने से खाना पीना तक छोड़ दिया है। गौर तलब है कि बीती 29 दिसंबर को सुबह नौ बजे नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी दलित संतोष की बेटी मधु 14 तथा बड़े भाई किशन की बेटी प्रियांशी घर से जीजीआईसी स्कूल जाने की कहकर घर से निकलीं थीं । जो न स्कूल पहुंची और न ही घर वापस पहुंचीं । परिजनों ने तलाश के बाद पुलिस में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी । उक्त मामले में तत्कालीन कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने सीओ ज्योति यादव के सानिध्य में नगर के तमाम सीसीटीवी कैमरे खंगाले । जिनमें नगर के मुख्य चौराहे स्थित एक दुकान के सीसीटीवी में कैद तस्वीरों में उक्त दोनों किशोरियों के एक ई रिक्शा में बैठकर बाईपास तक जाते देखा गया था। एसपी राजेश द्विवेदी ने किशोरियों की बरामदगी के लिए कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी तुम को भी सक्रिय किया था । लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिल सकी । उक्त मामले में परिजनों की मदद में बसपा जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने समर्थकों के साथ कोतवाली जकड़ नवागत कोतवाल जुगल किशोर पाल से भेंट कर किशोरियों की बरामदगी किए जाने की मांग की थी । जिस पर श्री पाल ने यह कहकर पल्लू झाड़ झाड़ दिया था कि उन्हें तिलहर में ज्वायन किया है । वह लापता किशोरियों को ढूंढने में तत्परता से लगे है । कुल मिलाकर बारह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

# थाना प्रभारी ने सुनी समाधान दिवस में शिकायतें

समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।

थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था।

समाधान दिवस के दौरान पांच शिकायतें प्राप्त हुई जिसमे एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समय में जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी और किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।



थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस जनता और प्रशासन के बीच विश्वास का एक मजबूत माध्यम है, जिससे छोटे बड़े विवादों का समय रहते निस्तारण संभव हो पाता है।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों के अलावा राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पालतू श्वान को छुरी मारकर उतारा मौत के घाट

- मलिक ने मीट विक्रेताओं पर लगाया हत्या का आरोप
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा किया दर्ज

समृद्धि न्यूज, कलान, शाहजहांपुर।

नगर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक पालतू कुतिया की बेरहमी से हत्या करने का आरोप मीट विक्रेताओं पर लगा है। इस घटना के बाद हिंदू संगठनों ने भारी विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

नगर मोहल्ला उल्फत नगर निवासी भूपेंद्र शर्मा ने कलान थाने में दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी एक पालतू कुतिया थी।जिसके अभी 6 छोटे बच्चे हैं। शुक्रवार शाम कुतिया अचानक घर से खुल गई और टहलते हुए बाजार में स्थित एक मीट की दुकान के पास पहुँच गई। आरोप है कि वहां मौजूद मीट विक्रेता वसीम व सलीम ने कुतिया को देखते ही उस पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। हमला इतना भीषण था कि कुतिया के पेट में चाकू लगने से उसकी आंतें बाहर निकल आईं। आरोपी उसे लहूलुहान और मरणासन्न अवस्था में तड़पता छोड़कर मौके से फरार हो गए। कुतिया की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। जैसे ही यह खबर फैली हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में रोष फैल गया। हिन्दू संगठनों के सदस्यों ने थाने पहुंचकर नारेबाजी की। गौ रक्षा प्रमुख,केसरिया हिंदू वाहिनी दुर्गेश तिवारी का कहना है कि बेजुबान जानवर के साथ ऐसी दरिंदगी समाज के लिए कलंक है। विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल) के जिला उपाध्यक्ष अजय बजरंगी ने का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाये। उधर जब इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर दो मीट विक्रेताओं विरुद्ध सतसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। दबिश के दौरान चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।



# दो मासूम बहनों की तालाब में डूबने से मौत

कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

कलान थाना क्षेत्र में दो सगी मासूम बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम हेतु पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

शुक्रवार को कलान के थाना क्षेत्र के ग्राम मालौं निवासी सुरेन्द्र कश्यप की तीन बेटियां काजल(10),पल्लवी (7),व खुशबू(6) खेत से पुआल लेने गयीं थी।बताते हैं कि रास्ते में खुशबू शौच के लिए तालाब के किनारे गयी। जिससे खुशबू का पैर फिसल गया और वह तालाब में डूबने लगी। छोटी बहन को डूबता देख बड़ी बहन काजल उसे बचाने के लिए तालाब में घुसी।जिससे दोनों बहनें गहरे पानी में डूब गई।



- पुलिस ने दोनों शवों पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पानी में डूबने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी।तीसरी बहन पल्लवी ने इसकी सूचना घर जाकर परिजनों को दी।सूचना मिलने पर आनन फानन में परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने दोनों बच्चियों को तालाब से निकाला लेकिन परिजनों के मौके पर पहुंचने से पहले ही दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बहनों के शवों को कब्जे में लेकर पीएम हेतु पोस्टमार्टम हाउस शाहजहांपुर भेज दिया है। अचानक हुई घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बच्चियों की मौत से मां चंद्रवती का रो-रो कर बुरा हाल है।

### खनन के गहरे गड्ढे बने दोनों बच्चियों के मौत का कारण

कलान। खनन के गहरे गड्ढे बच्चियों के मौत का कारण बन गये। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में मिट्टी के अवैध खनन के कारण गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं।जिनमें बरसात का पानी भर गया था।दोनों मासूम बच्चियां गहरे गड्ढों में डूब गयीं। जिससे उनकणी मौत हो गयी।

# परिषदीय विद्यालयों के तृतीय समायोजन में गंभीर अनियमितताएं, पक्षपात का आरोप

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जनपद में परिषदीय विद्यालयों के तृतीय समायोजन में गंभीर अनियमितताएँ एवं पक्षपात सामने आया हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस समायोजन प्रक्रिया को पूर्णतः नियमविरुद्ध, अन्यायपूर्ण एवं शिक्षक उत्पीड़न की मंशा से किया गया करार दिया है।

संघ ने बताया कि तृतीय समायोजन में कनिष्ठ शिक्षकों को निकटतम विद्यालयों में समायोजित किया गया है, जबकि वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं दिव्यांग शिक्षकों को 60 से 70 किलोमीटर दूरस्थ विद्यालयों में भेजा गया है।

इतना ही नहीं, जो शिक्षक इसी मार्च माह में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उनका भी 60-70 किलोमीटर दूर स्थानांतरण कर दिया गया है, जो पूर्णतः अमानवीय एवं शासनादेशों के विपरीत है। इसके अतिरिक्त 150 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों में कई प्रधान अध्यापकों का समायोजन किया गया, जबकि अनेक प्रधान अध्यापकों का समायोजन बिना किसी स्पष्ट कारण के नहीं किया गया। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि इसी शैक्षिक सत्र में हुए द्वितीय समायोजन के दौरान अनेक प्रधान अध्यापकों से विकल्प लेकर उन्हें समायोजित किया गया था, जिसे बाद में निरस्त कर दिया गया और अब बिना कोई विकल्प लिए उन्हें दूरस्थ विकास खंड कलान, मिर्जापुर एवं जलालाबाद में स्थानांतरित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का कहना है कि यह समूची प्रक्रिया सभी शासनादेशों एवं विभागीय आदेशों की अवहेलना करते हुए की गई है।



शिक्षकों के उत्पीड़न की दृष्टि से किया गया यह समायोजन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसमें संबंधित लिपिक की भूमिका पूर्णतः संदिग्ध प्रतीत होती है। भाई-भतीजावाद एवं अवैध वसूली के आरोपों के चलते अनियमित समायोजन कर शिक्षक समाज को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

संघ ने मांग की है कि इस पूरे समायोजन की उच्च स्तरीय समिति द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही जब तक जांच पूर्ण न हो, तब तक इस समायोजन को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाए। संघ ने यह भी स्पष्ट किया है कि समायोजन में की गई अनियमितताओं की शिकायत माननीय मुख्यमंत्री से की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर माननीय न्यायालय में याचिका भी दाखिल की जाएगी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्र एवं जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने संयुक्त रूप से कहा कि ÷जनपद में शिक्षकों का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनियमित एवं अन्यायपूर्ण समायोजन के विरुद्ध संगठन सड़क से लेकर न्यायालय तक आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# कड़ाके की ठंड में पूर्व विधायक ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।

क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच पूर्व विधायक मा0 शकुंतला देवी ने मानवीय पहल करते हुए जरूरतमंद, गरीब और बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर बुजुर्गों सहित जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे और लोगों ने उनके इस प्रयास की सराहना की।

वितरण कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक शकुंतला देवी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, और ऐसी भीषण ठंड में गरीबों की मदद करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। इस मौके पर गांव के निवासी बीडीसी सदस्य गौतम बाजपेयी, प्रशांत गुप्ता, मुनीश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के इस मानवीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।





# संक्रमित मटन खाने को मजबूर ग्रामीण

सिन्धौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज। सिधौली क्षेत्र के ग्रामीण बीमार बकरियों का मीट खाने को मजबूर बकरकसाब पैसों के लालच में बीमार बकरे बकरीयो को काटकर लोगों को खिला देता है जिससे उनके स्वास्थ्य के साथ कर रहे खिलवाड़ हो रहा है। आपको बता दें कि सिंधौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत अनाबा में एक बकर कसाब बीमार बकरियों को काटकर लोगों को उसका मीट खिला देता है। जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अनावा गांव के दक्षिण में खोखे पर बीमार बकरे, व मुर्गे काटकर खिलाता है उन्होंने मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट बकरकसाब के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

# बाल विवाह से मुक्त हो पूरा देश : विनय

▸ बाल विवाह मुक्त भारत के तहत हुआ जागरूकता अभियान, लोगों ने ली शपथ



**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रोजा थाने में जिला महिला कल्याण विभाग की ओर से बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों ने देश को बाल विवाह मुक्त कराने की शपथ ली।

कार्यक्रम ने महिला कल्याण विभाग के चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक विनय कुमार शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि पूरा देश बाल विवाह से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से मुक्त कराने के लिये हम सबको आगे आना चाहिए। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन टीम व महिला कल्याण विभाग द्वारा सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए हुए बताया गया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है।

बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है। बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको 1 लाख रुपए जुर्माने 2 वर्ष तक का कठोरतम करावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा।

परिवार, समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। श्री शर्मा ने महिलाओं से जुड़ी तमाम सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर संजय पांडे,थाना प्रभारी राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह के अलावा हेल्पलाइन काउंसलर आरती त्रिवेदी, सुपरवाइजर सुधीर, पार्षद अरविंद राजपाल, पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता, पार्षद पति अरुण कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# राजकीय विद्यालयों में एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय से शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनीबाग तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर में आपदा प्रबंधन एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने छात्र-छात्राओं को आपदा के समय जीवन रक्षा के उपायों की जानकारी दी।

एनडीआरएफ के विशेषज्ञों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से भूकंप व आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीके बताए। भूकंप के दौरान 'ड्रॉप, कवर और होल्ड' तकनीक तथा अग्निशमन यंत्रों के सही प्रयोग का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा प्राथमिक चिकित्सा के अंतर्गत सीपीआर, रक्तस्राव रोकने और फ्रैक्चर की स्थिति में प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति में घरेलू संसाधनों से लाइफ जैकेट व राफ्ट बनाने की विधि भी समझाई गई। सर्पदंश सहित अन्य आपात परिस्थितियों में घबराने के बजाय संयम से कार्य करने और हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग पर भी जोर दिया गया।

एनडीआरएफ टीम ने कहा कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। यदि बच्चे आपदा प्रबंधन के गुर सीख लेते हैं तो वे स्वयं के साथ-साथ समाज के लिए भी सहायक बन सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, जिला आपदा विशेषज्ञ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### श्मशान घाट को अवैध कब्जा से मुक्त की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** शहर में बना सरकारी शमशान घाट पर शहर के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है और वह शमशान घाट बिल्डिंग के अंदर व्यापार कर रहे हैं साध्वी तारा गिरि ने कई बार शिकायत की लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। भारतीय हिन्दू सरकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवैध कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

### छोटे भाई ने बड़े भाई को बेरहमी से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** नगर जलालाबाद की बार्ड प्रेम नगर निवासी अशोक कुमार पुत्र राजू कठेरिया ने थाना जलालाबाद में दर्ज कराई शिकायत के बारे में शनिवार दोपहर के 1ः00 बजे बताया कि बीते दिन लैट्रिन में पानी फैलने को लेकर परिवार से कहा सुनी हो गई. जिस पर उग्र होकर उसके छोटे भाई संजीव ने हथोड़ी उसे पर हमला कर दिया उसका सर फोड़ दिया जिससे वह लहू लुहान हो गया उसके हाथ में चोट लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यही नहीं उसके छोटे भाई ने उसकी लैट्रिन की सीट तोड़ दी एवं सिलाई का काम करने वाली मशीन तोड़ दी गैस चूल्हा तोड़ दिया और कमरे की अलमारी तोड़ दी और उसने धमकी दी कि तूने घर खाली नहीं किया तो तुझे जान से मार डालेंगे भाई उसको घर में नहीं रहने दे रहा है जिससे वह और उसके छोटे-छोटे बच्चे परेशान हैं। वहीं थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया की प्रार्थना पत्र मिल गया है इसके बाद पीड़ित को उपचार एवं मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद भेज दिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने की कार्रवाई

**सिधौली शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** सिधौली कस्बे में शनिवार सुबह 11 बजे दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। एक पक्ष की ओर से आरोप लगाया गया कि दूसरे पक्ष का एक युवक आए दिन रास्ते में एक लड़की को छेड़ता था। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। वहीं दूसरे पक्ष ने आरोपों को निराधार बताते हुए मारपीट किए जाने की शिकायत पुलिस से की। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने शांति भंग की आशंका को देखते हुए रिजवान, मुमताज और औरंगजेब के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की। इसके बाद उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि मेडिकल के दौरान भी एक पक्ष ने गाली-गलौज करते हुए दोबारा मारपीट करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने समय रहते रोक दिया। इस संबंध में कोतवाल ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की सख्त हिदायत दी है।

### खिली धूप में जागा अंतर्मन, गांव-गांव बही हार्टफुलनेस की शांति-धारा



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** खिली धूप की तरह उजली अनुभूति और हृदय में उतरती शांति के संदेश के साथ रामचन्द्र मिशन आश्रम की स्वर्ण जयंती से पूर्व जनपद में हार्टफुलनेस एकात्म अभियान निरंतर प्रवाहित हो रहा है। इसी क्रम में आज तिलहर विकास खंड के गांवों में यह अभियान आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता दिखाई दिया। ठिठुरन भरी ठंड और खिली धूप के बीच मिशन के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों का उत्साह तपती साधना-दीपशिखा की भांति प्रज्ज्वलित रहा। वे गांव-गांव पहुंचे और लोगों को सहज मार्ग साधना पद्धति व हार्टफुलनेस मेडिटेशन के माध्यम से अंतर्मन की यात्रा कराई। तिलहर ब्लाक के कुआं टांडा, रामापुर,धनेला,मिरगापुर, खिरिया, खंडसार, बतलैया, संतोषपुर, फिरोजपुर, सरेली,गुरगवां, इस्माइलपुर नवादा,गुरैया, रुद्रपुर, मोहनपुर, बिहारीपुर, कुंडरा, विरसिंहपुर, खैरपुर, प्रहलादपुर,भीरनपुर, हजरतपुर ,रानी खिरियात, बरुआ, मझोला, ढकिया रघा, लालपुर, जनौरी, पलिया पट्टी, हवंसपुर, सहित दर्जनों गांवों में ध्यान-सत्रों के माध्यम से शांति, संतुलन और आत्मचिंतन का संदेश दिया।अभियान के तहत ध्यान, आत्मानुभूति और हृदय-केंद्रित साधना की सरल विधियों से ग्रामीण जीवन को मानसिक शांति, आंतरिक स्थिरता और नैतिक मूल्यों से जोड़ा जा रहा है। विभिन्न गांवों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर इस आध्यात्मिक ऊर्जा को आत्मसात किया। मिशन के प्रशिक्षकों ने बताया कि आध्यात्म केवल एकांत साधना नहीं, बल्कि जीवन को सहज, करुणामय और संतुलित ढंग से जीने की कला है, जो व्यक्ति को संयम, सह-अस्तित्व और प्रेम के मार्ग पर अग्रसर करती है। इस अभियान को सफल बनाने में संतोष कुमार सेठ, पूनम जायसवाल, नीलम सेठ, विनय महाजन,किरन, सुमन सिंह, अमित शर्मा, धर्मपाल, मीनाक्षी शर्मा, संपूर्ण मिश्रा,पूनम अग्निहोत्री, संगीता तिवारी,वंदना,रेखा तिवारी,प्रिया सक्सेना,दीपक, अंजू सिंह, सीमा, हरेंद्र, नीरज कुमार, देवेंद्र सिंह, नवीन कुमार सहित अनेक प्रशिक्षकों व स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

## नेकी की दीवार पर कंबल वितरण



**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद और गरीब असहाय लोगों की मदद के उद्देश्य से नेकी की दीवार अभियान के अंतर्गत कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मानवीय पहल के तहत नगर के लोगों के सहयोग से ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए , जिससे उन्हें सर्द रातों में राहत मिल सके। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। समाज के जागरूक लोगों के आर्थिक सहयोग से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।कंबल पाकर असहाय लोगों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। आयोजकों ने बताया कि नेकी की दीवार* का उद्देश्य समाज के सक्षम वर्ग को जरूरतमंदों से जोड़ना है, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड, भूख या अभाव के कारण परेशान न हो। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे आगे भी इस अभियान में सहयोग करें और अपने घरों में अतिरिक्त कपड़े व अन्य जरूरी सामान दान करें। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि छोटी-छोटी मदद से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। नेकी की दीवार* जैसे अभियान समाज में आपसी भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मौजूद कार्यक्रम संयोजक -प्रकाश गंगवार पूर्व सभासद मोहित गुप्ता, दानिश जीशान खां समाजसेवी, ओम गुप्ता, गौरव सागर, राजीव गंगवार, अभिषेक आनंद उर्फ राजा, सर्वेश कश्यप, मुनेश शर्मा, संतोष गंगवार सभासद पति समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## उपायुक्त स्वतः रोजगार बने धर्मेश चंद्र पाण्डेय, कई वर्षों से खाली थी कुर्सी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** शासन की ओर से जनपद में उपायुक्त स्वतः रोजगार पद पर धर्मेश चंद्र पाण्डेय को नियुक्ति दी है। यहां पर यह पद कई वर्षों से रिक्त चल रहा था। धर्मेश चंद्र पाण्डेय अभी तक जनपद संतकबीरनगर में खंड विकास अधिकारी पद का दायित्व निभा रहे थे। जानकारी देते हुए सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने कहा कि जनपद में उपायुक्त स्वतः रोजगार पद पर तैनाती से ग्रामीण कामकाजों को रफ्तार मिलेगी और स्वयं सहायता समूहों की अच्छे से मानीटरिंग हो सकेगी।शासन की ओर से नवीन तैनाती का आदेश जिला मुख्यालय भेजा गया है।

# कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने घर में दिलाया दखल

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ परिवार ने लगाया बिना महिला पुलिस के घर में घुस कर अभद्रता का दरोगा पर आरोप

घरेलू हिंसा व दहेज एक्ट के मुकदमे के दौरान कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला को ससुराल ले जाकर दखल दिलाया । वहीं परिवार ने महिला पुलिस बिना लिए घर में घुसकर अभद्रता करने आरोप लगाया है।

जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला जेर बरगद निवासी एहसान अली के बेटे फरमान की नगर के ही नितगंजा से वर्ष 2016 में रौनक अफरोज उर्फ अर्शी के साथ शादी हुई थी। एक साल बाद दंपति के बेटी का जन्म हुआ। फरमान और अर्शी के बीच संबंध खराब होते गए। इस दौरान अर्शी मायके में रहने लगी। फरमान ने विदा कराने के लिए कोर्ट की शरण ली। वहीं अर्शी ने फरमान व उसके माता पिता, भाई वाहन के खिलाफ घरेलू हिंसा व दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। इस बीच वर्ष 2020 में कोर्ट ने अर्शी को ससुराल के घर में ही रखबाने का आदेश पारित किया । विडंबना यह रही कि अर्शी को घर में पुलिस दखल नहीं दिल सकी। इस बीच एहसान अली व परिवार ने बेटे फरमान को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिया। इसी तारतम्य में फरमान ने कोर्ट में अर्जी देकर कहा कि वह अपनी पत्नी को अपने साथ किराए के मकान में रखना चाहता है। शनिवार को अर्शी को उसके मायके के लोगों के साथ एसआई नितिन कुमार व हेड कांसस्टेविल ने उसके ससुराल के घर में दखल दिलाया। अर्शी ससुराल के कुल दो कमरों में से एक कमरे में अपना ताला डालकर चली गई। उधर फरमान के पिता एहसान अली व वाहन ने बिना महिला पुलिस के दरोगा और हेडकंस्टेविल द्वारा घर में जबरन घुसकर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह फरमान व अर्शी को जब बेदखल कर चुके हैं। ऐसे में बहू का उनसे क्या वास्ता रह गया है। कुल मिलाकर पुलिस द्वारा ससुराल में कब्जा कराए जाने की जबरदस्त चर्चा है। इस मौके पर घर के बाहर तमाशबीनों की भारी भीड़ एकत्र रही।

# अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, अधेड़ की मौत

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के गांव बरगदिया निवासी सुरेश पुत्र छोटे 50 वर्षीय मजदूरी पेशा कर अपना घर परिवार का पालन पोषण करता था। शनिवार की सुबह वह अपने घर से पड़ोस के गांव चतुरपुर के रहने वाले कुनेंद्र पाल के खेत में मजदूरी करने गया हुआ था। जहां से वह दोपहर के समय पानी की प्यास लगने पर वह पड़ोस के मजरा मठोकर को पैदल ही पानी पीने जा रहा था। वह टोडरपुर गांव के समीप बाबा बनखंडी नाथ स्थान के पास पहुंचा ही था कि, किसी अज्ञात वाहन ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर रोड पर ही गिर गया। राहगीरों की सूचना पर चतुरपुर निवासी कुनेंद्र पाल के भतीजे संजय कुमार को सूचना मिली। जिस पर वह मौके पर पहुंचा और सुरेश को उठाकर सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लेकर पहुंचा। जहां पर डॉक्टर तरुण कुमार ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद संजय कुमार सुरेश के शव को लेकर उसके घर पहुंचा, शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। उसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुरेश के परिजनों ने बताया कि सुरेश के चार बेटे हैं, जिसमें रजनीश की शादी हो चुकी है जोकि वह अलग रहकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। जबकि कमलेश, अरुण, सचिन व सविता जोकि अविवाहित हैं व मधु की शादी हो चुकी है। सभी का सुरेश मजदूरी कर पेट पालता था। सुरेश की मौत होने पर पूरे परिवार में कोहराम मच गया पत्नी राजेश्वरी देवी पति के शव को देख बदहवास होकर गिर पड़ी। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में सुरेश की मौत हुई है शव को कब्जे में ले लिया गया है। जिसका पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। उधर पुलिस ने चतुरपुर निवासी कुनेंद्र पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## पंचायत स्तरीय मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**

तिलहर विधानसभा क्षेत्र के सिंधौली मंडल में गहन मतदाता पुनरीक्षण के द्वितीय चरण के अंतर्गत एक मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सक्सेना ने की।

उन्होंने उपस्थित बीएलए-2 को संबोधित करते हुए कहा कि नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मतदाता सूची में नाम संशोधन कराने तथा फर्जी मतदाताओं के नाम कटवाने का कार्य पूरी गंभीरता और ईमानदारी से किया जाए। कार्यशाला में सभी बीएलए-2 को मतदाता सूची के साथ फार्म 6, 7 व 8 का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश दीक्षित ने किया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र, जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र पाल, ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह, राजेश्वर, मनीष गुप्ता, अवनीश सिंह, महिला मोर्चा से नन्ही देवी सहित जगदीश, उमेश अवस्थी, राम गुलाम, प्रदीप, रणधीर सिंह, सत्यपाल, सज्जन त्रिवेदी, संतोष दीक्षित, जगपाल व दिनेश मौर्य आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में अपराध रोकथाम एवं मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत की गई। पुलिस के अनुसार 7 जनवरी को पीड़िता के परिजन द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि आरोपी आकाश उर्फ ओम पुत्र रामप्रकाश, निवासी लोधीपुर थाना रोजा, द्वारा उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा लिया गया है। इस संबंध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई, जिसमें विवेचना के दौरान गंभीर धाराओं सहित पॉक्सो एक्ट की धाराओं की वृद्धि की गई। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने वाई.के. सिंह अस्पताल के पास से अभियुक्त ओम गुप्ता पुत्र रामप्रकाश गुप्ता को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान मुकदमे में वांछित अभियुक्त के रूप में हुई। अभियुक्त को विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार यादव, उपनिरीक्षक प्रमोद प्रसाद एवं कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

# मिशन शक्ति केन्द्रों के अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति केन्द्रों की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को रिज़र्व पुलिस लाइन के सभागार में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन क्षेत्राधिकारी कार्यालय द्वारा किया गया, जिसमें जनपद के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की चरणबद्ध जानकारी दी गई। इस अवसर पर I-GOT पोर्टल पर उपलब्ध 21 प्रशिक्षण वीडियो पुलिसकर्मियों को दिखाए गए तथा उनके प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्रों पर पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध सुविधाओं, त्वरित सहायता, शिकायत प्राप्ति एवं निस्तारण की प्रक्रिया पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं समयबद्ध बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मिशन शक्ति केन्द्रों को अधिक दक्ष, सक्रिय एवं जनसहायक बनाना है, ताकि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहयोग के क्षेत्र में पुलिस की भूमिका और मजबूत हो सके।

# रोमांचक मुकाबले में ग्रुप ए ने ग्रुप बी को एक विकेट से हराया

▸ तस्लीम व गोपाल की अर्धशतकीय साझेदारी से टीम ने दर्ज की जीत, अभय दीक्षित फिर रहे मैन ऑफ द मैच




**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**

मारवाह सुपर लीग टूर्नामेंट मे ग्रुप ए एवं ग्रुप बी के बीच मुकाबले में ग्रुप ए ने जीत दर्ज की। जिसके बाद एकेडमी द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

नगर के मारवा मॉडर्न स्कूल में क्रिकेट कोच अमित चौधरी द्वारा संचालित चौधरी क्रिकेट एकेडमी में चल रहे मारवा सुपर लीग टूर्नामेंट में वरिष्ठ पत्रकार आर एल तिवारी, अंकित पांडेय, आदेश दीक्षित एवं पंचायत मित्र नीतीश शुक्ला को खिलाड़ियों द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। शनिवार को ग्रुप ए एवं ग्रुप बी के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें ग्रुप ए के कप्तान तस्लीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। ग्रुप बी की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 9 विकेट खोकर 126 रन बनाए और ग्रुप ए के लिए 127 रनों का लक्ष्य दिया। ग्रुप बी के बल्लेबाज सत्यम कुमार ने 26 रन तथा अरनव पटेल ने 15 रन तथा सुखप्रीत सिंह ने 14 रन बनाए। वही ग्रुप ए की टीम के गेंदबाजों में आनंद प्रताप सिंह ने अपने 4 ओवरों में 21 रन देकर 2 विकेट, अभय दीक्षित ने अपने 3 ओवरों में 8 रन देकर 2 विकेट तथा अभय, अनुभव गुप्ता, शांतनु, मोहित, शोभित कुमार ने एक एक विकेट अपने नाम किया। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रुप ए टीम के बल्लेबाजो ने अंतिम ओवर की अंतिम बॉल पर 126 रन के लक्ष्य को प्राप्त कर मैच जीत लिया। ग्रुप ए के बल्लेबाजों में कप्तान तस्लीम 43 गेंदे खेलकर चार चौकों की मदद से 31 रन, गोपाल ने 22 गेंदों में पांच चौके की मदद से 27 रन बनाकर एक साझेदारी कायम की। इस साझेदारी के चलते टीम लक्ष्य के नजदीक पहुंची। जिसके बाद आयुषदीप सिंह ने 11 रन, अभय दीक्षित ने 12 रन बनाए। जिसके बाद विकेटों का पतन हुआ और मैच रोमांचक मोड पर पहुंच गया। और आनंद प्रताप सिंह तथा मोहित के रूप में अंतिम जोड़ी मैदान पर पहुंच गई। यहां से ग्रुप ए टीम को जीत के लिए 24 गेंदों में 17 रनों की दरकार थी। ग्रुप बी को जीत के लिए मात्र एक विकेट और गुप ए को 17 रन जोड़ने थे। जिसके बाद ग्रुप ए के बल्लेबाज आनंद प्रताप सिंह और मोहित ने संयम के साथ बल्लेबाजी शुरू की। धीरे धीरे दोनों बल्लेबाज मैच को अंतिम ओवर तक ले गए। जहां 6 गेंदों में 6 रन जीत के लिए बनाने थे। जिसमें मोहित के एक बाउंड्री लगाई और 4 रन टीम के स्कोर में जुड़ गए। शेष बचे 2 रन जो बल्लेबाज मोहित ने बाउंड्री लगाकर प्राप्त कर लिए और मैच जीत लिया। ग्रुप ए के खिलाड़ी अभय दीक्षित ने 12 रन बनाकर तथा अपने 3 ओवरों में मात्र 8 रन देकर 2 विकेट लिए और टूर्नामेंट में तीसरी बार मैंन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। वही ग्रुप बी के गेंदबाजों में माही पटेल ने किफायती गेंदबाजी करते हुए अपने 6 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट झटक लिए। नितिन सिंह ने 2 विकेट तथा आरब, नवनीत राजपूत ने एक एक विकेट लिया। जिसके बाद क्रिकेट कोच एवं एकेडमी संचालक अमित चौधरी द्वारा दोनों टीमों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को यह सम्मान वरिष्ठ पत्रकार आर एल तिवारी, आदेश दीक्षित, अंकित पांडेय, बितौनी पंचायत मित्र नीतीश शुक्ला, द्वारा प्रदान कराया गया। जिसके बाद क्रिकेट कोच अमित चौधरी ने सभी मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान क्रिकेट कोच एवं एकेडमी संचालक अमित चौधरी ने खिलाड़ियों को मैच के दौरान होने वाली गलतियों से सीख लेने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्रुप बी की टीम को खराब क्षेत्र रक्षण के चलते मैच हारना पड़ा। इसलिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी के साथ क्षेत्ररक्षण पर भी खिलाड़ियों को ध्यान रखना चाहिए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**सिधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना सिधौली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा है।

सिधौली थाना क्षेत्र के गांव ददियूरा निवासी रघुवीर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनका भाई गजेंद्र (उम्र करीब 32 वर्ष) 24 दिसंबर को दोपहर लगभग 2 बजे बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ददियूरा पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद गजेंद्र को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## सूचना

बिक्रेता कामरान फारूख खां पुत्र फारूख खां निगाही तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर, क्रेता रामकरन व रमाकांत पुत्रगण रामनाथ निवासी मनिया तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत बही नं. प्रथम, जिल्द 4671, पृष्ठ 81 से 102, क्रमांक 795 दिनांक 28.01.2012 दफा 60 सहित वास्तव में 2 पेज खो गए हैं।

## सूचना

मेरा बैनामा बिक्रेता फशी उश्शान खां पुत्र जीशान खां, कफील उश्शान खां पुत्र रफी उश्शान खां व क्रेता शमीना बेगम पत्नी आबिद अली जिसका बही नं. प्रथम, जिल्द 8017, पृष्ठ 345 से 374 क्रमांक 2828 दिनांक 18.02.2019 उप निबंधक सदर जिला शाहजहांपुर जिसके दफा 60 सहित वास्तव में 4 पेज खो गए हैं।

## दूषित पेयजल

यह विडंबना ही है कि हमारे नागरिक प्रशासन का नियामक तंत्र आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से मुक्त नहीं होता। यदि समय रहते संवेदनशील या फिर घातक साबित होने वाली स्थिति व परिस्थिति पर नजर रखी जाए तो जनधन की हानि टाली भी जा सकती है। हाल ही में दूषित पेयजल से इंदौर में हुई जन हानि के बाद रोहतक और झज्जर की उन चेतावनियों की अनदेखी नहीं की जा सकती,जिसमें नागरिक घरों में आने वाले गंदे व बदबूदार पानी की शिकायत करते रहे हैं। निश्चय ही इस स्थिति को जन स्वास्थ्य से जुड़े आपातकाल के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही नागरिकों की शिकायत की जांच-पड़ताल कर अविलंब कार्रवाई भी होनी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद जवाबदेही न निभाने और एक-दूसरे विभाग पर दोष मढ़ने का पुराना सिलसिला ही अकसर सामने आता है। उल्लेखनीय है कि इंदौर की हालिया दूषित पेयजल की त्रासदी में नगरपालिका द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी के सेवन से कई लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विडंबना यह है कि वहां भी नागरिकों की शुरुआती चेतावनियों को सामान्य शिकायतों के रूप में देखकर खारिज कर दिया गया था। लेकिन एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत के बाद अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इंदौर में पेयजल पाइपलाइनों में सीवेज का रिसाव हुआ था। यह स्वीकारोक्ति भी तब सामने आई जब बड़ा नुकसान हो चुका था। लगता है कि रोहतक व झज्जर भी इसी तरह के आसन्न खतरे के मुहाने पर खड़े हैं। वैसे देखा जाए तो देश के विभिन्न हिस्सों में सामने आने वाले ऐसे मामले न तो रहस्यमय हैं और न ही ये कोई नई बात ही है। बुनियादी ढांचागत व्यवस्था का जर्जर होना, सीवर लाइनों में रिसाव, अनियोजित शहरी विस्तार और नागरिक एजेंसियों के बीच आवश्यक समन्वय का अभाव, अकसर ऐसी स्थिति पैदा कर देता है, जहां सीवेज और पीने का पानी खतरनाक रूप से एक-दूसरे के करीब आ जाते हैं। गाहे-बगाहे देश के विभिन्न भागों में स्थानीय नागरिक जब-तब आरोप लगाते हैं कि पीने के पानी में सीवर का पानी मिलने की आशंका है। ऐसे में शासन-प्रशासन की पहली प्रतिक्रिया, इसके सत्यापन, पाइप लाइन की मरम्मत और वैकल्पिक पेयजल उपलब्ध कराने की होनी चाहिए। ऐसे में स्वास्थ्य संकट को दूर करने और अपनी बात मनवाने के लिये यदि नागरिकों को सड़कों पर उतरना पड़ता है तो यह शासन-प्रशासन की विफलता को ही दर्शाता है। विडंबना यह है कि जल प्रदूषण का सबसे बुरा असर समाज के कमजोर वर्ग पर ही पड़ता है। ऐसे में बच्चे, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग इसकी चपेट में आते हैं। निर्विवाद रूप से दूषित जल से डायरिया, हेपेटाइटिस और अन्य दूषित जल जनित बीमारियों का प्रभाव तेजी से फैलता है। जिसके चलते अफरा-तफरी के बीच अक्सर स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाती है। ऐसे में तंत्र की निष्क्रियता की कीमत आम लोगों को न केवल अस्पताल के भारी-भरकम बिलों के रूप में, बल्कि जानमाल के नुकसान और प्रशासन के प्रति जनता के विश्वास में आई कमी के रूप में भी चुकानी पड़ती है। निश्चित रूप से दूषित पाइपलाइनों को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। व्यापक स्तर पर प्रभावित क्षेत्र में जल स्रोतों का परीक्षण होना चाहिए। साथ ही यह भी जरूरी है कि प्रभावित क्षेत्र में व्यापक स्तर पर लिए गए पानी के नमूनों की जांच के परिणाम भी सार्वजनिक किए जाएं।

# हिंदी का विस्तृत होता आकाश

**गिरीश्वर मिश्र**



**राजभाषा नीति और उसके अनुपालन को लेकर धींगामुश्ती होती रही। संविधान ने आठवीं सूची नामक एक विशेष प्रावधान भी बनाया और 14 भाषाओं की सूची डाली। इस सूची का विस्तार होता रहा और अब इसमें 22 भाषाएं हैं। अभी 38 अन्य भाषाओं से गुहार है कि उनको भी शामिल कर लिया जाय हालांकि सूची में सदस्यता का भाषा के विकास के साथ कोई कार्य कारण सम्बन्ध नहीं दिखता। 1965 तक आते आते हिंदी की राजभाषा का सवाल मुल्तवी हो गया क्योंकि वह सक्षम नहीं लगी और अंग्रेजी में कार्य करते रहने के लिए असीमित छूट ले ली गई। अंग्रेजी का वर्चस्व बना रहा। इस बीच हिंदी के संस्थानों, समितियों, पुरस्कारों, समितियों, अकादमियों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहल होती रही। अब अनेक विश्वविद्यालयों, कार्यालयों और प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी में अवसर मिल रहे हैं तथापि स्थिति पूर्णतः संतोषजनक नहीं है।**

ज्ञान और भाषा का गहरा रिश्ता है। महान चिंतक भर्तृहरि की मानें तो भाषा के आलोक में ही दुनिया दिखती है- सर्वं शब्देन भासते। ज्ञान-सृजन, ज्ञान संरक्षण तथा अगली पीढ़ी तक ज्ञान संक्रमण का कार्य भाषा से ही हो पाता है। चिंतन और सर्जनात्मकता के लिए भाषा जरूरी है। इस तरह भाषा मानव जीवन के उत्कर्ष का साधन है जो नैसर्गिक रूप से सभी मनुष्यों को प्राप्त है। वह व्यक्ति और समाज दोनों ही स्तरों पर स्मृति और कल्पना को सुदृढ़ करती है।

भारत भाषाओं की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है जहाँ हज़ार से अधिक भाषाएं विद्यमान हैं। इनमें बहुतेरी ऐसी भी हैं जो सिर्फ़ बोली जाती हैं। उनकी लिपि ही नहीं है। इस भाषिक परिवेश में भाषाओं की बहुलता से द्विभाषिकता सहज है और बहुभाषिकता भी काफी पाई जाती है। हिंदी मध्य देश में बोली जाने वाली भाषा समूह का नाम है। ऐतिहासिक रूप से हिंदी हिंद की भाषा है और समग्र देश से जुड़ी रही है। आज इसके बोलने वाले विस्तृत भू भाग में पसरे हैं और अनेक देशों में मौजूद हैं। ऐसे में हिंदी के कई कई रूप उसकी बोलियों में मिलते हैं। हिंदी भारत के लोक जीवन व्याप्त रही और देश के स्वतंत्रता संग्राम में उसकी अखिल भारतीय भागीदारी ने उसे राष्ट्रभाषा बना दिया। जनता से जुड़ने के प्रयास में हिंदी भारत में चतुर्दिक गूंजी। सहज सम्पर्क के लिए हिंदी स्वाभाविक माध्यम बनी महाराष्ट्र हो या बंगाल, कश्मीर हो या गुजरात, पंजाब हो या दक्षिण भारत हर कहीं हिंदी को अंगीकार किया गया। अंग्रेज सरकार सरकारी तंत्र और शिक्षा में अंग्रेजी वर्चस्व स्थापित किया जिसके अवशेष अभी भी विद्यमान हैं। संविधान में सरकारी काम-काज की भाषा यानी 'राज भाषा ' (आफीशियल लैंग्वेज) का विचार अपनाया गया। संविधान का भाग 17 का अनुछेद 343 कहता है संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देव नागरी' होगी। राजभाषा को अपरिभाषित छोड़ दिया गया परंतु प्रशासनिक उद्देश्य से उसे जोड़ा गया। साथ ही अनुछेद 351 में हिंदी के विकास को संघ के कर्तव्य के रूप में अंकित किया गया। राजभाषा विभाग बना और हिंदी फले-फूले इसके लिए बहुत से उपक्रम शुरू हुए। राजभाषा नीति और उसके अनुपालन को लेकर धींगामुश्ती होती रही। संविधान ने आठवीं सूची नामक एक विशेष प्रावधान भी बनाया और 14 भाषाओं की सूची डाली। इस सूची का विस्तार होता रहा और अब इसमें 22 भाषाएं हैं। अभी 38 अन्य भाषाओं से गुहार है कि उनको भी शामिल कर लिया जाय हालांकि सूची में सदस्यता का भाषा के विकास के साथ कोई कार्य कारण सम्बन्ध नहीं दिखता। 1965 तक आते आते हिंदी की राजभाषा का सवाल मुल्तवी हो गया क्योंकि वह सक्षम नहीं लगी और अंग्रेजी में कार्य करते रहने के लिए असीमित छूट ले ली गई। अंग्रेजी का वर्चस्व बना रहा। इस बीच हिंदी के संस्थानों, समितियों, पुरस्कारों, समितियों, अकादमियों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहल होती रही। अब अनेक विश्वविद्यालयों, कार्यालयों और प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी में अवसर मिल रहे हैं तथापि स्थिति पूर्णतः संतोषजनक नहीं है। मीडिया, सिनेमा, व्यापार, विज्ञापन और लोक भाषा के रूप में हिंदी आगे बढ़ रही है। भारत के बाहर मॉरिशस, गुयाना, फ़ीजी, त्रिनिदाद, दक्षिण अफ्रीका आदि अनेक देशों में भारतीय मूल के लोग वर्षों पहले पहुंचे और अपने साथ हिंदी भी ले गए। पड़ोसी देशों में भी हिंदी बोली और समझी जाती है। इसके अतिरिक्त हिंदी का पठन पाठन अनेक देशों में होता है। हिंदी की अंतरराष्ट्रीय छवि को तब विशेष बल मिला जब नागपुर में 10 जनवरी 1975 में नागपुर में विश्व हिन्दी सम्मलेन का पहली बार आयोजन हुआ। इस ऐतिहासिक पहल की स्मृति में 2006 से 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया जा रहा है। हिंदी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में बढ़ावा देने के संकल्प के साथ यह आयोजन शुरू हुआ था और तब से बारह ऐसे सम्मेलन भारत और अन्य देशों में हो चुके हैं। मारिशस में एक विश्व हिंदी सचिवालय तथा वर्धा में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय बना है। अन्तर राष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध परिषद अनेक देशों में हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन के लिए प्राध्यापकों को उपलब्ध कराती है। हिंदी के वैश्विक प्रचार प्रसार के अनेक प्रयास हो रहे हैं। 12 वाँ विश्व हिंदी सम्मेलन फ़िजी में हुआ था। ऐसे सम्मेलनों से न केवल हिंदी को वैश्विक मंच मिला है बल्कि विश्व में अन्यत्र रहने वाले हिंदी भाषियों के बीच संबंधों को सुदृढ़ करने में भी मदद मिली है। आज हिंदी भाषा संयुक्त राष्ट्र में ग़ैर आधिकारिक भाषाओं की सूची में सम्मिलित है। विश्व में अंग्रेजी और मंडारिन (चीनी) भाषाओं के बाद इसी का स्थान आता है। प्रवासी समुदाय में हिन्दी प्रचलित है, उसका उच्च कोटि का साहित्य है और अनुमानतः 60 करोड़ से अधिक लोग इसे बोलते हैं। हिंदी के प्रति जागरूकता और प्रचार प्रसार का कार्य प्रगति पर है। इस वर्ष विश्व हिंदी दिवस पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक के विकास पर केंद्रित है । आज इसे कोडिंग से लेकर डिजिटल प्लेटफार्म पर उपयोग के लिए आसान बनने का प्रयास हो रहा है। मशीन अनुवाद में बड़ी सफलता मिल रही है। कृत्रिम मेधा (एआई) के सहयोग से अपार संभावनाएं उभर रही हैं जिससे हिंदी को बड़ा आकाश मिल सकेगा। स्मरणीय है कि संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी की गूंज 4 अक्टूबर 1977 को विदेश मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण द्वारा हुई थी परंतु अभी तक आधिकारिक भाषा की सूची में नहीं आ सकी है। संयुक्त राष्ट्र में अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश, चीनी अरबी और रूसी ये आधिकारिक भाषाएँ है। स्मृति और भाषा के बीच जैसे बड़ा गहरा रिश्ता है उसी तरह स्मृति हमारी अपनी पहचान से भी जुड़ी हुई है । विश्व के अनेक देशों में फैले भारतीय मूल के लोगों का हिन्दी से लगाव और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में रुचि इसकी पुष्टि करती है। विदेशों के कई विश्व विद्यालय हिन्दी के अध्यापन और अनुसंधान में लगे हुए हैं।

## विचार

# लाल बहादुर शास्त्री : भारतीय राजनीति के अमूल्य रत्न

**श्वेता गोयल**



**पुण्यतिथि (11 जनवरी) पर विशेष**

**शास्त्री जी को यह पता चला तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी' द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिताजी को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रुपये मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रुपये ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं।**

2 अक्तूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज हम पुण्यतिथि मना रहे हैं। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद उज्बेकिस्तान में ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर करने के कुछ घंटों बाद अचानक तबीयत बिगड़ने से 11 जनवरी 1966 की रात उनका निधन हो गया। शास्त्री जी के बाद कई प्रधानमंत्रियों ने देश की बागडोर संभाली लेकिन उनके जितना सादगी वाला कोई दूसरा प्रधानमंत्री देखने को नहीं मिला। सही मायनों में शास्त्री जी को उनकी सादगी, कुशल नेतृत्व और जनकल्याणकारी विचारों के लिए स्मरण किया जाता है । ईमानदार छवि और सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले लाल बहादुर शास्त्री नैतिकता की मिसाल थे। उनसे जुड़े ऐसे अनेकों किस्से याद किए जाते रहेंगे।

जब शास्त्री जी प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी लेकिन उसका उपयोग वे बेहद कम किया करते थे। किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही वह गाड़ी निकाली जाती थी। एक बार शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात् कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चली? ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी कुल 14 किलोमीटर चली है। उसी क्षण शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, 'चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज।' उसके बाद उन्होंने पत्नी ललिताजी को बुलाकर निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें। प्रधानमंत्री बनने के बाद शास्त्री जी पहली बार अपने घर काशी आ रहे थे, तब पुलिस-प्रशासन उनके स्वागत के लिए चार महीने पहले से ही तैयारियों में जुट गया था। चूंकि उनके घर तक जाने वाली गलियां काफी संकरी थी, जिसके चलते उनकी गाड़ी का वहां तक पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए प्रशासन द्वारा वहां तक रास्ता बनाने के लिए गलियों को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया।

शास्त्री जी को यह पता चला तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी' द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिताजी को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रुपये मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रुपये ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रुपये ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रुपये से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए।

रेलमंत्री रहते शास्त्री जी एक बार रेल के एसी कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार पंखा लगवाते हुए रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई।

## भारत-अमरीका व्यापार समझौते में इतना समय क्यों लग रहा ?

**अजय श्रीवास्तव**

व्यापार नीति नहीं, बल्कि सुरक्षा पर निर्भरता, वाशिंगटन की अन्य देशों के साथ इतनी तेजी से व्यवहार करने की वजह है और यही कारण है कि भारत अपनी स्थिति पर अड़ा हुआ है। भारत ने अभी तक अमरीका (यू.एस.) के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता क्यों नहीं किया, जबकि दोनों देशों ने अन्य सांझेदारों के साथ तेजी से समझौते किए हैं? पिछले 4 वर्षों में ही भारत ने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ ब्लॉक, यूनाइटेड किंगडम (यू.के.) और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आई.पी.ई.एफ) के सदस्यों के साथ व्यापार समझौते संपन्न किए हैं, जिसमें अमरीका भी शामिल है।

पिछले 6 महीनों में वाशिंगटन ने जापान, यूरोपीय संघ (ई.यू.), ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, वियतनाम और मलेशिया के साथ त्वरित व्यापार समझौते किए हैं। तो फिर भारत-अमरीका समझौते में इतना समय क्यों लग रहा है? इसके दो मुख्य कारण हैं- पहला, अमरीका के साथ तेजी से व्यापार समझौते करने वाले अधिकांश देश अपनी सुरक्षा के लिए वाशिंगटन पर काफी हद तक निर्भर हैं। जबकि भारत के साथ ऐसा नहीं है। दूसरा, अमरीका-भारत व्यापार वार्त्ता व्यापार से कहीं आगे बढ़कर वाशिंगटन के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक और नीतिगत क्षेत्रों तक फैली हुई है। ये दो कारक बातचीत को जटिल बनाते हैं और यही कारण है कि समझौता होने में उम्मीद से अधिक समय लग रहा है। उदाहरण के लिए, जापान और दक्षिण कोरिया अमरीका के औपचारिक संधि सहयोगी हैं और बड़ी संख्या में अमरीकी सैनिकों की मेजबानी करते हैं, विशेष रूप से उत्तर कोरिया और चीन से उत्पन्न खतरों को देखते हुए। यूरोप में भी यही पैटर्न देखने को मिलता है। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के माध्यम से ब्रिटेन अमरीका के सबसे करीबी रणनीतिक सांझेदारों में से एक बना हुआ है। ऐसे मामलों में, व्यापार वार्ताएं रणनीतिक गठबंधन से प्रभावित होने के कारण, अमरीकी मांगों के प्रति प्रतिरोध सीमित रहता है। दक्षिणपूर्व एशिया में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलती है। पारस्परिक रक्षा संधि से बंधे फिलीपींस ने हाल के वर्षों में अमरीकी सैन्य पहुंच का विस्तार किया है। संधि के तहत सहयोगी देश थाईलैंड भी अमरीकी सुरक्षा ढांचे में गहराई से जुड़ा हुआ है। इन देशों के लिए व्यापार समझौते सुरक्षा निर्भरता पर आधारित एक व्यापक भू-राजनीतिक सौदे का हिस्सा हैं। भारत की स्थिति अलग है। यह अपनी सुरक्षा के लिए अमरीका पर निर्भर नहीं है और सैन्य दबाव के माध्यम से इस पर दबाव नहीं डाला जा सकता। यह रणनीतिक स्वायत्तता व्यापार वार्त्ताओं के स्वरूप को मौलिक रूप से बदल देती है। अमरीका-भारत व्यापार समझौते के लिए फरवरी 2025 में बातचीत शुरू हुई थी लेकिन वाशिंगटन भारत पर दबाव डाल रहा है कि वह विनियमन और प्रौद्योगिकी से लेकर ऊर्जा और भू-राजनीति तक के क्षेत्रों में अमरीकी हितों के अनुरूप प्रमुख घरेलू नीतियों को फिर से आकार दे। अमरीका चाहता है कि भारत अमरीकी तेल और रक्षा उपकरण अधिक खरीदे, डाटा और डिजिटल नियमों में ढील दे और ब्रिक्स सांझेदारों, विशेष रूप से रूस और चीन से दूरी बनाए रखे। इस बीच, भारत ने पहले ही महत्वपूर्ण रियायतें दी हैं। पिछले एक वर्ष में, अमरीका से इसके तेल आयात में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसने अपने परमाणु दायित्व ढांचे के कुछ पहलुओं को समायोजित किया है और स्टारलिंक को परिचालन शुरू करने की अनुमति दी है, हालांकि यह चिंता बनी हुई है कि अप्रतिबंधित उपग्रह पहुंच संवेदनशील क्षेत्रों में संप्रभु नियंत्रण को कमजोर कर सकती है। भारत ने डिजिटल लेन-देन कर भी हटा दिया है। फिर भी, वाशिंगटन डेयरी उत्पादों और मक्का और सोयाबीन सहित अनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों के लिए अप्रतिबंधित पहुंच पर जोर दे रहा है।



## राशिफल

**मेषः-** पुराने गलतियो से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरे से परिजनो के दिल में जगह बनावें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**बृषभः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरे में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहो की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्कः-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**सिंहः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुलाः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय ब्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तिब्र होगा।

**वृश्चिकः-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

**धनुः-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओ के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप का कारण बन सकता है।

**मीनः-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें।

# प्रवासियों व शरणार्थियों को खतरा क्यों मान रही है दुनिया?

**कौशिक बसु**

**द्वितीय विश्व युद्ध की पूर्वसंध्या पर लिखी इस कविता में एक सार्वजनिक सभा में वक्ता चेतावनी देता है कि 'अगर हम उन्हें भीतर आने देंगे, तो वे हमारी रोजी-रोटी छीन लेंगे।' इस 'जेनोफोबिया' का उभार किसी शून्य में नहीं हो रहा है। यह एक गहरे संरचनात्मक बदलाव से प्रेरित है। हम भूल जाते हैं कि राष्ट्र-राज्य एक अपेक्षाकृत नया विचार है, जो उस समय उभरा था जब यात्राएं धीमी और सीमित हुआ करती थीं। उस दौर में दुनिया को अलग-अलग समुदायों के समूह के रूप में देखना तार्किक था। तब हर समुदाय अपने सदस्यों के कल्याण के लिए स्वयं जिम्मेदार था। इन इकाइयों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए एक साझा पहचान आवश्यक थी और इसी के लिए राष्ट्रवाद उभरा।**

नए साल में भी दुनिया की तस्वीर स्याह ही नजर आती है। बढ़ते संघर्ष और उभरता सत्तावाद संस्थाओं को कमजोर कर रहे हैं। बढ़ती विषमता आर्थिक असुरक्षा को गहरा रही है। लेकिन सबसे अधिक हतोत्साहित करने वाली घटना 'अदर्स' यानी दूसरों के प्रति बढ़ती नफरत है। दुनिया के तमाम देशों में राजनेता प्रवासियों और शरणार्थियों को एक खतरे के रूप में पेश कर रहे हैं। यह स्थिति डब्ल्यूएच ऑडेन की कविता 'रिफ्यूजी ब्लूज' की याद दिलाती है।

द्वितीय विश्व युद्ध की पूर्वसंध्या पर लिखी इस कविता में एक सार्वजनिक सभा में वक्ता चेतावनी देता है कि 'अगर हम उन्हें भीतर आने देंगे, तो वे हमारी रोजी-रोटी छीन लेंगे।' इस 'जेनोफोबिया' का उभार किसी शून्य में नहीं हो रहा है। यह एक गहरे संरचनात्मक बदलाव से प्रेरित है। हम भूल जाते हैं कि राष्ट्र-राज्य एक अपेक्षाकृत नया विचार है, जो उस समय उभरा था जब यात्राएं धीमी और सीमित हुआ करती थीं। उस दौर में दुनिया को अलग-अलग समुदायों के समूह के रूप में देखना तार्किक था। तब हर समुदाय अपने सदस्यों के कल्याण के लिए स्वयं जिम्मेदार था। इन इकाइयों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए एक साझा पहचान आवश्यक थी और इसी के लिए राष्ट्रवाद उभरा। लेकिन वैश्वीकरण ने इस व्यवस्था पर लगातार दबाव डाला है। वस्तुओं, पूंजी, सूचनाओं और लोगों की अपेक्षाकृत मुक्त आवाजाही- और उसके साथ डिजिटल क्रांति- ने कंपनियों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं को सीमाओं के पार जुड़ने में सक्षम बना दिया है। विडंबना यह है कि यही बात आज के धुर-राष्ट्रवाद को हवा दे रही है। यह उस मॉडल को पुनर्जीवित करने का प्रयास है, जिसे दुनिया पीछे छोड़ चुकी है। हम इसे पहले भी देख चुके हैं। नस्लीय श्रेष्ठता के दावे किसी जमाने में सामान्य माने जाते थे, लेकिन आज वे त्याज्य समझे जाते हैं। लेकिन आज भी लोगों का अपने-अपने देशों को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बताना आम है, जबकि समय के साथ राष्ट्रीय सर्वोच्चता के ऐसे दावे भी उतने ही असभ्य और अक्षम्य प्रतीत होंगे। इस बदलाव की रूपरेखाएं दशकों पहले ही दिखाई देने लगी थीं। 1992 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'द ट्वाइलाइट ऑफ सॉवरेन्टी' में वॉल्टर रिस्टन ने भविष्यवाणी की थी कि राष्ट्रीय सरकारें धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खो देंगी। उनके अनुसार, हमारा सामूहिक भविष्य लगातार उन लोगों के हाथों में जा रहा है, जो दूरसंचार और कंप्यूटरों के जरिये पूरे ग्रह को जोड़ रहे हैं और उन बैंकरों के हाथों में भी, जो वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक ढांचे के माध्यम से पूंजी का लेनदेन करते हैं। जैसे एक न्यायपूर्ण दुनिया के निर्माण के लिए दासता और नस्लीय श्रेष्ठता की अस्वीकृति आवश्यक थी, उसी तरह आने वाले समय में राष्ट्रवाद के अहंकार को त्यागना भी अनिवार्य हो सकता है। रबींद्रनाथ ठाकुर बार-बार सीमाओं से मुक्त दुनिया की कल्पना करते रहे थे। 1917 के एक निबंध में उन्होंने तर्क दिया था कि भले ही राष्ट्र-राज्य एक व्यावहारिक आवश्यकता बना रहे, लेकिन हमें अंततः उस दिन की आकांक्षा करनी चाहिए जब हमारी प्राथमिक पहचान केवल 'मानव' हो। पं. नेहरू ने भी इस दृष्टि की शक्ति को पहचाना था। लेकिन भले ही हम सार्वभौमिकता के नैतिक पक्ष को स्वीकार कर लें और यह मान लें कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कितनी गहराई से आपस में जुड़ चुकी है, फिर भी सवाल बना रहता है कि क्या सीमाओं से मुक्त दुनिया वास्तव में संभव है? आखिरकार, राष्ट्रवाद ने आगे बढ़ने और उत्कृष्टता हासिल करने की एक शक्तिशाली प्रेरणा भी तो देशों को दी है, जिसने विकास और इनोवेशन को गति देने में मदद की है। तीसरी शताब्दी ईसा-पूर्व के यूनानी स्टोइक दार्शनिक क्रिसिप्पस ऑफ सोली एक उपयोगी दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले क्रिसिप्पस नैतिक जीवन को समझाने के लिए प्रतिस्पर्धी खेलों का रूपक इस्तेमाल करते थे। अमेरिकी दार्शनिक टैड ब्रेनन के शब्दों में, वे धक्का-मुक्की रहित नैतिकता के पक्षधर थे, जिसका अर्थ यह है कि प्रतिस्पर्धी जीतने का प्रयास करें, लेकिन केवल खेल के नियमों के भीतर रहकर। ऐसी परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा- मित्रता, सहयोग और साझा उद्देश्य के साथ सह-अस्तित्व में रह सकती है। निस्संदेह, सीमाहीन दुनिया अभी दूर का सपना है। फिलहाल, हम जो कर सकते हैं, वह है मौजूदा सुपरनेशनल संस्थाओं को मजबूत करना- जैसे संयुक्त राष्ट्र, ब्रेटन वुड्स संस्थान और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय। ऐसे समय में, जब राष्ट्रवाद अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नींव को कमजोर कर रहा है, इन संस्थाओं की मजबूती अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें एक ऐसी दुनिया की आकांक्षा को संजोना होगा, जहां किसी को भी 'दूसरा' न माना जाए, और जहां शरणार्थियों तथा प्रवासियों को हमारी रोजी-रोटी छीनने वाले अमानवीय खतरों के रूप में चित्रित न किया जाए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# एमएलसी व सदर विधायक ने किया पार्क का भूमि पूजन

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**

ऐतिहासिक चन्देलकालीन रहिलिया सूर्य मन्दिर के समीप स्थित सूर्यकुण्ड में लगभग अस्सी लाख की लागत से बनने वाले पार्क का भूमि पूजन सदर विधायक एवं विधान परिषद सदस्य द्वारा किया गया।

नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा पन्द्रहवां वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत रहिलिया सूर्य मन्दिर के पास बने हुए सूर्य कुण्ड परिसर में लगभग अस्सी लाख की लागत से आकर्षक पार्क निर्मित कराया जाना है। शनिवार को सदर विधायक राकेश कुमार गोस्वामी एवं विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर सदर विधायक राकेश कुमार गोस्वामी ने कहा कि भारतवर्ष में मात्र दो सूर्य मन्दिर निर्मित हैं, जिसमें एक कोणार्क का सूर्य मन्दिर है और दूसरा रहिलिया का सूर्य मन्दिर, जिसे देखने पर्यटक आते हैं। सूर्य कुण्ड पार्क का निर्माण होने से आने वाले पर्यटकों में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के महोबा जनपद को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने के लिए अनेकों निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं जिसके प्रत्यक्ष प्रमाण पर्यटन विभाग द्वारा गोरखगिरि पर्वत में अनवरत् चल रहे निर्माण कार्य हैं। सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास में पूरा ध्यान दे रही है जिसके परिणाम स्वरूप कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे, महोबा का रिंग रोड, रेलवे लाइन का दोहरीकरण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। डॉ. सन्तोष चौरसिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महोबा ने जानकारी देते हुए बताया कि आम जनमानस एवं आने वाले पर्यटकों की सुविधा एवं प्राकृतिक सुन्दरता के दृष्टिगत सूर्य कुण्ड पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। पार्क में आकर्षक फूल-पौधे, बच्चों के लिए झूले तथा व्यापक प्रकाश व्यवस्था की जायेगी जिससे पार्क मनमोहक और सुन्दर लगेगा तथा यहां आने वाले पर्यटकों को आनन्द की अनुभूति होगी। शिलान्यास के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा,भाजपा महोबा मण्डल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रोहित शर्मा, सभासदगण नगर पालिका सुरेन्द्र तिवारी, मोहम्मद रईस, राहुल सेन, ललित पटेल, राजेश कुमार, नीतू बृजेन्द्र साहू साधना राजू गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि बलवान, संदीप, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, सहायक अभियन्ता विकास शुक्ला, लेखाकार अरूण शुक्ला, अवर अभियन्ता मनोज कुमार गुप्ता राजेश त्रिपाठी, ठेकेदार, पालिकाकर्मी, गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# विधायक ने की एसआईआर वोटरलिस्ट की समीक्षा

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

एस आई आर की वोटर लिस्ट को शुद्ध व सही अपडेट करने के लिए ए.एस.डी.सूची की राठ विधायक मनीषा अनुरागी कस्बा मुस्करा के ब्लाक परिसर में बूथ अध्यक्ष व बूथ प्रभारी के साथ की समीक्षा बैठक की मुस्करा ब्लाक परिसर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर 6 जनवरी को प्रकाशित सूची का वाचन किया व वोटर लिस्ट से जिनके नाम कटे हैं उनकी भी समीक्षा की राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने शक्तिकेन्द्र1व शक्तिकेन्द्र 2 के संयोजक बूथ अध्यक्ष व बीएलए 2 के साथ ए.एस.डी सूची का वृहद मंथन किया किया गया जिन जगहों पर अभी भी अनुपस्थिति वोटर हैं उनके लिए कार्यकर्ताओं को लगने के लिए कहा हर बूथ में फार्म 6,7,8 भरकर 150 नए वोटर बनाने का लक्ष्य भी दिया मुस्करा में पहले 10 बूथ थे जो बढ़कर 11 हो गए हैं इस बैठक में ब्लॉक प्रमुख मुस्करा वीरनारायण राजपूत,शक्ति चौरसिया मंडल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि करन सिंह राजपूत, विधानसभा संयोजक एस आई आर अभिषेक तिवारी, सुनील अग्रवाल, अशोक शिवहरे, प्रेमसागर पाल, कुबेर राजपूत, भूपेंद्र राजपूत, अमित शिवहरे, प्रमोद अग्रवाल, निश्चल दीक्षित, संदीप विश्वकर्मा सहित सभी बीएलओ उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### सरीला थाने में समाधान दिवस आयोजित



**सरीला (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना चिकासी में थाना समाधान दिवस उपजिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ शनिवार को चिकासी थाना में उपजिलाधिकारी बलराम गुप्ता व अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थाना दिवस में आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये ।इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक मयंक चन्देल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए रखा दो मिनट का मौन

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील चरखारी अध्यक्ष विनायक लक्षकार के पिता का असमय निधन की खबर सुनकर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। उन्होंने बैठक कर मृतक की आत्मा को शांति व इस दु:ख की घड़ी में परिवार को शक्ति प्रदान करने को दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार रामगोपाल अग्रवाल, इलयास अहमद, अजय अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, पुरषोत्तम सोनी, रामराजा सोनी, शिवकुमार, सुनील अग्रवाल उर्फ गुड्डा, इखलाक अहमद आदि पत्रकार जन मौजूद रहे।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** 10 जनवरी थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव निवासी वारंटी को पुलिस ने गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव निवासी ओंकार पुत्र रमेश के खिलाफ थाने में मुकदमा पंजीकृत है। इसमें न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया है। उपनिरीक्षक अंजली शर्मा ने उसे गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### थाना परिसर में समाधान दिवस आयोजित

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** 10 जनवरी स्थानीय थाना परिसर में समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें दो शिकायती पत्र दर्ज किए गए थाना परिसर में आयोजित समस्या समाधान दिवस में एस डी एम सदर के डी शर्मा द्वारा मौजूद रहकर लोगो की समस्या सुनी। राजस्व से संबंधित दो शिकायती पत्र दर्ज किए गए। तथा निस्तारण के लिए संबंधित लेखपाल को दिए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी राम आसरे सरोज , उपनिरीक्षक अशर्फी लाल, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### राठ-उरई मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**सरीला (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** जरिया थाना क्षेत्र के राठ उरई मार्ग पर गोहाण्ड कस्बा के रिसोर्ट के पास बीती देर शाम दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी गोहाण्ड में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उरई रैफर किया गया है शुक्रवार देर शाम थाना राठ क्षेत्र के टोला गाँव निवासी बाइक सवार रमाकांत (28) पुत्र मोहनलाल उम्र 28 वर्ष निवासी टोला राठ की ओर जा रहे थे। दूसरी बाइक सवार हरिचंद (55) पुत्र बाबूलाल और रामदीन साहू (45) पुत्र जंगबहादुर निवासी तेली पहाड़ी थाना महोबकंठ जिला महोबा उरई तरफ जा रहे थे। तभी राठ उरई मार्ग पर गोहाण्ड कस्बा के एक रिसोर्ट के पास दोनो बाइकों में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक तीनों लोग गम्भीर रूप स घायल हो गये। सूचना पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी गोहाण्ड में भर्ती कराया गया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिनेश पाण्डेय ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई रैफर किया गया है। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी है।

### धूप खिलने से फसलों को कीट पतंगों से मिलेगी राहत



**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** पिछले 20 दिन से बगैर बरसात के पड़ रहे कोहरे के चलते दलहनी एवं तिलहनी फसलों में पैदा हुए कीट पतंगों की धूप खिलते ही खत्म होने की संभावना बनने लगी है। गत 20 दिनों से पूरा क्षेत्र भीषण कोहरे एवं सर्दी की चपेट में रहा है। बगैर बरसात के लगातार कोहरा पड़ने तथा धूप गायब रहने से सरसों, मटर, मसूर, चना, अरहर आदि की फसलों में माहू, एवं सूंड़ी का प्रकोप बढ़ गया था। इससे किसान परेशान हो उठा था। लेकिन पिछले दो दिनों से धूप खिलने से किसानों ने राहत महसूस की है। किसान राधेश्याम सिंह, चंद्रभान कुशवाहा, रामखेलावन, रमेश कुमार, महेश लखेरा, प्रदीप गुप्ता, घसीटा गुप्ता सुरेश गुप्ता आदि ने बताया कि लगातार पड़ रहे कोहरे से फसलों में विपरीत असर पड़ रहा था। धूप गायब होने से कीट पतंगों की संख्या में इजाफा होने लगा था, लेकिन अब धूप खिलने से इनकी बढ़ोतरी में विराम लगेगा और पछुआ हवा एवं धूप पाकर फसलों में सुधार होगा। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला ने बताया कि किसान फसलों को कीट पतंग से बचने के लिए डाईमिथियोट दो एमएल प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर छिड़काव करें। फसलों में कीट पतंग का प्रकोप खत्म हो जाएगा।

# विषम सेमेस्टर की परीक्षा कैमरे की निगरानी में सम्पन्न

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की चल रही विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शनिवार को सुबह पाली में बीए पंचम सेमेस्टर विषय समाज शास्त्र की परीक्षा सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में ऑनलाइन सम्पन्न कराई।

वही सघन तलासी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। मुस्करा विकास खंड क्षेत्र गांव गहरौली में संचालित स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेन्द्र पांडेय ने बताया कि शनिवार की सुबह पाली में बीए पंचम सेमेस्टर विषय समाजशास्त्र द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा 39 छात्राओ ने दी। हीरानन्दं पीजी कालेज बिवार के प्राचार्य डॉ अभिनन्दन सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह पाली में आयोजित हुई बीए पंचम सेमेस्टर विषय समाज शास्त्र द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा के 56 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जो सभी उपस्थित रहे।

वही परीक्षा पूर्व छात्रों की सघन तलासी करके उनका प्रवेश दिया जाता है। हरपाल सिंह कन्या मैमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र बहादुर ने बताया कि शनिवार की सुबह पाली में होने बाली परीक्षा के लिए 33 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 2 अनुपस्थिति रहे।

इसी प्रकार अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय लोदीपुर निवादा के प्राचार्य डॉ. शिवमंगल तिवारी ने बताया कि सुबह पाली में सम्पन हुई परीक्षा में 56 परीक्षार्थी सम्मिलित रहे।

वही स्वर्गीय बाबूराम महाविद्यालय बिगहना के प्राचार्य डॉ अरविन्द्र पांडेय ने बताया कि शनिवार को सुबह पाली आयोजित हुई की परीक्षा 32 छात्र-छात्राओ को देनी थी जो सभी मौजूद रहे।

# डॉ. सम्पूर्णानन्द को अर्पित की पुष्पांजलि



**भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने महान देशभक्त डा. संपूर्णानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि डा. संपूर्णानंद सही अर्थों में एक सच्चे देशभक्त थे। देश के प्रति उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

संपूर्णानंद का एक जनवरी 1889 को वाराणसी में मुन्शी विजयानंद और आनंदी देवी के घर जन्म हुआ था। आजादी के संघर्ष में असहयोग आंदोलन से सविनय अवज्ञा आन्दोलन तथा भारत छोड़ो आंदोलन तक ये पांच साल जेल में बंद रहे। इन्हें संस्कृत, उर्दू तथा फारसी का अच्छा ज्ञान था। ये एक अच्छे साहित्यकार थे जिन्होंने 45 पुस्तकें लिखी। आजादी के बाद ये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा राजस्थान के राज्यपाल भी रहे। कालांतर में इनका 10 जनवरी 1969 में निधन हो गया। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, महावीर जे ई, पंकज सिंह, रिचा, रामनरायन सोनकर, रामबाबू , विकास, फूलचंद, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## सड़क जर्जर, लोग परेशान



**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** 10 जनवरी कस्बा कुरारा के नगर पंचायत के सामने से मेन बाजार को गई रास्ता में गहरा गड्ढा हो जाने से वाहन पलट जा रहे हैं। जिससे लोग चोटिल हो रहे है। कस्बा कुरारा में नगर पंचायत के सामने से मुख्य बाजार को गई रास्ता में पक्की सड़क से नीचे गहरा गड्ढा हो जाने से ई रिक्शा आदि वाहन पलट जाते है। जिससे लोग अक्सर चोटिल हो रहे है। कस्बा निवासी प्रमोद, अरविंद, प्रदीप आदि ने बताया कि बाजार जाने वाली रास्ते की पुलिया व लोकनिर्माण विभाग की सड़क के बीच में गहरा गड्ढा हो जाने से वाहन अक्सर पलटते रहते है। लोगो ने इस गड्ढे को ठीक कराए जाने की मांग की है।

# कस्बे में 71 स्थानों पर अलाव जलाने के दावे के विपरित, पन्नी जलाकर आग तापते दिखे लोग

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में अलाव के अभाव में लोग पन्नी आदि जलाकर सर्दी से बचाव कर रहे हैं। बीती रात 9:00 बजे की गई पड़ताल में नगर पंचायत के अलाव नदारत दिखे जबकि अधिशाषी अधिकारी का दावा है कि कस्बे के 71 स्थानों में अलाव जल रहे हैं। स्थान कौन से हैं और कहां है।

इसकी स्थिति वह स्पष्ट नहीं कर सके बीती रात की गई पड़ताल में लोग बांदा मार्ग में रेलवे के गेट की संख्या 31 के समीप पन्नी जलाकर आग ताप रहे थे। धर्मेश्वर बाबा मोहाल निवासी अंकित, बलवान, हंसराज, देव कुमार, पुरुषोत्तम, महेश उर्फ मेहमान आदि ने बताया कि यहां आस-पास कहीं भी नगर पंचायत के अलाव नहीं जलते हैं जबकि अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य का दावा है कि कस्बे के



71 स्थानों पर अलाव जल रहे है लेकिन वह स्थान स्पष्ट नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि पन्नी जलाकर प्रदूषण पैदा करने वालों पर जुर्माना किया जाएगा।

व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि अधिशाषी अधिकारी का दावा झूठा है। मुख्य बाजार में ही प्रमुख स्थानों के अलाव गायब हैं।

## सहकारी समितियों से यूरिया गायब, बाजार से महंगे दामों में खरीद रहे किसान

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** मौसम साफ होते ही किसानों को यूरिया की दरकार है लेकिन यह समितियों से गायब है। सहकारी समितियों में यूरिया कब उपलब्ध होगी इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है ।ब्लॉक के किसानों को सहकारी समिति सुमेरपुर, इंगोहटा, छानी, पौथिया, हेलापुर, पंचखुरा बुजुर्ग, मुंडेरा के अलावा क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में रासायनिक खादें प्राप्त होती है। पिछले एक सप्ताह से किसी भी सहकारी समिति में यूरिया नहीं है। बाजार में यूरिया 380 रुपए से लेकर 400 रुपए प्रति बैग बिक रही है जबकि इसका निर्धारित दाम 267.50 प्रति बैग है ।क्रय विक्रय सहकारी समिति के सचिव शुभम त्रिपाठी एवं पीसीएफ किसान सेवा केंद्र के प्रभारी शिव सिंह ने बताया कि डिमांड लगी है। जल्द ही यूरिया वितरण के लिए उपलब्ध होगी।

# सीओ ने किया सिद्धेश्वर बाबा मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

**समृद्धि न्यूज महोबकंठ/महोबा।**

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड द्वारा थाना महोबकंठ अंतर्गत सिद्धेश्वर बाबा मंदिर क्षेत्र में दिनांक 14 जनवरी से 22 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले मेला, स्नान, दर्शन एवं पूजा-पाठ के दृष्टिगत स्थलीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

क्षेत्राधिकारी द्वारा मेले की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित संचालन को ध्यान में रखते हुए दुकानों का नियमानुसार व्यवस्थापन, सीसीटीवी कैमरे, पुलिस सहायता केंद्र, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, पार्किंग व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था तथा एम्बुलेंस/स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में गहनतापूर्वक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने निर्देशित किया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि रहे, भीड़ प्रबंधन प्रभावी ढंग से किया जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं। संबंधित अधिकारियों एवं आयोजकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय से समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी महोबकंठ वरिष्ठ उपनिरीक्षक कन्हैया लाल,प्रभारी फायर सर्विस महोबा महेन्द्र सिंह सहित मेला आयोजकगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरीला क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर लाखों का समान किया पार

**सरीला (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

जलालपुर थाना क्षेत्र के छेड़ी बेनी गाँव में अज्ञात चोरों ने बीती रात एक घर का ताला तोड़कर लाखों की कीमत के आभूषण से भरा बक्सा उठा कर ले गए और गहने निकालने के बाद तालाब की सीढ़ियों में पत्थर से दबा कर भाग गये।

मामले की जानकारी परिजन को सुबह हुई। बक्सा में रखे सोने-चांदी के जेवरात व एक हजार की नगदी गायब थी। पीड़ित ने इसकी जानकारी पुलिस को दी है क्षेत्र के छेड़ी बेनी गाँव निवासी संदीप पुत्र मलखान ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शुक्रवार रात में घर के लोग खाना खा



कर सो गए थे। शनिवार सुबह जब जागे तो देखा कि घर के कमरे का ताला टूटा हुआ था।

अंदर जा कर देखा तो बक्सा गायब था। चोरी की खबर लगते ही गाँव में हड़कंप मच गया। पीड़ित के घर भीड़ जमा हो गई। इसी बीच तालाब किनारे खेल रहे बच्चों की नजर तालाब की सीढ़ियों में पत्थर के नीचे दबे बक्शे पर पड़ी।

बच्चों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों एवं पीड़ित के परिजनों को दी। परिजनों ने तालाब पर जाकर बक्शे को देखा तो उसमें रखे लाखों की कीमत के सोने चांदी के गहने व नगदी गायब मिले चोरी गए गहनों में सोने के ब्रजबाला, अंगूठी, नाक की बेसर, बेंदी, चूड़ियां, चांदी की तोड़िया, पायल, मीना, हाफपेटी, बिछुवा व एक हजार रुपये नगद गायब थे। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी और प्रार्थना पत्र देकर जाँच कर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष जलालपुर अजीत सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## विद्युत विभाग ने कैम्प लागाकर बकाया राजस्व कराया जमा

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** मसगांव गांव में बिजली विभाग ने कैंप लगकर वसूली अभियान में लगभग अस्सी हजार रुपये बकाया बिल का राजस्व जमा कराया गया ।आयोजित कैंप में 35 बड़े बकाएदारो के कनेक्शन भी काटे गए। इमिलिया बिजली पावर हाउस के अंतर्गत मसगांव गांव में दिलीप शुक्ला के आवास के पास इमिलिया पावर हाउस के अवर अभियंता अवधेश कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम में अरविन्द्र सोनी, रितिक दिवेदी, योगेंद्र व हर्ष के द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमे सरकार द्वारा चलाये जा रहे बिजली राहत योजना के तहत 25 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन कराया गया और वही लगभग 35 बड़े बकाएदारो के द्वारा बिल न जमा किये जाने पर उनके कनेक्शन काटे गए तथा एक दर्जन से अधिकउपभोक्ताओं की समस्याओ का निस्तारण करते हुए लगभग अस्सी हजार रुपये बकाया जमा कराया गया।

# एसपी ने किया खरेला थानाक्षेत्र के प्रस्तावित पुलिस चौकी के स्थल का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, खरेला/महोबा।**

पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना खरेला क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कुडार, बल्लाय, चन्दौली, जरौली, तिसौनी एवं दबका की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पांच पाटे मंदिर के पास प्रस्तावित पुलिस चौकी निर्माण हेतु चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी निर्माण हेतु चयनित स्थल पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं विद्युत आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर चौकी में नियुक्त



होने वाले पुलिस कर्मियों हेतु आवश्यक आधारभूत सुविधाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। प्रस्तावित पुलिस चौकी के निर्माण से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, साथ ही संवेदनशील गांवों के नागरिकों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी, जिससे जनसुरक्षा एवं जनविश्वास में वृद्धि होगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला नन्हेलाल, पीआरओ राहुल मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौके पर उपस्थित रहे।

# सीओ ने थाना कुलपहाड़ में विवेचकों के साथ की समीक्षा बैठक

- विवेचना निस्तारण, कानून-व्यवस्था व प्रशासनिक कार्यों पर दिए गए आवश्यक निर्देश

**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।**



क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड द्वारा थाना कुलपहाड़ में नियुक्त विवेचकों के साथ लंबित विवेचनाओं के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से अर्दली रूम/समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रत्येक विवेचक से उनकी लंबित विवेचनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई तथा सभी मामलों का समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**समीक्षा के प्रमुख बिन्दुः-** आई जी आर एस, सी वी आर एवं डी वी आर से संबंधित प्रविष्टियों का समय से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शस्त्र लाइसेंस के सत्यापन, नवीनीकरण एवं निरस्तीकरण से संबंधित कार्यवाहियों में शीघ्रता लाने के निर्देश। गुमशुदगी एवं बरामदगी से संबंधित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। निरोधात्मक कार्यवाही के अंतर्गत कार्रवाई में सक्रियता बनाए रखने तथा क्षेत्र के शातिर/गुंडा किस्म के अपराधियों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश।

थाना क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त एवं वाहन चेकिंग को निरंतर जारी रखते हुए अपराध नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा हेतु सघनता बढ़ाने के निर्देश।

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा सभी विवेचकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विवेचना को विवेकपूर्ण, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

# थाना समाधान दिवस : एसपी ने की जनसुनवाई

- आमजन की समस्याओं को सुन संबंधितों को दिए निराकरण के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, खरेला/महोबा।**



थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना खरेला पहुँचकर क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला श्री नन्हेलाल सहित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सभी को उनकी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। इसी प्रकार क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना खन्ना में व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड द्वारा थाना महोबकंठ में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में जनसुनवाई की गई तथा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 20 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित तथा 05 शिकायतें पुलिस से सम्बन्धित पाई गईं। इस दौरान मौके पर ही 04 शिकायतों का त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया है तथा प्राप्त अन्य समस्त शिकायतों के समाधान/निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही प्रगति पर है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

**भूमि विवादों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं मौके पर जाकर निस्तारण करने के दिये निर्देश**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने थाना सफदरगंज पहुंचकर आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत लंबित एवं प्रमुख भूमि विवादों को चिन्हित करते हुए आपसी समन्वय के साथ मौके पर जाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। **संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण के**




**निर्देश:** थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों गयाप्रसाद पुत्र रामेश्वर निवासी सैफपुर, श्री रघुनाथ पुत्र बालगोविंद निवासी ग्राम मुस्काबाद, गुरुदयाल पुत्र जगन्नाथ निवासी जकरिया तथा श्रीमती गोल्ही पत्नी सत्यनाम निवासी महमूदाबाद के संबंध में अधिकारी द्वय द्वारा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर आज ही मौके पर जाकर प्रकरणों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए।

साथ ही निस्तारण आख्या निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रस्तुत करने तथा यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि भविष्य में इस प्रकार के विवादों की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर पूर्व के थाना समाधान दिवसों में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई। अधिकारी द्वय द्वारा निस्तारण आख्या का अवलोकन करते हुए दूरभाष के माध्यम से आवेदकों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया गया। इस क्रम में श्री गणेश प्रसाद पुत्र राम सागर निवासी पंडरी सहित अन्य आवेदकों ने प्रकरणों में की गई कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया।

## समाधान दिवस में नवागत थाना प्रभारी ने सुनी फरियादें

**मसौली बाराबंकी।** शनिवार को नवागत प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे 4 शिकायते राजस्व से संबंधित आयी जिसके निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम का गठन किया गया है। नवागत प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के समक्ष कस्बा शहाबपुर निवासी अकील , ठकुरिया निवासी जगदम्बा, अमदहा निवासी उमेशचंद, व रोशन चक निवासी राम प्रसाद ने खेत की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व एव पुलिस टीम का गठन किया। नवागत थाना प्रभारी ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसना व अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कर अमन चैन कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। सरकार के मिशन को ईमानदारी से लागू कराना होगा।

# विद्युत समस्या से निजात दिलाने के लिए सांसद ने दी बड़ी सौगात

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत कटौती से निजात दिलाने के लिए अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने विद्युत उपखंड सलोन में ट्राली ट्रांसफार्मर 250 केवीए का फीता काट कर उद्घाटन किया और कहा आम जनमानस को गर्मी से छुटकारा हेतु सांसद निधि से 18 लाख रुपये की लागत से दो ट्राली ट्रांसफार्मर से राहत मिलेगी जिससे सलोन की जनता को विद्युत कटौती से छुटकारा मिल सके। उन्होंने सलोन विधानसभा की जनता को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उदगार व्यक्त किया और कहा कि सलोन विधानसभा की जनता ने मेरे जीत में



प्रथम स्थान दिलाया जिसके लिए मैं उनका ऋणी हूं उनकी सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा। उद्घाटन का संचालन टीएन त्रिपाठी ने किया। उपखंड के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने ट्राली ट्रांसफरमर के संचालन के बारे में उपस्थित लोगों को बताया व सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंगल, दिग्विजय सिंह,बृजेश तिवारी, मो. मोवीन चन्दन, चौधरी निखत, अब्बू भाई, अर्जुन पासी, तुलसी राम,किरन देवी, तनवीर, आदिल,आशीष सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



## पूर्व विधायक के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री का हुआ स्वागत

**बछरावां,रायबरेली।** अपने एक दिवसीय दौरे पर जनपद रायबरेली जा रहे जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान का कस्बे के मुख्य चौराहे पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल बछरावां के अध्यक्ष सुनील सागर ने प्रभारी मंत्री से विगत कई वर्ष पूर्व बछरावां को तहसील बनाने की उठी मांग को लेकर एक बार फिर अपनी मांग रखते हुए उक्त मामले को दोहराया। साथ ही साथ नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ जी ने नगर पंचायत बछरावां की सीमा विस्तार को लेकर भी प्रभारी मंत्री से चर्चा की। इस मौके पर मयंक रंजन द्विवेदी, सभासद बालकृष्ण पांडे सहित भारतीय जनता पार्टी की अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमेठी सांसद केएल शर्मा ने कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

**शिवगढ़,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

अपने दो दिवसीय दौरे पर जनपद रायबरेली पहुंचे अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने शुक्रवार देर शाम शिवगढ़ नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर एक दामोदर खेड़ा में शिवगढ़ द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस की जिला सचिव अंजली पासी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी के नेतृत्व में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में वह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार मनरेगा को समाप्त करने के लिए कुचक्र रच रही है।

जिसे कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि अगले 100 दिनों के अंदर प्रदेश में मनरेगा सहित अन्य जनहित की योजनाओं को लेकर 13 बड़ी रैलियां पार्टी के द्वारा आयोजित की जाएगी और हर विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह पर नुक्कड़ सभाओ के माध्यम से देश की जनता को जागरूक किया जाएगा। इस मौके पार्टी के



जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेत में पानी लगाते समय गड्ढे में गिरने से किसान की मौत

**लालगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में शुक्रवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में पानी लगाने गए एक किसान की गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। गांव निवासी गंगा प्रसाद उर्फ भोला (69) पुत्र जगन्नाथ घर से कुछ दूरी पर स्थित आलू के खेत में गए थे। खेत में पानी लगाते समय वह अचानक गड्ढे में गिर पड़े। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है।
पत्नी कांति देवी और बेटे गिरजा शंकर व हरी शंकर का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने शव के पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

# नाली साफ करने के दौरान विवाद पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत दैजुआ खेड़ा गांव में शनिवार को नाली साफ करने के दौरान विवाद हो गया, जो मारपीट में तब्दील हो गया। पीड़िता ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल पीड़िता गुड़िया देवी पत्नी श्रवण कुमार निवासी उपरोक्त ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह उक्त गांव की मूल निवासिनी है। शनिवार की सुबह उसका पुत्र मयंक अपने दरवाजे पर स्थित नाली की सफाई कर रहा था, तभी विपक्षीगढ़ भगवानदीन पुत्र अयोध्या प्रसाद एवं भगवान देई पत्नी भगवान दीन निवासी उपरोक्त के द्वारा अकारण गंदी गंदी गालियां दी जाने लगी, जब मैंने उन्हें मना किया तो विपक्षी मुझे वह मेरे पुत्र को मारने पीटने पर आमादा हो गए और वाद विवाद में उन्होंने लात घूसों से मुझे व मेरे पुत्र को बुरी तरह पीट दिया। मैंने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मुझे थाने में प्रार्थना पत्र देने की बात कही। वही उक्त पीड़िता की तहरीर के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस के द्वारा उन दोनों घायलों का इलाज व मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में कराया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर घायलों का इलाज व मेडिकल अस्पताल में कराया गया है। आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ताओं को समर्पित रहेगा मेरा जीवन : प्रभात कुमार



**सीतापुर।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव के मद्देनज़र प्रत्याशी एवं लखनऊ के अधिवक्ता प्रभात कुमार शर्मा ने तहसील सीतापुर परिसर में अधिवक्ताओं से व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने तख्त-दर-तख्त जाकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की और समर्थन की अपील की। अपने संबोधन में प्रभात कुमार शर्मा ने कहा कि यदि उन्हें चुनाव में विजय प्राप्त होती है तो उनका संपूर्ण जीवन अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए समर्पित रहेगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से प्रथम वरीयता का मत देकर सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर तहसील परिसर में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### हत्या में वांछित 25 हजार रुपये का इनामिया गिरफ्तार

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** बीते 4 दिसंबर को ग्राम डिहवा मजरे दुर्गापुर निवासी राकेश वर्मा अपने खेत में आलू की मेढ़ी चढ़ा रहे थे। इसी दौरान उनका छोटा भाई दिनेश वर्मा खेत पर पहुंचा और विवाद के बाद कुदाल छीनकर राकेश वर्मा के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद उसने शव को लगभग 300 मीटर दूर झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गया था। परिजनों की तहरीर पर थाना पीपरपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार को थाना पीपरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त दिनेश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि अभियुक्त घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है।

### आवारा सांड़ से टकराई कार, तीन घायल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली अयोध्या हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार की आवारा पशु से जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए सड़क किनारे जा गिरी। हादसे में वाहन सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, कार सवार अयोध्या दर्शन कर वापस अपने घर रायबरेली लौट रहे थे। इसी दौरान भले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत थौरी के पास अचानक सड़क पर आए आवारा पशु से कार टकरा गई। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा जगदीशपुर ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां उपचार के दौरान एक महिला की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। घायल युवक और महिला रायबरेली के थाना सदर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आईजीआरएस रैंकिंग में मुसाफिरखाना प्रदेश में प्रथम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शासन द्वारा विगत माह दिसम्बर की जारी आईजीआरएस रैंकिंग में मुसाफिरखाना तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण का परिणाम है। उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया ने बताया कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देते हुए तहसील स्तर पर लगातार प्रभावी कार्य किया गया। जिसका सकारात्मक परिणाम रैंकिंग में देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि मुसाफिरखाना तहसील ने श्रेष्ठ कार्य करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही को विशेष महत्व दिया गया।

# ई रिक्शा-बाइक की टक्कर में सगे भाई सहित तीन लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर नवीन मंडी स्थल के निकट शनिवार की सुबह ई रिक्शा एवं मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक सवार दो सगे भाई सहित तीन लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बस्ती का पुरवा मजरे गोसूपुर गाँव निवासी सब्जी विक्रेता कल्लू मौर्य पुत्र सुंदर 48 वर्ष नवीन मंडी स्थल से सब्जी खरीदने के बाद ई रिक्शा से सब्जी कस्बा स्थित अपनी दुकान पर ला रहे थे सुबह लगभग 8:00 बजे जब ई रिक्शा नवीन मंडी स्थल के आगे कट के निकट पहुंचा की तभी हैदरगढ़ की ओर से जा रही बाइक से टक्कर हो गई।

टक्कर के बाद ई रिक्शा पलट गया जिसकी वजह से कल्लू के अलावा मोटरसाइकिल से सब्जी खरीदने नवीन मंडी स्थल जा रहे कस्बा के पूरे मितई वार्ड निवासी सब्जी विक्रेता श्रीपाल मौर्य के पुत्र संदीप मौर्य 21 वर्ष एवं विजयी मौर्य 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हड्डी की चोट की वजह से कल्लू को जिला अस्पताल वही दोनों सगे भाइयों को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## लॉयर्स एसो. वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने बांधा समा

**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव के अंतिम चरण में शुक्रवार देर रात तहसील प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी शरद चौधरी एसडीएम शिखा शुक्ला एवं तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी उपस्थित रहे।
हारमनी बाय हरिमोहन म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों में कलाकार हरिमोहन बिष्ट, रूबी मिश्रा, ऋषि तिवारी, पवन कुमार, रिंकू एवं सुधीर रंजन ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाजसेवी शरद चौधरी ने भी संगीत के साथ अपने पुराने गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को और यादगार बना दिया, वहीं एसडीएम शिखा शुक्ला ने सुंदर गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। देर रात तक चले कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

# छह अभियुक्तों को न्यायालय में किया पेश



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

**अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में थाना बछरावां की पुलिस टीम रही मौजूद**

पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/ वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा छह नफर वारंटी राजू पुत्र भगवान निवासी रामपुर सुदौली थाना बछरावां जनपद रायबरेली, मुन्ना पासी पुत्र रामदुलारे निवासी कुर्री सुदौली थाना बछरावां रायबरेली, विजय कुमार पुत्र भोला सिंह निवासी नीवा थाना बछरावां जनपद रायबरेली, धीरज पुत्र बिंदा प्रसाद निवासी मुबारकपुर सांपों थाना बछरावां जनपद रायबरेली, भिखारी पुत्र स्वर्गीय मंगरे निवासी बगाही मजरे बिशनपुर थाना बछरावां जनपद रायबरेली एवं गंगा प्रसाद उर्फ कल्लू पुत्र पुनवासी निवासी ग्राम थुलेंडी थाना बछरावां जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया है।

जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में थाना बछरावां की पुलिस टीम मौजूद रही।

## दीवानी न्यायालय का शिलान्यास 17 जनवरी को

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज मिश्रा ने बताया कि दीवानी न्यायालय मुख्यालय गौरीगंज के निर्माण का शिलान्यास आगामी 17 जनवरी को किया जाएगा। शिलान्यास भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उत्तर प्रदेश के नवसृजित जनपद चंदौली से होगा। शिलान्यास समारोह में प्रयागराज उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उच्च न्यायालय प्रयागराज के अन्य न्यायमूर्तिगण गरिमामयी रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला न्यायाधीश राम मिलन सिंह ने सेंट्रल बार एसोसिएशन एवं जिला बार एसोसिएशन अमेठी के अध्यक्षों के माध्यम से जनपद के समस्त अधिवक्ता बंधुओं को शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

# मानकों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ प्रवर्तन टीम की कार्यवाही तेज

**21 का चालान व 2 ओवरलोड को थानो में निरुद्ध कर लगाया 2 लाख जुर्माना**

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा 8 से 14 जनवरी तक शुरु किये गये विशेष चेकिंग आपरेशन के अन्तर्गत मानको का उल्लंघन करने वालो वाहनो के खिलाफ कार्यवाही तेज कर दी है। इस दौरान प्रवर्तन टीम द्वारा नो फ्यूल नो हेलमेट, सीटबेल्ट, रागसांइड, रेटो रिफ्लेक्टर टेप, एचएसआरपी का उल्लंघन मिलने पर 21 चालान व 2



ओवरलोड़ वाहनो को थानो मे निरुद्ध करते हुये लगभग 2 लाख रुपये जुर्माना किया गया। आज शनिवार को यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने दर्जनो पेट्रोल पम्प पर नो हेलमेट नो फ्यूल के तहत दो पहिया वाहन चालको को जागरुक किया। तथा पम्प संचालको को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। तो वही पूर्वांचल एक्सप्रेस पर क्षमता से अधिक माल लदा मिले वाहन संख्या आर0जे 05 जीडी 0052 को चालान कर सीज किया। वाहन को सीज कराने के लिये पीटीओ श्री त्यागी को कई घंटो तक एक से दूसरे थाने मे चक्कर भी लगाने पडे। उच्च अधिकारियो से सम्पर्क के बाद वाहन को नवीन बस अड्डा मे बंद किया गया।

# अज्ञात कारणों से लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा थाना क्षेत्र के मल्हन पुरवा गांव में रामप्रकाश के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में हजारों रुपए का घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया।

घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। रामप्रकाश और उनके परिवार के सदस्य खेत में पानी लगा रहे थे। पड़ोसियों ने छप्पर से धुआं उठते देखा, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी।

सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। टिकुरी वार्ड के सभासद विशाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग पर पूरी तरह काबू पाने से पहले ही घर में रखे कपड़े, अनाज, भूसा और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गए। इससे हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। सभासद विशाल ने इस घटना की सूचना हल्का लेखपाल को दी। लेखपाल जेलेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौंपी जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता मिल सके।

# टीआरसी लॉ कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारम्भ

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

सतरिख स्थित टी आर सी लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सप्त दिवसीय कार्यक्रमों का भव्य आगाज हर्षोल्लास के साथ हुआ। राष्ट्रीय युवा दिवस के प्रथम दिन स्वामी विवेकानन्द को नमन कर कॉलेज की सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजिका डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव के निर्देशन में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली में सम्मिलित सैकड़ो विधि छात्र-छात्राओं के समूह को स्वायत्तशासी लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल छात्रों ने इस अवसर पर आम-जन को जागरूक करने के उद्देश्य से अनेकानेक स्लोगन




के नारे लगाए जिसमें युवा शक्ति-देश की प्रगति, जागो युवा-बदलो जमाना, विकास की राह-युवाओं के साथ, युवा जागो-राष्ट्र संभालो प्रमुख थे। जिनसे समस्त जनमानस में युवाओं के प्रति सोच बदलने एवं युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया।

रैली पोस्टर-बैनर के साथ सतरिख कोतवाली होते हुए शहर के गोल चौराहा से आगे बढ़ते हुए हरख मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुँची। वहाँ से सैय्यद सलार शाहू गाजी मस्जिद मार्ग से होते हुए युवा छात्र-छात्राओं की रैली सतरिख बाजार के पानी की टंकी से वापस कॉलेज में प्रवेश किया और सेमिनार हॉल में एकत्रित होकर डॉ. धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में युवा भारत देश के निर्माण एवं विकास में सहभागिता का शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर विधि परास्नातक, विधि स्नातक विभाग के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## खेल से युवाओं की प्रतिभा में होती है उत्तरोत्तर वृद्धि : गौरव रावत



**मसौली बाराबंकी।** खेल शारीरिक विकास का साधन है । खेलों से युवाओं की शारीरिक प्रतिभा में उत्तरोत्तर वृद्धि होती है। और ग्रमीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओ में निखार आता है। उक्त बातें शनिवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित जमील उर रहमान किदवाई स्मारक स्टेडियम मे दो दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का फीता काटकर उदघाटन करते हुए सपा विधायक गौरव कुमार रावत ने कही। उन्होंने कहा कि क्रिकेट पूरी दुनिया मे अंतराष्ट्रीय खेल के तौर पर खेला जाता हैं। ग्रमीण अंचलों में क्रिकेट के बेहतरीन प्रतिभाएं है जरूरत है उनमे निखार लाने की जिसके लिए सरकार को चाहिए कि गांव की इन प्रतिभाओ को संसाधन उपलब्ध कराकर अवसर देना चाहिए। विधायक गौरव रावत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। खेल में हार जीत होती रहती है हार जीत से सबक लेकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ना चाहिए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि खेल से आपसी एकता और भाईचारा बढ़ता है खेल से हमें अनुसाशन और एकता की सीख मिलती है उन्होंने कहा कि गांव में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन कर ग्रामीण प्रतिभा को एक बेहतर मंच देने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उद्घाटन मैच बड़ागांव एव दादरा के बींच खेला गया जिसमे दादरा टीम ने जीत दर्ज की दूसरा लीग मैच बड़ागांव के कप्तान तौकीर किदवाई व हसन रजा के बीच खेला गया।

# हत्या का खुलासा, हिस्ट्रीशीटर सहित तीन गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना बाजार शुक्ल अन्तर्गत बीते सात जनवरी को गोमती नदी में रमेश पुत्र मातादीन निवासी पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ का शव मिला था। मृतक की पत्नी की तहरीर पर जंगबहादुर उर्फ जंगू पुत्र राम नरेश निवासी पूरे मल्लाहन व अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये थे।

शनिवार को उ.नि. विवेक वर्मा थानाध्यक्ष बाजार शुक्ल मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये 3 अभियुक्त जंगबहादुर उर्फ जंगू पुत्र राम नरेश निवासी मल्लाहन,



सुग्रीव पुत्र राम समुझ तथा दीपक पुत्र सतगुरू निवासीगण फजलपुर थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया है। जंगबहादुर उर्फ जंगू एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध अमेठी, बाराबंकी, सुलतानपुर व जौनपुर में हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि विभिन्न धाराओं में 12 अभियोग पंजीकृत हैं। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग नौटंकी देखने गये थे। वहीं तीनों लोग मिलकर रमेश से पूर्व में हुए विवाद का बदला लेने की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार उसे दूर नदी के किनारे ले जाकर रमेश को शराब पिलाई जा रही थी तभी पीछे से जंगबहादुर व सुग्रीव पहुंचकर रमेश के सिर पर शराब की बोतल से मार दिये, जिससे मौके पर ही रमेश की मृत्यु हो गयी थी। उसके बाद रमेश के शव को गोमती नदी में फेंककर भाग गये थे। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रशासनिक अधिकारी के पद से हटाए गए डॉ.विपिन सचान

- सौ शैया अस्पताल में बिना सर्जन ऑपरेशन में बड़ा एक्शन
- डॉ. जयविजय तिवारी बने प्रशासनिक अधिकारी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सौ शैय्या अस्पताल में बिना सर्जन के आउटसाइडर द्वारा महिला का ऑपरेशन किए जाने का मामला अब तूल पकड़ चुका है।

इस घटना के बाद प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। मामले के मुख्य आरोपी प्रशासनिक अधिकारी डॉ.विपिन सचान को उनके पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। अब उनका कार्यभार डॉ.जयविजय तिवारी संभालेंगे। डॉ.तिवारी की अनुपस्थिति में डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह जिम्मेदारी देखेंगे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुनील कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों का रोटेशन में ड्यूटी रोस्टर भी तैयार कराया जाएगा। अस्पताल में सभी व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी और हीला-हवाली व लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मालूम हो कि 23 दिसंबर को अस्पताल में एक महिला का ऑपरेशन बिना किसी सर्जन के कराया गया था।

उस दौरान डॉ.विपिन सचान, स्टाफ नर्स वंदना पाल और अर्चना कटियार मौजूद थे, लेकिन महिला का ऑपरेशन एक आउटसाइडर ने किया था। बताया जा रहा है कि यह आउटसाइडर डॉ. विपिन सचान का ड्राइवर था। ऑपरेशन का वीडियो स्टाफ नर्स कामिनी शाक्य ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। कामिनी का आरोप था कि उसकी ड्यूटी ओटी में लगी थी, लेकिन उन्हें सूचना नहीं दी गई और उनकी जगह दूसरी नर्सों को लगा दिया गया।

### आपरेशन करने के आरोपी धीरज सचान पर रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.स्वदेश गुप्ता के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ.महेंद्रभान सिंह एवं डॉ. मो. इरशाद ने जांच के बाद आउटसाइडर धीरज सचान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसकी जांच सौ शैय्या अस्पताल चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी कर रहे हैं। मामला अब उच्चाधिकारियों और शासन स्तर तक पहुंच चुका है।

### किसान नेताओं ने उठाई कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने इस मामले में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को शिकायती पत्र सौंपा। उपमुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को तत्काल जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। किसान नेताओं ने जिलाधिकारी से भी मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ सख्त एक्शन की मांग की है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है, कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अंतत- क्या कार्रवाई होती है। यह मामला स्वास्थ्य व्यवस्था में गंभीर लापरवाही को उजागर करता है।

# स्वास्थ्य शिविर व कंबल वितरण से ग्रामीणों को मिली राहत




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में ग्राम धीगपुर सिकंदरपुर में स्वास्थ्य शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं प्राइवेट नर्सिंग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सरित द्विवेदी ने फीता काटकर किया।

उन्होंने सबसे पहले जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए, जो भीषण ठंड से जूझ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों की टीम ने विभिन्न बीमारियों की जांच कर आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराईं। ठंड से बचाव के लिए सैकड़ों कंबल जरूरतमंद परिवारों को प्रदान किए गए। डॉ. सरित द्विवेदी ने स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए कहा इस प्रकार के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होते हैं। ये न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, बल्कि सामाजिक जागरूकता भी बढ़ाते हैं। उन्होंने लोगों से ठंड के मौसम में गर्म कपड़े पहनने, धूम्रपान से बचने और गर्मागर्म भोजन ग्रहण करने की अपील की। ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी पहल के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी पहलें से उन्हें काफी राहत महसूस हुई है। इस अवसर पर डॉ. विवेक पाल, डॉ. अनुपम सिंह, मधुबाला पाल, विकास तिवारी, सुघर सिंह पाल, हर्षित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सौ शैया अस्पताल में शुरू हुआ स्टेमी केयर रूम

- अब समय पर मिलेगा हार्ट अटैक का इलाज



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सौ शैया अस्पताल में अब हृदय रोगियों और हार्ट अटैक के मरीजों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक इलाज उपलब्ध होगा। पहले समय पर उचित उपचार न मिलने से कई मरीजों की जान चली जाती थी। इस समस्या के समाधान के लिए अस्पताल में स्टेमी केयर रूम शुरू किया गया है। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार व एसीएमओ डॉ. महेंद्रभान सिंह ने डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की।

एसीएमओ ने बताया कि हार्ट अटैक की स्थिति का पता केवल ईसीजी जांच से ही चलता है। इसी उद्देश्य से स्टेमी केयर रूम में ईसीजी जांच की सुविधा शुरू की गई है। यहां सीने में दर्द, सांस फूलना जैसी शिकायतों पर तुरंत प्राथमिक उपचार दिया जाएगा, जिसमें जरूरी इंजेक्शन और दवाइयां शामिल हैं। यह व्यवस्था स्थानीय स्तर पर हृदय आपातकाल में मरीजों की मृत्यु दर घटाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। गंभीर मरीजों को प्राथमिक इलाज के बाद कानपुर या सैफई जैसे उच्च केंद्रों में रेफर किया जाएगा, ताकि उनकी जान बचाई जा सके। सभी कर्मचारियों को ईसीजी जांच का प्रशिक्षण दिया जाएगा, क्योंकि स्टेमी केयर रूम में किसी भी कर्मी की ड्यूटी लग सकती है। इस दौरान डॉ. कुलदीप, हेल्प डेस्क मैनेजर अतुल सिंह, वरिष्ठ लिपिक रानी कोरी और लिपिक संदीप पांडेय मौजूद रहे।

# शिक्षा जगत के पुरोधा सुखवीर सिंह चौहान को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख रोड स्थित आनंद मैरिज होम में त्रयोदशी पर आयोजित कार्यक्रम में मोहल्ला भैनपुरा निवासी शिक्षा जगत के वरिष्ठ पुरोधा 74 वर्षीय सुखवीर सिंह चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनका निधन 29 दिसंबर को हो गया था। विगत एक वर्ष से किडनी रोग से जूझ रहे चौहान ने 2000 में सेना से सेवानिवृत्ति के बाद 2001 में गैलेक्सी पब्लिक स्कूल की स्थापना की, जो शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुई। उनके पुत्र विजय सिंह चौहान और संजीव सिंह चौहान ने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। दोनों का सामाजिक सेवा में भी सराहनीय योगदान रहा है। कार्यक्रम में श्यामवीर सिंह चौहान, संजीव चौहान, विजय चौहान, राहुल सिंह चौहान, जागृति, जान्हवी, जिज्ञासा, रमेश सिंह, विनीत कुमार गुप्ता, रामू पंडित जी, प्रदीप सिंह, दिलीप सिंह, गजेंद्र सिंह, संध्या त्रिपाठी, स्कूल प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों व गणमान्यजनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पूर्व विधायक अरविंद यादव ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल

### सभी जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान करने का भी दिया आश्वासन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम निजामपुर में पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव के नेतृत्व में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में आए जरूरतमंद परिवारों के प्रत्येक सदस्य को कंबल प्रदान किए गए, ताकि कड़ाके की सर्दी से उन्हें राहत मिल सके।

लगभग 600 कंबल वितरित करने के बाद पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों को सर्दी में कंबल तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है, क्योंकि मंत्रीगण अपने पेट भरने में व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि लगातार सर्दी से लोग बीमारियों और मौतों का शिकार हो रहे हैं। इसीलिए उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक लाख कंबल वितरित करने का संकल्प लिया है। इस मौके पर उन्होंने सभी जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

उन्होंने कहा वह हमेशा जनसेवा के लिए तत्पर रहते हैं, चाहे त्योहार हो या किसी गरीब बेटी का विवाह, वे हर स्थिति में सहयोग करते हैं। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू यादव, अरशद खान, गोपाल यादव, सौरभ कठेरिया, जय गुरुदेव यादव, अमन खान, मनीष यादव, बीपी सिंह, अंकुर सिंह यादव, राकेश कठेरिया, मनोज शाक्य आदि ने कंबल वितरण में सहयोग किया।

## खबरें एक नजर में

### जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम हाथिन की निवासी मिथलेश देवी पत्नी रामऔतार ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अपनी कृषि भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगाई है। मिथलेश देवी ने बताया कि मौजा अतिराजपुर में खाता संख्या 00200, गाटा संख्या 589 पर कुल 0.1050 हेक्टेयर भूमि है। कुछ दबंगों ने इस आराजी पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे वह काफी परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन से राजस्व टीम गठित कर पैमाइश कराने और कब्जा हटवाने का आदेश जारी करने की प्रार्थना की है।

### तलवार और तमंचे के दम पर वसूल रहे रंगदारी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरोली निवासी नन्हे पुत्र इतवारी ने एक चौंकाने वाली घटना की जानकारी दी है। गांव के कुछ दबंग तत्व शराब पीने के लिए तलवार और तमंचा दिखाकर आए दिन लोगों से रंगदारी वसूलते हैं। मना करने पर गाली-गलौज के साथ मारपीट भी करते हैं। डर के कारण पहले कोई शिकायत नहीं कर पा रहा था, लेकिन अब इतवारी ने पुलिस से इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोग इस माफिया-शैली की वसूली से त्रस्त हैं और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

### समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान शासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह बात जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कही। शनिवार को थाना तिर्वा में थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद समेत अन्य समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। एसपी विनोद कुमार ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और फरियादी को संतुष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाए। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद राजस्व व पुलिस कर्मियों से प्रकरणों की प्रगति की जानकारी भी ली और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

### पुलिस ने बंदूक व तमंचा किया बरामद

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस ने अलग अलग मामलों में दो हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने एक खाली प्लॉट से बंदूक बरामद की है तो एक व्यक्ति के पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए हैं। कोतवाली में तैनात एसआई निसार अहमद को सूचना मिली कि चुर्खी बाबई रोड पर एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसआई ने वहां संदिग्ध अवस्था में खड़े कुंवरपुरा निवासी मोंहर सिंह को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। उधर, एसआई शिवम सिंह सेंगर को सूचना मिली कि मोहल्ला फर्द्दनवीस में खाली पड़े एक प्लॉट में एक 12 बोर बंदूक पड़ी है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसआई ने बंदूक बरामद की है। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शांतिभंग करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

- जानलेवा हमले और हवाई फायरिंग से इलाके में फैली थी दहशत




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

शांति व्यवस्था भंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियारों के संबंध में विधिक कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक देवेंद्र प्रसाद, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप, मुख्य आरक्षी सुरेश सिंह सहित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के मोहल्ला शेखपुरा स्थित लल्लन शाह मस्जिद के पास से कामरान (24), आदिल (25), फरहत मंसूर (25), फैजान (26) और पप्पू उर्फ मोहम्मद समीम (58) निवासीगण मोहल्ला शेखपुरा, थाना व कोतवाली सदर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार 9 जनवरी 2026 को मोहल्ला शेखपुरा में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्ष लाठी- डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर आमने- सामने आ गए और एक-दूसरे पर जानलेवा हमला किया। इस दौरान पत्थरबाजी, ईंट- पत्थर चलने के साथ हवाई फायरिंग भी की गई, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरा- तफरी मच गई। भय के चलते लोगों ने अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद कर लीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए शांति व्यवस्था बहाल की। इस संबंध में सदर थाना कोतवाली मामला दर्ज किया गया था।

# संस्कृति उत्सव में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का करें प्रदर्शन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

संस्कृति उत्सव 2025- 26 में 14 से 20 वर्ष एवं 21 से 25 वर्ष आयु वर्ग के वे युवा कलाकार प्रतिभाग कर सकते हैं, जो अपनी कला के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करना चाहते हैं। इच्छुक कलाकारों के लिए पंजीकरण की ऑनलाइन सुविधा उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां निर्धारित समयावधि में आवेदन किया जा सकता है। यह जानकारी जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. एम. मकबूल ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा संस्कृति उत्सव 2025- 26 के आयोजन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन के अंतर्गत जनपद सहित प्रदेश भर के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों से प्रतिभाग के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में जनपद स्तर की चयन प्रक्रिया 10 से 15 जनवरी 2026 के मध्य आयोजित की जाएगी। इसके बाद मंडलीय स्तर की प्रतियोगिता 17 से 19 जनवरी 2026 तक संपन्न होगी। मंडलीय स्तर पर चयनित कलाकारों को प्रदेश/मुख्यालय स्तर पर 22 जनवरी 2026 को लखनऊ में अपनी कला के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।

## मतदाता सूची में नाम न हो तो, फार्म-6 भरकर बीएलओ को दें

**उरई (जालौन)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को किया गया है। आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जनपद में मतदाताओं की कुल संख्या 1085501 है जिसमें 600001 मतदाता पुरूष, 485448 मतदाता महिला एवं 52 अन्य मतदाता है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयोग के निर्देशों के क्रम में 11 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त विधानसभा यथा 219-माधौगढ़, 220-कालपी एवं 221-उरई (अ.जा.) के समस्त मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा उपस्थित होकर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। उक्त अभियान के दौरान मतदाताओं से अपील की जाती है कि वह अपना नाम मतदाता सूची में देख लें यदि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित नही है तो नाम सम्मिलित किए जाने हेतु फार्म-6 घोषणा पत्र के साथ अपने बीएलओ के पास जमा कर दें अथवा आयोग के आनलाइन पोर्टल पर आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

# युवक ने नाबालिग से दुष्कर्म कर वीडियो किया वायरल

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

कोंच कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने नाबालिग किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ घिनौने कृत्य को अंजाम देकर वीडिया बनाकर उसे बदनाम करने की धमकी देकर कई महीनों तक शारीरिक शोषण करने के मामले की तहरीर पीड़िता ने पिता ने कोतवाली पुलिस को दी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर आरोपी युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र निवासी पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ नगर के एक युवक ने छह माह पूर्व घर से अज्ञात स्थान पर ले गया जहां पर उसने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी वीडियो बनाकर पुत्री को वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करता चला आ रहा है। इतना ही नहीं युवक ने पुत्री के साथ दुष्कर्म करने की वीडियो भी वायरल कर दी। 9 जनवरी को मेरी पुत्री ने पूरे मामले के बारे में बताया तो उसने आरोपी युवक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के लिये तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर आरोपी युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सब डिवीजन कालपी में 1291 विद्युत चोरी के मामले लंबितः सत्यप्रकाश




**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को सब स्टेशन कालपी के परिसर में अवर अभियंता इंजीनियर सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित ओटीसी योजना शिविर में लंबित चल रहे विद्युत चोरी के केसों को राहत योजना के अंतर्गत निपटने पर जोर दिया गया। उल्लेखनीय हो कि विद्युत विभाग के द्वारा चलाई जा रही एक मुफ्त समाधान योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2025 के बकायेदार उपभोक्ताओं तथा विद्युत चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं के प्रकरणों को निपटने के लिए राहत योजना चलाई जा रही है। अवर अभियंता सत्य प्रकाश ने शिविर में अवगत कराया है कि उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान के निर्देशन में पिछले वर्षो के द्वारा विद्युत चोरी में पकड़े गए मामलों को निपटने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सब डिवीजन कालपी के अंतर्गत 1291 विद्युत चोरी के मामले लंबित चल रहे हैं। जिसमें कालपी सब स्टेशन क्षेत्र के 647 व उसरगांव क्षेत्र के 112 व महेवा क्षेत्र के 154 तथा नियामतपुर क्षेत्र के 178 विद्युत चोरी के मामले लंबित हैं। जिनमें राहत योजना के तहत 45 लोगों ने 3 लाख 33 हजार रूपए जमा करके लाभ हासिल किया है। जूनियर इंजीनियर ने बताया कि विद्युत चोरी के केस में जिन लोगों ने रकम जमा कर दी है वह लोग रसीद उपलब्ध करा दें। विभाग उनको एनओसी प्रदान कर देगा। अगर नहीं जमा किया है तो अदालत के लिए एनओसी प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी।

**INFORMATION**

I hitherto known as ARWATI W/O- RAMUATAR, R/O-J N V Road Bhakhramau Colony, PO: Fatehgarh, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh 209601, have changed my name and shall hereafter be HARVATI DEVI.

**HARVATI DEVI W/O- RAMUATAR, R/O-J N V Road Bhakhramau Colony, PO: Fatehgarh, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh 209601**

**सूचना**

मेरी पुत्री का जन्म डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में 15/8/2012 को हुआ था। उसका नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में कराये गये पंजीकृत में रोशनी अंसारी के नाम दर्ज हो गया, जबकि मेरी पुत्री का घरवालों ने नाम सना अंसारी रखा है, उसे ही माना जाये। सरकारी कागजों में रोशनी अंसारी के स्थान पर सना अंसारी पुत्री मो0 दिलशाद अंसारी नि0 घेर शामू खां दर्ज कराया जाये। **मो0 दिलशाद अंसारी पुत्र स्व0 अनवार अंसारी निवासी मोहल्ला घेर शामू खां, तहसील सदर, जिला फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड नं. 861755322998 में मेरा नाम त्रुटिवश अंजेश कुमार Anjesh Kumar गलत अंकित हो गया था। मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम संजेश कुमार अंकित है। अतः मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम संजेश कुमार Sanjesh Kumar अंकित कराना चाहता हूं।

**संजेश कुमार, पुत्र राकेश चंद्र निवासी ग्राम पाह, गढ़िया पाह सौरिख, तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# थाना समाधान दिवस में महज दो पीड़ितों ने दर्ज करायी शिकायत

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति व उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में 2 मामले प्रस्तुत किये गये। मोहल्ला हरीगंज निवासी श्याम सिंह आदि ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि स्वार्थी तत्वों द्वारा लंगरपुर स्थित खेतों की बेरीकेटिंग हटा देने से जानवर फसलों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। जोल्हुपुर निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी ने ग्राम में स्थित भूमि विवाद को लेकर शिकायती पत्र प्रस्तुत किया। शनिवार को कोतवाली के सभागार में आयोजित थाना दिवस मे एसडीएम ने कहा कि राजस्व संम्बंधित मामलों को मौके पर पहुंच कर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी ने बताया कि 2 फरियादियों के द्वारा शिकायते प्रस्तुत की गई। 1 मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एक को निपटाने के लिये राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह,चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल, विशाल भड़ाना,सब इंस्पेक्टर ओमकार सिंह, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर, लेखपाल जितेंद्र कुमार, राघवेन्द्र निरंजन, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने एसडीएम के साथ निर्धनों को बांटे कम्बल



**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज़।**

कड़ाके की ठंड में बुजुर्ग व बेसहारा लोगों को ठंड से बचाव के लिए समाजसेवी आगे आए हैं। समाजसेवी विशाल अग्रवाल ने एसडीएम व सीओ की उपस्थिति में एक सैंकड़ा से अधिक निर्धन व बेसहाराजनों को कंबल वितरित किए हैं। इस कड़ाके की ठंड में निर्धन व बेसहारा वर्ग के लोगों को गर्म कपड़ों की आवश्यकता महसूस हो रही है। इसके लिए नगर के समाजसेवी आगे आए हैं। समाजसेवी विशाल अग्रवाल ने एसडीएम हेमंत पटेल व सीओ शैलेंद्र बाजपेई की उपस्थिति में समाज के निर्धन व बेसहारा वर्ग के एक सैंकड़ा से अधिक लोगों को कंबल वितरित किए हैं। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि ठंड के इस मौसम में एक कंबल भी किसी के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकता है। ऐसे सेवा कार्य समाज में आपसी सहयोग और मानवीय संवेदना को मजबूत करते हैं। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने कहा कि समाजसेवी संगठनों और व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य वास्तव में प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने अन्य लोगों से भी अपील की कि वे अपनी क्षमता के अनुसार आगे आकर गरीब और बेसहारा लोगों की सहायता करें। इस मौके पर राघव अग्रवाल, मेहुल, सूरज, पुनीत, श्याम गुप्ता, जयकरन दोहरे, अन्नी मित्तल, मोनू यादव, मुनेंद्र तोमर आदि मौजूद रहे।



## फायर ब्रिगेड को गाड़ी उपलब्ध कराने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कोंच (जालौन)।** कोंच नगर में बीते दिनों में फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग के बाद अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध कराने को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ज्योति सिंह को सौंपा गया है। आपको बता दे कि कोंच कोतवाली में थाना समाधान दिवस में पहुंचे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते दिनों मियागंज इलाके में फर्नीचर की दुकान में भीषण आग लग गई थी जिसमें व्यापारी का लाखों रुपए का नुकसान हो गया था, वही व्यापारियों ने बताया कि इसमें फायर ब्रिगेड की नाकामी उजागर हुई थी और फायर ब्रिगेड की व्यवस्थाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से नगर में एक दमकल की गाड़ी उपलब्ध कराई जाए जिससे आने वाले भविष्य में अगर आगजनी की कोई घटना होती है तो आप पर काबू पाया जा सके।

# प्रभारी मंत्री ने किया मेला रामनगरिया में विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

- बोले, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ
- प्रदर्शनी का किया अवलोकन, कथा में भी हुए शामिल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।



प्रदर्शनी का उद्घाटन करते प्रभारी मंत्री ठा. जयवीर सिंह



प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रभारी मंत्री

रामनगरिया मेला क्षेत्र में शुक्रवार सुबह विकास और जन कल्याण की झलक देखने को मिली। जनपद प्रभारी मंत्री ठा० जयवीर सिंह ने सुबह करीब 11 बजे मेला रामनगरिया पहुंचकर विकास प्रदर्शनी का विभिवत शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ ही सरकार की विभित्र जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को आमजन के सामने प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी में 30 विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के 40 स्टाल लगाये गये।

विकास योजनाओं की जानकारी विकास प्रदर्शनी में विभिन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, बुनियादी ढांचे, सामाजिक कल्याण, रोजगार और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार इस तरह की प्रदर्शनी से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और आमजन को सरकार को नौतियों व उपलब्धियों से सीधे जुड़ने का आह्वान किया। तत्पश्चात मंत्री सांस्कृतिक पंडाल में चल रही कथा में शामिल हुये। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश कुमार, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी अमरपाल सिंह, मेला कोतवाली प्रभारी भोलेन्द्र चतुर्वेदी, जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव, उपजिलाधिकारी रजनीश कुमार सहित जिला प्रशासन के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

राजनीतिक व सामाजिक प्रतिनिधियों की भागीदारी कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद राजपूत, विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, पूर्व विधायक अरविन्द प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह राठौर, रमला राठौर, पूर्व विधायक महरम सिंह के पुत्र दिनेश सिंह उर्फ अनु, मेला लिपिक संजय मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा रामनरेश गौतम, विमल कटियार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकती व समर्थक मौजूद रहे।

# मानवीय संवेदनायें भूल मरीजों से अवैध वसूली कर रहे चिकित्सक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है, क्योंकि वह मरीज को मौत के मुंह से बचा लेता है, लेकिन जब यही धरती के भगवान मानवीय संवेदनायें भूलकर मरीजों का शोषण करने लगें, तो उन्हें धरती का भगवान कहना बेमानी होगी। ऐसा ही एक मामला सीएचसी में फिर देखने को मिला। जब एक प्रसूता के परिजनों से चिकित्सकों ने 1100 रुपये की रिश्वत ले ली और तीमारदार से कंबल बाहर से परचेज करवाया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नया गनीपुर निवासी रसीद ने अपनी पत्नी इमराना को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी में भर्ती कराया। उसने रात्रि में एक पुत्री को जन्म दिया। रसीद ने बताया कि रात में नर्स दीपा और नीलम की डियूटी थी। उन्होंने उससे 1100 रुपये डिलवरी के नाम पर वसूल लिये। साथ ही बच्चे के लिए बाहर से नया कंबल खरीदकर लाने को कहा। यह पहली बार नहीं हुआ है जब सीएचसी में ऐसी शिकायतें सामने आई हैं। कुछ समय पहले ही सुविधा शुल्क लेने के आरोप में तत्कालीन सीएमओ ने दो नर्सों का वेतन रोकने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अस्पताल कर्मियों के रवैये में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। रसीद ने बताया कि अस्पताल में कोई सुविधा नहीं है और उन्हें सब कुछ अपने घर से लाना पड़ रहा है। उच्चाधिकारियों द्वारा कई बार चेतावनी दिए जाने के बाद भी अस्पताल में अव्यवस्थाओं का अंबार है।

# खनन माफिया चीर रहे धरती का सीना, जिम्मेदार बने मूकदर्शक

- क्या खनन विभाग की सरपरस्ती में ही खेला जा रहा है यह खेल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कर्नलगंज चौकी के सामने से गुजर रही मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली

जनपद में खनन माफियाओं का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है। इसे जिम्मेदारों की मिलीभगत समझी जाए या फिर लापरवाही। जनपद के तहसील क्षेत्र के कई गांवों में खनन माफिया धरती का सीना चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। इस समस्या पर लगाम लगाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी संजीदा दिखाई नहीं देते। शासन व प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। खनन माफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का करोबार किया जा रहा है और खनन विभाग को इसकी भनक तक भी नहीं है या यह कहे कि उनकी सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है। इस कारोबार से जहां खनन माफिया मालामाल हो रहे हैं। वहीं हर महीने सरकार को करोड़ों के राजस्व की भी हानि हो रही है। अवैध खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन का गोरखधंधा बेरोकटोक चल रहा है। कानून महज कागजों में दर्ज हैं। जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मिट्टी खनन के खेल में लिप्त माफियाओं और दबंगों से लेकर सफेदपोश हस्तियों के हाथ में है। कोई इसका विरोध नहीं कर सकता।

# ट्रेन से कटने वाले युवक की हुई शिनाख्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



मृतक का फाइल फोटो

बीते दिन अज्ञात युवक की मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी थी। उसकी शिनाख्त शनिवार को उसके परिजनों ने कौशल पुत्र शिवचरन निवासी गोपालपुर थाना कमालगंज के रुप में की।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को फतेहगढ़ के याकूतगंज रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात युवक की मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर फतेहगढ़ कोतवाल रणविजय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस अज्ञात युवक की पहचान करने में जुटी हुई थी, तभी शनिवार को सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की शिनाख्त कौशल उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र शिवचरन निवासी गोपालपुर थाना कमालगंज के रुप में की। परिजनों ने बताया कि मृतक का नेवी में नौकरी के लिए ज्वाइनिंग लेटर आ गया था। उसकी 18.01.2026 को ज्वाइनिंग होनी थी।

# एएसपी ने डॉग स्क्वायड संग मेला क्षेत्र में की चेकिंग

**बम निरोधक दस्ते के साथ सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



डॉग स्क्वायड संग मेला क्षेत्र में चेकिंग करते एएसपी

पांचाल घाट गंगा तट पर लगे माघ मेला श्री रामनगरिया में सुरक्षा व्यवस्था का एएसपी ने जायजा लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते ने मेला क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। सुरक्षा टीमों ने पुलिस बल के साथ मेला क्षेत्र की बारी की से जांच पड़ताल की।

सबसे पहले मनोरंजन क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहां झूलों और अन्य स्थानों पर डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते ने चेकिंग की। इसके बाद मेला बाजार का भी गहनता से निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों से बात की और उन्हें संदिग्ध वस्तु या अराजक तत्व दिखाई पड़ने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने दुकानदारों को सुरक्षा संबंधी पंपलेट भी वितरित किए। इस दौरान दुकानदारों द्वारा लाए गए सामान की भी बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड टीम ने जांच की।

मौजूद मेला प्रभारी भोलेनाथ चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर ने बीएचएनडी सत्रों का किया भ्रमण



बीएचएनडी सत्रों पर जांच करते बीसीपीएम

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) प्रदीप कुमार ने शनिवार को फतनपुर और बलीपुर में दो बीएचएनडी (विलेज हेल्थ एंड न्यूट्रिशन डे) सत्रों का सहयोगात्मक भ्रमण किया।

इस दौरान सत्रों में एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थीं। सभी सत्रों में ड्यू लिस्ट (लाभार्थियों की सूची) भी उपलब्ध थी। भ्रमण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सत्रों पर सभी आवश्यक लॉजिस्टिक्स और दवाएं उपलब्ध हों। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषाहार भी वितरित किया गया।

इसके अलावा टीम ने अन्य आवश्यक दिशा निर्देश एएनएम व आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिये।

# रामनगरिया मेला: अब बिना पंजीकरण नहीं चलेंगी नावें



नाव का निर्माण कराता नाविक

- ओवरलोडिंग पर प्रशासन सख्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पांचाल घाट पर लगे श्री रामनगरिया मेले में इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने सख्त निर्णय लिया है। गंगा में नाव संचालन के लिए नाविकों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पंजीकरण के किसी भी नाव को चलाने की अनुमति नहीं होगी। जिलाधिकारी की पहल पर जिला गंगा समिति ने मेले के दौरान नाव संचालन और घाट व्यवस्थाओं को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इनके तहत प्रत्येक नाव पर पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट रखना जरूरी होगा। नाव की तय क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने पर कार्रवाई की जाएगी। घाट की दुकानों का पंजीकरण, नावों के साथ-साथ घाट क्षेत्र में लगने वाली दुकानों का भी पंजीकरण होगा। मेले के दौरान बड़ी संख्या में संत, कल्पवासी और श्रद्धालु गंगा विहार के लिए नावों का उपयोग करते हैं। पूर्व वर्षों में बिना पंजीकरण कई नाविक ओवरलोडिंग करते पाए गए। जिससे हादसों की आशंका बनी रहती थी।

# बिजली चोरी करते पकड़े गये प्रधान, मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



प्रधान अरविन्द सिंह

विजिलेंस टीम ने छापा मारकर बिजली चोरी करते हुए प्रधान को पकड़ लिया। टीम ने वीडियो बनाकर प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। फतेहगढ़ विजिलेंस टीम ने 7 जनवरी को ब्लॉक मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत भट्टकुर्री में बिजली चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम प्रधान अरविंद सिंह के घर पर बिजली चोरी पकड़ी गई। टीम ने इस घटना की वीडियोग्राफी भी की। चेकिंग के दौरान विजिलेंस टीम ने पाया कि ग्राम प्रधान अरविंद सिंह अपने घर में मीटर से कनेक्शन काटकर सीधे बिजली के पोल से जोड़कर बिजली चोरी कर रहे थे। हालांकि टीम ने मौके से कोई अवैध सामग्री जब्त नहीं की। बाद में बिजली विभाग के अवर अभियंता राजेश कुमार ने थाना फतेहगढ़ में वीडियोग्राफी की सीडी जमा कर ग्राम प्रधान अरविंद सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया।

# कल्पवासियों ने स्वास्थ्य शिविर में दिखाकर लीं दवायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



एलोपैथिक व होम्योपैथिक शिविर में दवायें लेते कल्पवासी

पांचाल घाट पर आयोजित ऐतिहासिक रामनगरिया मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर ने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की है। मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एलोपैथिक व होम्योपैथिक दोनों चिकित्सा पद्धतियों से इलाज की समुचित व्यवस्था की गई।

शिविर में बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द, जोड़ों के दर्द, पेट, बी0पी0, शुगर संबंधी रोग एवं अन्य सामान्य बीमारियों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को आवश्यक जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर का संचालन एसीएमओ सर्वेश यादव के निर्देशन में किया गया। स्वास्थ्य कैंप में कल्पवासियों को चिकित्सक डॉ. एकांश चतुर्वेदी, डॉ. शिशिर यादव, निर्दोष यादव, राजेश कुमार, सोनू वार्डब्याय, लैब टेक्नीशिनय इंद्रेश कुमार आदि मौजूद रहे। एलोपैथिक पद्धति से 350 मरीजों तथा होम्योपैथिक से 322 मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी गई। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ0 निहाल अहमद, राम प्रताप फार्मासिस्ट, वार्डब्याय दीपक कुमार ने कल्पवासियों को दवायें दीं। इलाज से लाभान्वित होने वालों में सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। मरीजों ने मेले में इस तरह की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि मेले की अवधि तक निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं लगातार जारी रहेंगी। बताते चलें कि सर्दी के चलते ज्यादातर मरीज जुकाम, बुखार, खांसी आदि के पहुंचे। जिन्होंने दिखाकर दवायें प्राप्त कीं।

# कंस वध की कथा सुन भक्त हुए रोमांचित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कथा का अमृतपान करते भक्तगण

कस्बा नवाबगंज के चिकन वाली गली के पास हरदेव महाराज के मंदिर पर सरस कथा वाचक कुमारी भारती देवी के मुखारबिंदु से बड़े ही रोचक ढंग से कंस वध की लीला प्रस्तुत की गई। हरदेव महाराज के मंदिर पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जनवरी 2026 से कथा भागवत का भव्य आयोजन किया गया।

इसमें कथा वाचक भारती देवी द्वारा बड़े ही ढंग से कंस लीला वध की कथा सुनाई गई। जिसमें श्रोतागण भाव विभोर हो गए।

भारी संख्या में माताएं, बहनें, बुजुर्ग, बच्चों ने बड़े ही रोचक ढंग से कथा का श्रवण किया। कल दिनांक 11 जनवरी को रुक्मणी विवाह का बड़े ही रोचक ढंग से वर्णन किया जायेगा। कथा के आयोजनकर्ता कथा में पूरा सहयोग कर रहे हैं। जिसमें परीक्षित नरेश चंद्र कश्यप एवं उनकी पत्नी कमला देवी के अलावा यज्ञपति सुधीर कुमार कश्यप एवं उनकी धर्मपत्नी विशाखा कश्यप मौजद रहे। भंडारा दिनांक 12 जनवरी 2026 को होना सुनिश्चित हुआ है।

# जनपद की सभी थोक दवा दुकानों का निरीक्षण कर उनका होगा सत्यापन

- निरीक्षण के दौरान दवा खरीद बिल, बिक्री कैशमीमो, फर्म का नक्शा, लाइसेंस आदि की होगी जांच: डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



मेडिकल स्टोर पर जांच करते डॉ0 परमेश कुमार द्विवेदी

जनपद के सभी थोक औषधि विक्रेताओं की जांच की जायेगी। उनके प्रतिष्ठानों का सत्यापन किया जायेगा कि वह मौजूदा समय में अस्तित्व में हैं या नहीं ? इसके अलावा थोक प्रतिष्ठान निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं या नहीं। इसका भी मुख्य रुप से सत्यापन किया जायेगा। जिला औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी इस आशय की जानकारी देते हुए समृद्धि न्यूज को बताया कि प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ. रोशन जैकब के निर्देश पर जनपद में थोक दवा दुकानों का शीघ्री ही निरीक्षण कर सत्यापित की जायेंगी। ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी ने सभी थोक के दवा व्यापारियों को निर्देश दिया कि कि वह अपने सभी रिकार्ड दुरुस्त रखें तथा निरीक्षण और सत्यापन के दौरान उन्हें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि थोक दवा दुकानों के निरीक्षण के समय दुकान का नक्शा, दवाओं की खरीद बिल, बिक्री के कैशमीमो, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन व्यापार कर विभाग में, थोक दवा का लाइसेंस तथा उसका समय-समय पर हुआ नवीनीकरण प्रपत्र आदि का सत्यापन किया जायेगा। उसके अलावा दवा व्यापार के लिए विभाग द्वारा निर्धारित सभी मानकों की भी निरीक्षण के दौरान जांच की जायेगी। सत्यापन के दौरान यह भी देखा जायेगा कि लाइसेंसी फर्म अपने स्वीकृत नक्शे के अनुसार पते एवं चौहद्दी में स्थित है या नहीं ? इसके साथ ही फर्म में दवा भंडारण की पर्याप्त जगह है या नहीं? जानकारी के अनुसार कोडीनयुक्त सीरप तथा नारकोटिक्स श्रेणी की दवाओं को लेकर एफ.एस.डी.ए. ने करीब दो माह अभियान चलाया। इस दौरान तमाम फर्मों में मिलीं अनियमितताओं के मद्देनजर थोक दवा विक्रेताओं की जांच करने का फैसला किया गया है।

## दो प्रभारी निरीक्षक की तैनाती में फेरबदल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था दुरुस्त दुरुस्त करते हुए दो प्रभारी निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। इसी क्रम में निरीक्षक राजीव कुमार को थाना कमालगंज से प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबगंज तथा निरीक्षक अवध नारायण पाण्डेय को थाना नवाबगंज से थाना कमालगंज का प्रभारी बनाया है।

## रेलवे रोड पर मिला अधेड़ का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** रेलवे रोड पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिला। जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भिजवाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मतक होमगार्ड की वर्दी की तरह कपड़े पहने हुए था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला पाठक निवासी साक्षी गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक आरती को तहरीर देकर कहा है कि उनकी शादी 17 नवंबर 2021 को जनपद कन्नौज थाना छिबरामऊ क्षेत्र के मोहल्ला इन्द्रिरा नगर निवासी सागर के साथ हुआ था। मेरे पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा लगभग 20 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति सागर, देवर गोपाल, सास किरन और ससुर सन्तोष कम दहेज का ताना देकर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। ससुरालिजनों ने मेरे पिता से व्यापार करने के लिए सात लाख रुपये उधार लिए थे। जो वापस नहीं किए। अब वे एक कार और पाँच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की माँग करने लगे। साक्षी ने बताया की 10 सितम्बर 2022 को अलीगंज स्थित किराए के मकान में पति ने उन्हें कमरे में बन्द कर रसोई गैस खुली छोड़ दी थी। साक्षी के द्वारा चीखने चिल्लाने पर पड़ोसियों ने उनकी जान बचाई। साक्षी ने बताया कि उनके पति की अन्य महिलाओं से अवैध सम्बन्ध हैं। जब इसका साक्षी विरोध करती तो उन्हें बेरहमी से मारा पीटा जाता है। दिनांक 20 जून 2024 को ससुरालियों ने साक्षी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद 2 अक्टूबर 2025 को पति और ससुराल के लोग उनके मायके कायमगंज मोहल्ला पाठक आये और वहाँ गाली-गलौज कर मारपीट की। जाते समय पति सागर, देवर गोपाल, सास किरन, ससुर सन्तोष ने हमारे पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से ही साक्षी की माँ परेशान रहने लगी और उनकी मौत हो गई। एसपी आरती सिंह के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# प्रभारी मंत्री ने कम्बल व चेक सहित लाभार्थियों को वितरित किये प्रमाण पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उप्र शासन/जनपद प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई।

मंत्री ने कृषि विभाग के दो लाभार्थियों को सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजना के अंतर्गत रोटावेटर व एक लाभार्थी को टैक्टर की चाबी प्रदान की। इसके बाद 05 दिव्यागों को व्हीलचेयर और 05 दिव्यागों को हीयरिंग किट प्रदान की। मंत्री ने 20 लोगों को कंबल वितरण किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजविका मिशन के अंतर्गत समूहो को धनराशि 70950000 रूपये की चेक प्रदान की। उद्यान विभाग की एकीकृत बागवानी विकास मिशन/एससीपी राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत 10 लाभर्थियों संकर शाकभाजी बीज वितरण किया। कृषि विभाग की सोलर पम्प योजना में चयनित 05 लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किये। पीएम आवास योजना के लाभर्थियों को चाबी वितरित की। उद्योग विभाग के मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 02 लाभर्थियों को चेक, एक जनपद एक उत्पाद लाभर्थी को चेक, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 01 लाभर्थी को चेक वितरित किया। मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना के 05 लाभर्थी को प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग की राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 05 लाभर्थियों को प्रमाण पत्र व श्रम विभाग की मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना के 05 लाभर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। वहीं मंत्री ने पिछली बैठक दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। एनएचएआई के जेई ने बताया बेबर फर्रुखाबाद रोड के गढडे भर दिये गये है, पुलियों के ज्वांइट सही कर दिये गये है, लगायी गई रेलिंग ड्राइंग के अनुरूप है। मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। विधायक अमृतपुर ने खराब ट्रासफार्मरों को समय से न बदलने की शिकयत की। जिस पर मंत्री ने नाराजगी जताई व ट्रासफार्मरों को समय से बदलने के निर्देश दिये। मंत्री ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग व समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना की खराब रैंकिग पर नाराजगी जताई व जिलाधिकारी को इन योजना की विशेष समीक्षा के लिए निर्देशित किया। एन.आ.एल.एम. योजना के समूहो की महिलाओं को उत्तर प्रदेश महोत्स्व में भागदारी के लिए निर्दशित किया। मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री योजना, किसान सम्मान निधि, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, 102 एम्बुलेंस सेवा, स्वच्छ भारत मिशन की रैंकिग खराब नाराजगी जताई गई व रैंकिंग सुधार हेतु निर्देश दिये। जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता सुधार हेतु स्थलीय निरीक्षण के लिये निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिहं राठौर, विद्यायक सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, जिलाधिकारी अशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।



लाभार्थी को प्रमाण वितरित करते प्रभारी मंत्री



कंबल वितरित करते प्रभारी मंत्री

## सुदामा चरित्र की कथा सुन श्रोता हुए भावविभोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमर ज्योति संस्थान द्वारा पांचाल घाट स्थित मेला श्रीराम नगरिया में स्वामी विवेकानंद उद्यान वाटिका में आयोजित श्रीमद् भावगत कथा में सुदामा चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भावविभोर हुए। कथाव्यास पं0 अतुल अग्निहोत्री ने अपने मुखार बिन्दु से कथा का रसपान कराते हुए सुदामा चरित्र पर व्याख्यान किया। कथा सुनकर भगवान भावविभोर हो गये। उन्होंने कहा कि हे भगवान तुम करुणा निदान हो। भगवान सिर्फ भाव व प्रेम देखते है, वे भाव के भूखे है। कहाँ सुदामा जो निर्धता की पराकाष्ठा में जीवन यापन करते है। वहीं दूसरी तरफ त्रिलोकी नाथ भगवान, परन्तु मित्र के दुख में इतने दुखी हो गये कि अपने आंसुओं से उनके चरण धोये। भागवत कथा को जो मनुष्य सुनता है, उनके सभी पाप नष्ट हो जाते है, और परीक्षित की तरह इसी जीवन में मुक्त हो जाता है। कथा का विश्राम आरती के साथ हुआ। भक्तों ने बढ़-चढ़कर आरती में भाग लिया। इस मौके पर अखिलेश दीक्षित, सुभाष त्रिवेदी, छोटे भईया, रुकमंगल सिंह, सुधेश त्रिवेदी, प्रमोद तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। वहीं आरती के दौरान भक्तों ने आयोजकों का माला पहनकर सम्मान किया तथा कथा परीक्षित विनोद सिंह राठौड़ एवं गीता राठौर ने कथा व्यास अतुल अग्निहोत्री का सम्मान किया। भण्डारे का आयोजन रविवार को उद्यान वाटिका में होगा।



व्यास जी की आरती करते भक्तगण

## सूर्य देव के निकलने से आलू मण्डी में लौटी रौनक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मण्डी सातनपुर में शनिवार को भाव स्थिर रहा। आमद 100 मोटर रही। सफेद आलू की मांग बढ़ी। सफेद आलू का भाव 411 रुपये से 511 रुपये व लाल आलू का भाव 751 रुपये प्रति कुंतल रहा। सूरज देवता के प्रसन्न होने से मण्डी में एक महीने बाद रौनक लौटी। बाहर के व्यापारियों ने आलू की जमकर खरीददारी की। मण्डी रोड पर सुबह से ही आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली ज्यादा आने के कारण गेट पर जाम लगा रहा। आलू की गुणवत्ता में सुधार लाया गया। इस बार सफेद आलू किसानों ने खेतों में बोया, जिसकी मांग मण्डी में ज्यादा है। बाहर के व्यापारी सफेद आलू को पसंद करते है। वहीं सफेद छट्टा आलू की ज्यादा बिक्री रही। कुछ किसानों के आलू में मिट्टी ज्यादा निकलने के कारण उनकी सफाई कर आलू की तुलाई की गई और भाव में भी गिरावट आयी। लाल आलू का स्वाद अच्छा होने के कारण 751 रुपये कुंतल रहा। मण्डी में लाल आलू देखते ही व्यापारियों ने हाथो-हाथ खरीद लिया। दिन भर आलू की बिक्री होती रही। दोपहर बाद मण्डी स्थिर हुई। रविवार को आलू मण्डी में छुट्टी रहती है, जिस कारण पूर्ण रुप से आलू की बिक्री हो पाती है।



मण्डी में आलू की छटाई करते पल्लेदार

## प्रभारी मंत्री से की महापुरुषों की मूर्ति स्थापित करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के प्रभारी मंत्री एवं पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह को जनपद में पूर्व सांसद स्व. दयाराम शाक्य व महापुरुषों की मूर्ति लगवाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

जनपद की धरोहर रहे स्व0 बाबू दयाराम शाक्य लोकप्रिय जन नेता के रूप में भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक सदैव जन आकांक्षाओं के प्रति समर्पित रहे। जनपद में उनके नाम पर कोई भी स्थान नहीं है। उन्होंने सदैव समर्पित होकर कार्य किया। प्रत्येक कार्यकर्ता उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्रवादी विचारधारा के लिये समर्पित होकर कार्य कर रहा है। आज भी उनके कार्यो की सर्वसमाज प्रशंसा करता है। वह सदैव अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति की चिंता करते थे। वहीं उनके नाम से कोई मार्ग या बस स्टैण्ड स्थापित किया जाये। साथ ही दूसरे ज्ञापन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं महापुरुषों के नाम पर मूर्ति लगवाये जाने के लिए मांग पत्र सौंपा गया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति लागगेट पर, पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 कल्याण सिंह की मूर्ति नबावगंज चौराहा, पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 रामप्रकाश गुप्ता की मूर्ति मोहम्मदाबाद चौराहा, रामायण रचयिता महर्षि बाल्मीकि की मूर्ति ढाईघाट गंगातट पर लगाने की मांग की है। जिससे उनकी जयंती या पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित होते रहे। वहीं आलू विकास एवं विपणन सहकारी संघ के अध्यक्ष विमल कटियार ने भोजपुर विधानसभा के जहानगंज में छिबरामऊ रोड पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति स्थापित करने की मांग की है।



पर्यटन मंत्री को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता

## केडी बालिका डिग्री कालेज में विश्व हिंदी दिवस पर पारंपरिक ज्ञान पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय आवास विकास लोहियापुरम में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व हिंदी दिवस जिसकी थीम थी हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक इस विषय पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रूबी यादव ने कहा कि हिंदी हमारी पहचान है और हमें अपनी भाषा पर गर्व है। यह दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित पहले विश्व हिंदी सम्मेलन की याद में हुई थी। भारत सरकार ने 2006 में इसे आधिकारिक मान्यता प्रदान की थी। प्रशासनिक अधिकारी डॉ0 हरी मदन सिंह ने कहा कि भले ही अंग्रेजी भाषा का चलन बढ़ रहा है और अच्छी नौकरियां अंग्रेजी ज्ञान से मिल रही हैं, लेकिन हमारे देश की व्यावहारिक भाषा हिंदी है। उन्होंने जोर दिया कि हम अंग्रेजी से नहीं, बल्कि हिंदी से जाने जाते हैं। महाविद्यालय की छात्राओं कुमारी अंशिका, कुमारी आयुषी, ज्योति, कुमारी अंशिका तिवारी ने हिंदी भाषा की गरिमा बनाए रखने के लिए इसके अधिक से अधिक प्रचार की आवश्यकता पर बल दिया। हिंदी अध्यापक का डॉ0 रेजिना शहर ने सभी को धन्यवाद दिया।



कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्या व छात्रायें

## तटबंध बनवाने की मांग को लेकर जूना अखाड़ा में बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जूना अखाड़ा 6 नंबर सीढ़ी पर महंत सत्यगिरी महाराज के क्षेत्र में तटबंध बनवाने के लिए संतो की आवश्यक बैठक 11 जनवरी रविवार को समय 12 बजे बुलाई गई है। संत समिति के अध्यक्ष महंत सत्य गिरी महाराज ने बताया की तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा और अन्य कमेटी के सदस्य आए थे। उन लोगों ने इस पुनीत अभियान में साथ देने के लिए निवेदन किया। संत समाज भी जनता के बीच से ही निकले हुए लोग का समाज है। पूरे जनपद के बहुत बड़े हिस्से में बाढ़ का प्रकोप रहता है और इसको रोकने के लिए बहुत आवश्यक है कि तटबंधका निर्माण हो इसलिए बैठक बुलाई गई है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को दिया जाएगा।

## दबंगों ने देवर-भाभी को पीटा, घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** रुपए का तगादा करने पर दबंगों ने देवर भाभी के साथ मारपीट कर दी। जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया।

क्षेत्र के गांव भरथरी निवासी रनवीर ने दी तहरीर में बताया कि उसने दो वर्ष पूर्व गांव निवासी एक व्यक्ति को तीस हजार रूपए उधार दिए थे। काफी समय बीतने के बाद भी युवक ने रुपए वापस नहीं किए। शनिवार शाम युवक उक्त व्यक्ति के घर रुपए का तगादा करने गया। दबंग व्यक्ति व उसके स्वजनों ने युवक को गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। देवर की चीखपुकार की आवाज सुनकर आई भाभी अग्रेसा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेज दिया। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा चरित्र निर्माण शिविर का शुभारम्भ आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीराम नगरिया के वैदिक क्षेत्र में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में आयोजित चरित्र निर्माण शिविर का भव्य शुभारंभ 11 जनवरी रविवार को 12 बजे से ध्वजारोहण के साथ होगा। सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने बताया कि प्रातः काल 9 बजे से बृहद यज्ञ का आयोजन किया जाएगा साथ ही उद्घाटन समारोह होगा।

उन्होंने कहा कि 11 जनवरी से 1 फरवरी तक शिविर में प्रतिदिन प्रातः यज्ञ, योग व मध्यान्ह वेला में भजन उपदेश के कार्यक्रम संचालित होंगे। देश के कई प्रान्तों से आर्य सन्यासी व विद्वान आ चुके हैं जो अपने धर्मोपदेश द्वारा कल्पवासियों का मार्गदर्शन करेंगे। हमारा उद्देश्य जनमानस में वैदिक संस्कृति व सनातन धर्म के वैदिक स्वरूप को स्थापित करना है, ताकि कुरीतियों व पाखंडों को छोटे लोग वेद मत के अनुगामी बने। संदीप आर्य ने कहा कि यूं तो गत अनेक वर्षो से रामनगरिया मेले में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, परंतु इस वर्ष का शिविर विशेष है, क्योंकि वर्तमान वर्ष महर्षि दयानंद के अनन्य भक्त शुद्धि आंदोलन के प्रणेता महान स्वतंत्रता सेनानी अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद की बलिदान शताब्दी वर्ष है। इसलिए शिविर में जन मानस को स्वामी श्रद्धानंद के प्रेरक जीवन से प्रेरित व परिचित कराना भी हमारा लक्ष्य रहेगा, ताकि देश की आने वाली पीढ़ी को धर्म रक्षा हेतु बलिदान देने वाले हमारे महापुरुषों से जोड़ा जा सके।

कार्यक्रम में डॉ. शिवराम सिंह आर्य, डॉ. हरिदत्त द्विवेदी, धर्मवीर आर्य, संजय रस्तोगी, रामसनेही सिंह, डॉ. श्यामानंद आर्य, प्रदीप शास्त्री, हरिओम शात्री, प्रदीप आर्य, उपासना आर्या आदि मौजूद रहेंगे।



चन्द्रदेव शास्त्री

# चौपाल लगाकर ग्रामीण वातावरण को हरा-भरा बनाने की दी जानकारी





कार्यक्रम में मौजूद गुंजा जैन व महिलायें व विभागीय अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जन चौपाल तथा ग्रीन चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणो की समस्याएं सुनी एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

ग्राम चौपाल और वन विभाग द्वारा ग्रीन चौपाल राजेपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम अल्लाहदपुर भटौली में संचालित की जा रही है। जिसमें अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई भी हो रही है। ग्राम चौपाल विकास खंड अधिकारी, पर्यावरण विशेषज्ञ तथा एडीओ कृषि द्वारा ग्रामीण जानता की समस्याओं को सुना गया। जन चौपाल में आयुष्मान कार्ड योजना, फसल बीमा योजना, स्वयं सहायता समूह, मिशन शक्ति, कृषि से संबंधित नई पद्धतियों के बारे में तथा पर्यावरण स्वच्छता के बारे में बताया गया। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने ग्रीन चौपाल का उद्देश्य बताते हुए पर्यावरण को कैसे हरा भरा और ग्रामीण वातावरण को प्रदूषण मुक्त रखा जाए इसके बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि गाँव का वातावरण मिट्टी के प्रदूषित होने से ज़्यादा हो रहा है, जिसका हमारे स्वास्थ पर बुरा असर हो रहा है, हमारी फसल और हम बीमार हो रहे है। उन्होंने पराली ना जलाने के लिए भी जागरूक किया। गुंजा जैन ने बताया कि मृदा परीक्षण और जैविक खाद का प्रयोग कर हम मृदा में सुधार कर सकते है। डॉ. जितेंद्र कुशवाहा कृषि विभाग ने प्राकृतिक खेती और पशुपालन की जानकारी दी। इस मौके पर गुंजा जैन पर्यावरण विशेषज्ञ, मोहित यादव पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान जयचन्द्र, धर्मेन्द्र कुमार, विनीता देवी, नन्ही देवी, सीमा देवी, संगीता, नेहा, कुंती, सनोज, महेन्द्र सिंह, मदनपाल, अखिलेश, अमरेश कुमार, कन्हैया, धनीराम, मुखिया, प्रशांत सुखपाल, पवन कुशवाहा, हनीराम, यदुवीर आदि लोग मौजूद रहे।

## ब्रह्माकुमारी केंद्र शिविर का उद्घाटन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सर्च लाइट भवन बीबीगंज के तत्वाधान में मेला श्रीराम नगरिया में शिविर का उद्घाटन ११ बजे रविवार को होगा। मुख्य अतिथि बद्री धाम वाले स्वामी जयदेवानंद महाराज होगें। विशिष्ट अतिथि सुरेशानंद महाराज नैमिषारण्य से आयेंगे। जिसमें विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान योग होगा। यह जानकारी बीके मंजू बहन ने दी है।

# बिना भक्ति के ज्ञान अधूराः आचार्य अजय देव



राधाकृष्ण के स्वरुप



कथा का रसपान करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नंदराम द्विवेदी शिक्षण संस्थान द्वारा रेलवे रोड स्थित डीएम पैराडाइज में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धा और भक्ति की बयार बही। वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य अजय देव महाराज ने महारास, उद्धव प्रसंग और रुक्मणी मंगल की कथा का अत्यंत मार्मिक व सारगर्भित वर्णन किया। कथा व्यास ने महारास लीला की व्याख्या करते हुए कहा कि यह कोई साधारण नर-नारी का मिलन नहीं, बल्कि साक्षात् जीव और ब्रह्म के मिलन का नाम है। उन्होंने समझाया कि जब जीवात्मा सांसारिक बंधनों को छोड़कर परमात्मा में लीन हो जाती है, वही अवस्था महारास है। उद्धव प्रसंग के माध्यम से आचार्य ने बताया कि अहंकार शून्य होकर ही ईश्वर को पाया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा जीव को ज्ञान से पहले स्वयं को भक्ति से जोड़ना चाहिए, क्योंकि बिना भक्ति के ज्ञान लंगड़ा होता है। ज्ञान मार्ग कठिन हो सकता है, लेकिन भक्ति मार्ग सुलभ और आनंदमयी है। कथा के उत्तरार्ध में भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के विवाह रुक्मणी मंगल का प्रसंग सुनाया गया। भव्य झांकी और मंगल गीतों के बीच जैसे ही विवाह संपन्न हुआ, संपूर्ण पंडाल द्वारिकाधी की जय के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर आनंद प्राप्त किया। कथा में मुख्य परीक्षित के रूप में विनीत कुमार अग्निहोत्री एवं उनकी पत्नी शिखा अग्निहोत्री रही। इस अवसर पर आशुतोष त्रिवेदी, निशांत त्रिवेदी, किशन अग्निहोत्री, राजू, राजीव तिवारी, ममता, नेहा, माधवी, खुशी, शांभवी, शेखर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दी दिवस पर कवि सम्मेलन में बही काव्य की धारा

- नगर पालिका अध्यक्ष ने किया कार्यक्रम का शुभारम्भ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पितौरा स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में शनिवार को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिंदी की महत्ता, सामाजिक विसंगतियों और राष्ट्रभक्ति के सुर छेड़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार गंगवार और प्रोफेसर रामबाबू मिश्रा रत्नेश ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। बनारस से आई कवयित्री विभा शुक्ला ने अपनी पंक्तियों में अपने गमों के साए ढलते जा रहे हैं, पुराने दिन बदलते जा रहे हैं, बुलंदी पर जो देखा पक्षियों को, मेरे भी पर निकलते जा रहे हैं, से खूब तालियां बटोरीं। कवि सुनील सिद्धार्थ ने आधुनिकता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हिंदी प्रचलन की करते हैं जो बातए हेलो डार्लिंग गुड मॉर्निंग से होती है उनकी शुरुआत। वहीं, एटा से आए ब्रजनंदन मिश्र पुजारी ने राष्ट्रभक्ति का जज्बा जगाते हुए कहा बलिदान हुए हो स्वामी, इस मातृभूमि भारत पर। कवि पवन बाथम ने विरह के स्वर छेड़ते हुए पढ़ा कि तेरे बिन जिंदगी में रहा कुछ नहीं, टूटती जा रही है सुबह-शाम। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने भावुक कर देने वाली पंक्तियां फूल हैं हम गले से लगा लो हमें, हम किसी की डाल से टूट कर आए हैं सुनाईं। विद्यालय प्रशासन की ओर से कार्यक्रम में पधारे सभी कवियों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## विश्व हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी में कविवर नारायण को किया नमन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष एवं आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ कवि स्वर्गीय सत्यनारायण मिश्रा नारायण की जयंती के मौके पर उनके पुराने कोठा पार्चा स्थित निवास पर राष्ट्रीय स्तर के कवि डॉ0 शिवओम अंबर के निर्देशन में हुई कवि गोष्ठी में स्थानीय एवं बाहर से आए हुए कवियों ने जहां राष्ट्रभाषा हिंदी को नमन निवेदित किया। वहीं अपनी कविताओं के माध्यम से साहित्य की अलग जागते हुए कविवर नारायण को याद किया। स्व. नारायण के ज्येष्ठ पुत्र साहित्यक चिंतक समाजसेवी योगेश नारायण मिश्र के संयोजन में हुए इस साहित्यिक अनुष्ठान में बहुत ही पारिवारिक व आत्मीय वातावरण में है, कवि गोष्ठी हुई। अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार रामशंकर अवस्थी अबोध ने की व संचालन उपकार मणि उपकार ने किया। विशिष्ट कवि के रूप में पाली हरदोई से आये गीतकार सुखदेव पाण्डेय सरल ने मधुर गीतों का मुक्तकों से मां व पिता को नमन किया। नए प्रतीकों के साथ गढ़े मुक्त सभी के मन को भाये। वरिष्ठ कवियत्री डा0 गरिमा पाण्डेय, दिनेश अवस्थी, दीप संस्था के अध्यक्ष निमिष टंडन, योगेश नारायण मिश्र, उपकार मणि उपकार के अलावा अध्यक्ष कवि राम शंकर अवस्थी अबोध ने काव्यपाठ किया। डॉ. शिवओम अंबर ने कहा कि हिंदी विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर हो रही है। विश्व हिंदी दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हिंदी को आगे बढ़ाने के लिए अपना योगदान देते रहेंगे। उन्होंने छोटे-छोटे आयोजनों की उपयोगिता और साहित्य के लिए उनकी आवश्यकता पर बल दिया। रचनाकारों को आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी। धन्यवाद दिनेश मिश्रा दिन्नू ने किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला, इंद्रा पाण्डेय, विजय मिश्रा, मनोज मिश्रा, तन्मय मिश्रा, अभय मिश्रा आदि मौजूद रहे।





काव्यपाठ करते कवि

# मेला श्रीराम नगरिया पहुंचे विदेशी पर्यटक, देखी भव्यता

- जूना अखाड़ा के महंत सत्यगिरी ने विदेशी नागरिकों का किया सम्मान
- मेले में आकर शांति और अध्यात्म की अनुभूति हुईः हेलमंड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को मेला श्री रामनगरिया में जूना अखाड़ा क्षेत्र में जर्मनी निवासी हेलमंड तथा फ्रांस निवासी डार्को विलियम आए और संत समिति के अध्यक्ष महंत सत्यगिरी महाराज से भेंटकर आशीर्वाद लिया। विदेशी नागरिक अखाड़े की व्यवस्थाओं से काफी प्रसन्न दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में सबसे सुंदर व्यवस्था अखाड़े में है। मौजूद संतों ने विदेशियों को मेला के इतिहास के बारे में जानकारी दी। जर्मनी निवासी हेलमंड ने बताया कि वह पिछले 55 वर्षो से लगातार भारत आ रहे हैं और देश के कई हिस्सों में जाने का अवसर मिला है पर आज जो यहां पर आकर शांति और अध्यात्म की अनुभूति हुई है उसका वर्णन करना संभव शब्दों में नहीं है। महाराज सत्यगिरी से मिलकर बहुत अच्छा लगा है, इनके बारे में पूर्व में हमारे फ्रेंड्स जो आए थे उन्होंने बताया था कि जब भी भारत जाएगा महाराज जी से जरूर मिलिएगा, इसलिए ही आज मेला में आकर महाराज जी से भेंट की है। महाराज जी का व्यक्तित्व बहुत विशाल है और मेरी कोशिश होगी की हर वर्ष मैं भारत आऊं और महाराज जी के क्षेत्र में निवास करूं। फ्रांस निवासी डार्को विलियम ने कहा मेरा दूसरी बार भारत दौरा है और दूसरी बार में ही आकर इस अध्यात्म नगरी में महाराज जी से मिलकर जो अनुभूति हुई है वह अद्भुत है। अगले वर्ष जरूर आऊंगा और महाराज के साथ कई दिन रहकर अध्यात्म को एवं भारतीय संस्कृति को और पास से जानने का प्रयास करूंगा।

संत समिति के अध्यक्ष महंत सत्यगिरी ने विदेशी नागरिकों को भारतीय संस्कृति अध्यात्म और यहां के मेला रामनगरिया के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उनको अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि सनातन से अच्छा कोई धर्म नहीं है, क्योंकि इसी धर्म में सभी धर्म और संप्रदायों के लिए भी उतना ही मान सम्मान बताया। इस मौके पर फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा, कोमल पांडे, श्यामेंद्र दुबे, विनीत द्विवेदी, अनिल द्विवेदी, विनीत चौहान, विशाल गंगवार, श्यामलपुरी, विपिन पुरी, झंझट गिरी, सुमित गुप्ता, सागर गुप्ता, सागरपुरी, दुष्यंत दीक्षित सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित है।



विदेशी पर्यटकों को सम्मानित करते सत्यगिरी महाराज

# मेले में कल्पवासियों व साधु-संतों को सभी सुविधायें निःशुल्कः संजय मिश्रा

- यदि कोई पैसा मांगें तो सीधे कैम्प कार्यालय में करें शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीराम नगरिया में आये सभी कल्पवासियों व साधु-संतों की सभी सुविधायें मुहैया पूरी तरह निःशुल्क करायी जा रही है। मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा ने बताया कि किसी भी कल्पवासी से किसी प्रकार शुल्क नहीं लिया जा रहा है। मेला का क्षेत्र बहुत बड़ा है। शौचालय के नाम पर रुपये ठेकेदार द्वारा वसूले जाने के मामले में बताया कि अभी तक किसी ने भी इस प्रकार की शिकायत हमसे नहीं की है। अगर कोई शिकायत करता है तो तुरन्त कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि शौचालय स्थापित करने में कुछ विलंब हुआ हो, लेकिन किसी से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा व मेले क्षेत्र में लगे कर्मियों को भी निर्देश दिये गये है कि मेला क्षेत्र में सभी को निःशुल्क सुविधा मुहैया कराये। यह तो हो सकता है कि बिजली ठेकेदार द्वारा जिन लोगों को बल्ब, होल्डर व तार उनके प्रतिष्ठान तक लगाकर दे रहा है उसकी सिक्योरिटी ले रहा है और जिस समय विद्युत सामान वापस करेंगे उस समय वह वापस करेगा। जिला प्रशासन की ओर से मेले में कल्पवास कर रहे है कल्पवासी व साधु-संतों को दी जाने वाली सुविधायें पूरी तरह निःशुल्क है। यदि व्यवस्था के नाम पर कोई पैसा मांगता है तो मेला कैम्प कार्यालय में आकर सीधे शिकायत दर्ज कराये।



जानकारी देते संजय मिश्रा

# सरकारी खलिहान पर पक्के निर्माण

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ लौकिहा में प्रधान-लेखपाल की मिलीभगत का आरोप, सीएम पोर्टल तक पहुंचा मामला



प्रशासनिक संरक्षण का आरोप

तहसील लखीमपुर क्षेत्र के ग्राम लौकिहा में सरकारी खलिहान की भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण और निर्माण कराए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। गांव निवासी सत्येन्द्र प्रकाश ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान और तैनात लेखपाल की कथित मिलीभगत से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को संरक्षण दिया जा रहा है। प्रकरण को लेकर शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल समेत जिलाधिकारी, मंडलायुक्त और राजस्व परिषद को शिकायती पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार ग्राम लौकिहा स्थित गाटा संख्या 220, रकबा 0.267 हेक्टेयर, राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से सरकारी खलिहान के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद उक्त भूमि पर पक्के मकान, टीन शेड, छप्पर तथा अन्य स्थायी निर्माण किए जाने का आरोप है। आरोप है कि समय-समय पर शिकायतें किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जिससे अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में इस मामले में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67(1) के अंतर्गत कार्रवाई प्रारंभ की गई थी, लेकिन बाद में कथित रूप से कार्रवाई रोक दी गई। कार्रवाई स्थगित होने के बाद से कब्जेदारों द्वारा निर्माण और विस्तार तेज कर दिया गया, जिससे सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा स्थायी रूप लेता जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान एवं संबंधित लेखपाल की कथित सहमति और संरक्षण के चलते अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। यही कारण है कि वर्षों से खलिहान की भूमि पर निजी स्वामित्व जैसा व्यवहार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि उनके भाई अमित कुमार की 28 अप्रैल 2024 को मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी अंकिता को नियमानुसार घरौनी जारी की जानी थी, लेकिन अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। इसके अलावा स्वयं शिकायतकर्ता की घरौनी भी लंबित बताई जा रही है, जिसे लेकर उन्होंने प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाया है।

इस संबंध में जब तहसीलदार सदर से संपर्क किया गया तो उन्होंने प्रकरण की जानकारी न होने की बात कहते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, संबंधित लेखपाल अजय सिंह का कहना है कि जिन लोगों पर कब्जे का आरोप लगाया जा रहा है, वे पिछले 30 से 40 वर्षों से वहां निवास कर रहे हैं तथा पूर्व में तत्कालीन तहसीलदार के आदेश पर कार्रवाई स्थगित की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि उच्चाधिकारियों से नए निर्देश प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल शिकायतकर्ता और ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकारी खलिहान की भूमि को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

# बिना पूर्व सूचना मेन रोड की पुलिया ढहाई गन्ना किसानों की जान जोखिम में

▸ कोहरे के बीच सड़क खुदाई से हादसे का खतरा, किसान संगठनों में आक्रोश

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में बिना किसी पूर्व सूचना के मेन रोड पर पुलिया निर्माण के नाम पर की गई खुदाई ने सैकड़ों गांवों के गन्ना किसानों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्तमान समय में गोला चीनी मिल में पेराई सत्र पूरे जोर-शोर से चल रहा है और प्रतिदिन सैकड़ों गांवों के किसान कपरहा-कोटवारा रोड के रास्ते अपना गन्ना लेकर मिल तक पहुंचते हैं। देवकली विद्यालय के पास स्थित बीच सड़क पर बनी पुलिया को अचानक जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया। न तो इस संबंध में पहले से सड़क बंद किए जाने की कोई सूचना दी गई और न ही मीडिया अथवा किसानों को आगाह किया गया। अचानक सड़क ध्वस्त होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

बताया जा रहा है कि इस मार्ग से शेरपुर, सकेथू, जिगनहा, जमालपुर, बसही, बांसगांव, कपड़ा, देवरिया सहित सैकड़ों गांवों के किसान दिन-रात गन्ना ढुलाई के लिए गुजरते हैं। घने कोहरे के मौसम में अचानक सड़क खुदी होने और पुलिया ढहाए जाने से किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

किसानों का कहना है कि यदि समय रहते कोई वाहन या ट्रैक्टर-ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो जाती, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता। बिना चेतावनी और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किए सड़क को बंद कर देना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

इस मामले को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि किसानों की जान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि शीघ्र ही उचित चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं की गई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

स्थानीय लोगों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि पुलिया निर्माण कार्य से पहले सार्वजनिक सूचना जारी की जाए, मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और गन्ना ढुलाई में किसी प्रकार की बाधा न आने दी जाए, ताकि संभावित हादसों से बचा जा सके।

## किसान एकता का असर, मांझा गांव में खनन कार्य रुका



**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना सिंगाही क्षेत्र के मांझा गांव में खनन आवंटन के विरोध में किसानों द्वारा किया जा रहा धरना-प्रदर्शन नौवें दिन भी जारी रहा। किसानों के लगातार आंदोलन और बढ़ते दबाव के चलते खनन ठेकेदारों ने खनन स्थल से पोकलैंड मशीनों सहित अन्य भारी मशीनरी हटाना शुरू कर दिया है। इससे क्षेत्र में किसानों के बीच संतोष का माहौल देखा गया, हालांकि आंदोलन अभी समाप्त नहीं हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मौके पर बने तनावपूर्ण हालात और ग्रामीणों की एकजुटता को देखते हुए ठेकेदारों ने जेसीबी की मदद से खनन कार्य में लगी मशीनों को हटाया। इसके बावजूद किसानों ने स्पष्ट किया है कि जब तक प्रशासन की ओर से खनन पट्टा निरस्त किए जाने का लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

किसान नेता परमजीत सिंह पम्मी ने बताया कि मशीनों का हटाया जाना केवल अस्थायी राहत है, इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। किसानों को आशंका है कि भविष्य में पुनः खनन कार्य शुरू किया जा सकता है।

किसानों का कहना है कि खनन पट्टा दिए जाने से उनकी कृषि भूमि, पर्यावरण और गांव की शांति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही भूजल स्तर गिरने और खेती योग्य भूमि को नुकसान पहुंचने की भी आशंका जताई गई है। धरना लंबा खिंचने और ग्रामीणों की एकजुटता के चलते प्रशासन पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कोई ठोस और लिखित निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। आंदोलन में भारतीय सिख संगठन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मी, विंदर सिंह, केवल सिंह, विधानसभा भारतीय सिख संगठन के उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह रंधावा, सोनू सिंह सहित विभिन्न किसान संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही।

## खबरें एक नजर में

### विधायक ने तहसील का घेराव कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू तहसील परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष के के महंत व पूर्व मंत्री शिव शंकर सिंह पटेल विधायक विशंभर सिंह यादव ,किरण यादव, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव के नेतृत्व में बबेरू कस्बे के मुख्य चौराहा के सुंदरीकरण व व्यापारियों के हो रहे नुकसान को लेकर बाजार बंद कर नारेबाजी करते हुए बबेरू तहसील पर पहुंचकर तहसील परिसर का घेराव किया। वहीं व्यापारियों का ज्यादा नुकसान ना हो इसको लेकर एसडीएम अवनीश कुमार से बात कर शनिवार की दोपहर ज्ञापन सौंपा है। और कहा है कि अगर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसके जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी, वहीं इस मौके पर भाजपा नेता अजय पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, सुधीर कुशवाहा भी मौके पर पहुंचकर व्यापारियों के समर्थन पर व्यापारियों को ढाढस बधाया है। और कहा है कि हम व्यापारियों के साथ हैं। व्यापारियों का ज्यादा नुकसान नहीं होने पाएगा, हम अधिकारियों से बात करेंगे इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में व्यापारी व व्यापार संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### खेत में काम कर रही महिला को खींच ले गया बाघ



**बेलरायां-खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना तिकुनियां क्षेत्र के बेलरायां कस्बे में तब हड़कंप मच गया, जब ग्राम सभा भेड़ौरी के महाराज नगर के पास गन्ने के खेत में काम कर रही एक महिला को बाघ ने हमला कर अंदर खींच लिया। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों के साथ वन विभाग की टीम महिला की तलाश में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऊषा देवी (35) पत्नी पवन कुमार और गूंधनी देवी पत्नी छैलबिहारी गन्ने के खेत में अगेड़ी काट रही थीं। इसी दौरान गन्ने में छिपे बैठे बाघ ने अचानक झपट्टा मारकर ऊषा देवी को पकड़ लिया और उसे खेत के अंदर खींच ले गया। यह देख गूंधनी देवी बदहवास हालत में वहां से भागीं और पास में ईंट की पथाई कर रहे पथेरों तक पहुंचीं, जहां वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और गन्ने के खेतों में महिला की तलाश शुरू कर दी। काफी देर तक खोजबीन के बावजूद देर शाम तक ऊषा देवी का कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना पर रेंजर भूपेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से गन्ने के खेतों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है और ग्रामीणों से अकेले खेतों की ओर न जाने की अपील की है। घटना के बाद से बेलरायां और आसपास के गांवों में भय का माहौल बना हुआ है।

### आवारा सांड के हमले से व्यापारी गंभीर, नगर पालिका की लापरवाही उजागर



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज।** छोटी काशी गोला में नगर पालिका की लापरवाही का एक और गंभीर मामला सामने आया है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला कुमारन टोला में एक आवारा सांड के हमले से एक व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में व्यापारी का हाथ टूट गया, जिसे उपचार के लिए गोला स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि उक्त सांड पूर्व में भी कई लोगों पर हमला कर चुका है। इस संबंध में नगर पालिका को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक सांड को पकड़ने की कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे मोहल्ले में रहने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा पर लगातार खतरा बना हुआ है। घटना को लेकर भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार गोवंशों की देखरेख पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, इसके बावजूद सर्दियों के मौसम में आवारा गोवंश रात के समय सड़कों पर घूमते नजर आते हैं। यह स्थिति नगर पालिका अधिकारियों की घोर लापरवाही को दर्शाती है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराकर जिम्मेदार और भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## मितौली महोत्सव के अंतर्गत पौराणिक मेला श्री धनुष यज्ञ का भव्य शुभारंभ



**मितौली, खीरी, समृद्धि न्यूज।** मितौली महोत्सव के अंतर्गत आयोजित पौराणिक मेला श्री धनुष यज्ञ का भव्य शुभारंभ भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर महोत्सव आयोजक मास्टर दिनेश कुमार तथा मेला अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान नीरज कश्यप ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जुगल किशोर ने कहा कि लगभग 300 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ करना उनके लिए गर्व और हर्ष का विषय है। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वजों द्वारा इस मेले को वर्षों से संजोया और संवारा गया है। उन्होंने अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि वे स्वयं इस मेले को देखने आया करते थे और आज इसके शुभारंभ का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने मेला आयोजन समिति को बधाई देते हुए सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। मेला आयोजक मास्टर दिनेश कुमार ने जानकारी दी कि महोत्सव के दौरान दिन में मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रामचरितमानस पर आधारित धार्मिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जबकि रात्रि में श्रीकृष्ण चरित्र पर आधारित मनोहारी लीलाओं का मंचन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आकर्षक झांकियों एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन प्रस्तावित है। मितौली महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर भाजपा नेता प्रदीप शुक्ला, शमशाद अली, योगेश मिश्र, करुणा शंकर गुप्ता, कल्लू टेलर, इरफान बंजारा, शिव कुमार कटियार, डॉ. आदेश कुमार, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. शिव शरण, पप्पू पेंटर, मलिक, ईश्वर दीन वर्मा, कमलेश चौधरी, विवेक दीक्षित, रामचंद्र दीक्षित, श्रवण शुक्ल, अविनाश मिश्र, राजकुमार मिश्र, मनीराम, मास्टर महेश कैथवार, सूरज मिश्रा, योगेंद्र मिश्र, चंद राठौर, सतीश भार्गव, सत्यराम, विक्रम, अशोक राज सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अजबापुर चीनी मिल में भारी अनियमितताएं उजागर

**मैगलगंज, खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ कम तौल और अव्यवस्थाओं पर सख्त रुख



शासन के निर्देश पर मैगलगंज गन्ना समिति के चेयरमैन राजेन्द्र मिश्र ने गन्ना विभाग के सचिव एवं एससीडीआई के साथ अजबापुर चीनी मिल के क्रय केंद्र और मिल गेट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गन्ना किसानों से जुड़ी कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी गई है।

निरीक्षण में यह पाया गया कि किसानों की गन्ना ट्रालियों की मिल परिसर में कम तौल की जा रही थी, जबकि बाहर तुलवाने पर वजन अधिक निकला। इससे किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान हो रहा था। इसके अलावा कड़ाके की ठंड के बावजूद क्रय केंद्र पर किसानों के लिए न तो शेड की व्यवस्था थी और न ही अलाव का कोई प्रबंध दिखाई दिया। ठंड में तौल लाइन में खड़े किसान बेहद परेशान और बेहाल नजर आए। निरीक्षण के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि मिल के ड्यूटी चार्ट में जिन कर्मचारियों की तैनाती दर्शाई गई थी, वे मौके पर अनुपस्थित पाए गए। मिल प्रशासन द्वारा कागजों में तैनाती दिखाने और वास्तविक स्थिति में अंतर पाए जाने से कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में चेयरमैन राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप उद्यमियों को पूरा सहयोग दिया जाएगा, लेकिन गन्ना किसानों के अधिकारों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मिल में वर्षों से जिम्मेदार पदों पर बैठे कुछ व्यक्तियों की भूमिका संदेह के घेरे में है, ऐसे में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बदलाव आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

## चीन में भारत की बर्फीली जीत : हार्बिन अंतरराष्ट्रीय हिम शिल्प प्रतियोगिता में टीम 'अभ्युदय' को तृतीय पुरस्कार




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर खीरी)।** भारतीय कला, संस्कृति और सृजनात्मकता ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाया है। चीन के हार्बिन शहर में 6 से 9 जनवरी तक आयोजित 28वीं हार्बिन अंतरराष्ट्रीय हिम एवं बर्फ शिल्प प्रतियोगिता में भारतीय टीम 'अभ्युदय' ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है। यह उपलब्धि भारत के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सन आइलैंड अंतरराष्ट्रीय हिम शिल्प कला प्रदर्शनी के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें विश्व के 16 देशों की 25 अंतरराष्ट्रीय टीमों ने प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच भारतीय टीम ने अपनी मौलिक कल्पना, तकनीकी दक्षता और कलात्मक सौंदर्य के माध्यम से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। भारतीय टीम द्वारा प्रस्तुत बर्फ की कलाकृति का शीर्षक 'सीमाओं से मुक्ति' था। यह विशाल संरचना लगभग 14 गुणा 10 गुणा 10 फीट आकार की थी, जिसे पूर्णतः शुद्ध बर्फ से तराशा गया। प्रतियोगिता के दौरान तापमान शून्य से 25 से 30 डिग्री सेल्सियस नीचे तक पहुंच गया था, लेकिन भीषण ठंड और कठिन परिस्थितियों के बावजूद टीम ने अदम्य साहस और समर्पण के साथ निर्धारित समयसीमा में अपनी कलाकृति को पूर्ण किया। टीम 'अभ्युदय' में रवि प्रकाश (कैमूर, भभुआ - बिहार) टीम प्रमुख, सुनील कुमार कुशवाहा (सिंगरौली - मध्य प्रदेश) दल नायक, रजनीश वर्मा (लखीमपुर खीरी - उत्तर प्रदेश) उप दल नायक, मोहम्मद सुल्तान आलम (दिल्ली) सदस्य तथा अभिन्नव आचार्य (दिल्ली) दल मार्गदर्शक के रूप में शामिल रहे। इस उपलब्धि में लखीमपुर खीरी जनपद के गोला गोकर्णनाथ निवासी रजनीश वर्मा का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा।

## कड़ाके की ठंड में समाजसेवी श्याम मोहन धुरिया ने की अलाव की व्यवस्था

▸ जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**





जनपद में कड़ाके की ठंड को देखते हुए समाजसेवी श्याम मोहन धुरिया ने जनपद के कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की है। उनका कहना है कि इस समय जनपद में अधिक ठंड पड़ रही है, जिससे लोगों को परेशानी न हो और वे सुरक्षित रह सकें।

श्याम मोहन धुरिया जनपद बांदा में समय-समय पर जनसेवक के रूप में जाने जाते हैं और इस तरह के कार्य करते रहते हैं। उनकी इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है और उन्हें धन्यवाद दिया है।

अलाव की व्यवस्था वाले स्थानों में संकट मोचन मंदिर, रेलवे स्टेशन,रोडवेज बस स्टैंड, पर लोगों की भीड़ रही, जहां वे ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे थे। श्याम मोहन धुरिया ने कंचन पुरवा काली देवी मंदिर से जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया उनकी इस पहल से लोगों को ठंड से राहत मिली और लोगों ने इस नेक कार्य की सराहना की है।

# भारत के स्वाभिमान, आस्था व पुनर्जागरण का प्रतीक है सोमनाथ मंदिर

**बाँदा, समृद्धि न्यूज।**



▸ आक्रमण के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने मनाया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व
▸ बाम्बेश्वर मंदिर में आयोजित हुआ रुद्राभिषेक कार्यक्रम

सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा पूरे जिले में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - 2026 मनाया गया स इस अवसर पर शिवालयों में पूजा पाठ व हवन पूजन कार्यक्रम आयोजित किये गए।

शहर के बॉम्बेश्वर पर्वत की गुफा में स्थापित शिवलिंग की मूर्ति में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया स साथ ही अपने इतिहास, आस्था और आत्मसम्मान को स्मरण करते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बामदेव मंदिर स्थित शिवलिंग में विधिविधान से पूजा अर्चना की गई तथा ओमकार जप का वाचन किया गया। हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं वल्कि भारत के स्वाभिमान, आस्था और पुनर्जागरण का प्रतीक है जिसने बार बार टूटकर भी उठना सिखाया स यह हजार वर्षों की आस्था और पुनरिर्निर्माण की विरासत है। इसी प्रकार पहाड़ की चोटी पर स्थित मंदिर, छोटी बाजार झंडा चौराहा स्थित शिव मंदिर, बन्योटा स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित कर सभी लोगों ने मंदिर व मूर्ति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की स कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, पालिकाध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, ममता मिश्रा, जाग्रति वर्मा, संतू गुप्ता, राजेश गुप्ता रज्जन, अनीता शुक्ला, शशि धुरिया, धीरेन्द्र सिंह धीरू, प्रेम स्वरुप द्विवेदी, रामकृष्ण शुक्ला, इंद्रजीत राजपूत, दिनेश शुक्ला, राजेश सेन, शनि धुरिया आदि शामिल रहे।

# रायफल क्लब खेल मैदान पर कांग्रेस का आंदोलन होगा तेज



▸ 17 को मैदान बचाने के लिए धरना देंगे पूर्व मंत्री
▸ कांग्रेसियों ने मैदान बचाने के लिए तेज की मुहिम

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

लगभग 150 वर्ष पुराने खेल मैदान को बचाने के लिए पक्ष और विपक्ष सभी ने अपने-अपने अंदाज में आगे आना शुरू कर दिया है। खेल मैदान को लेकर मुख्यमंत्री के रोक लगाने के आदेश के बारे में भ्रम की स्थिति के बीच पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी भी खेल मैदान बचाने के की इस मुहिम में जोर-शोर से शामिल हो गये हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि खेल मैदान की बिक्री को नहीं रोका गया तो वे कांग्रेसजनों के साथ 17 जनवरी को मैदान परिसर में ही धरना देंगे। इस बात की जानकारी उन्होंने मीडिया को भेज पत्र में दी है। जिसकी प्रतिलिपि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी भेजी है। बताते चलें कि बांदा शहर के बीचों-बीच स्थित इकलौते खेल मैदान की नीलामी को लेकर बीडीए यानी बांदा विकास प्राधिकरण ने विज्ञप्ति जारी की है। जिसके बाद से खेल प्रेमी और सियासी दलों के लोगों ने आंदोलन तेज कर दिया है।

# दैत्य पिता के कृत्य से कांप उठा क्षेत्र

▸ कलयुगी पिता ने बच्चे को उतारा का था मौत के घाट

**पैलानी/बांदा, समृद्धि न्यूज।**



पैलानी थाना क्षेत्र के पचकौरी गांव में 5 जनवरी की रात को राजेंद्र पुत्र छोटका निवासी धनूवन डेरा ललौली थाना फतेहपुर का निवासी था। वह अपनी ससुराल पचकौरी रात को बोट के माध्यम से यमुना नदी पार करके नदी के किनारे किनारे एक किलोमीटर दूरी 11 बजे घर पर आया। जिसमें राजेंद्र की पत्नी शारदा व नाना रामफल नानी शांति छप्पर के नीचे मां शारद कार्तिक को लेकर सोई हुई तभी राजेंद्र 11 बजे चुपके से आया और बच्चे को उठाकर ले गया जैसे ही उसकी मां को जानकारी हुई उसने हल्ला मचाया कोहरे के कारण वह नदी के किनारे किनारे पिता पुत्र को लेकर नाव के माध्यम से ले गया और गर्दन दबाकर उसकी बीच नदी यमुना में फेंक दिया परिजनों ने बहुत ढूंढने का प्रयास किया लेकिन पिता व बच्चा दोनों नहीं मिले उसके मामा दिलीप ने बताया 2 दिन तक हम बहुत ढूंढने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिलने पर हमने पुलिस को मामा दिलीप ने सूचना दी पुलिस द्वारा लापरवाही बढ़ती गई और उसने फोन के माध्यम से जानकारी लेती रही कि बच्चा मिला कि नहीं मिला फिर उसके मामा दिलीप ,हिमांशु ,संदीप, सहदेव, गोविंद आदि लोग वह धनूवन डेरा गए जहां पर परिजनों को देखने के साथ ही आरोपी भागने लगा फिर वह उरई पतवार के जंगल में घुसकर बैठ गया उसके मामा ने ढूंढते ढूंढते पकड़ लिया और उसको बोट के माध्यम से उसको घर लेकर आए और पुलिस को सूचना दी पुलिस को सुपुर्द कर दिया मामा दिलीप ने बताया आरोपी घटना करने के बाद रात भर वह बोट पर ही नदी पर सोता रहा है वही आज पुलिस ने पहुंच कर स्थानीय गोताखोर शिव शंकर, दिलीप ,जय सुख ,विनोद के माध्यम से ढूंढने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिला पुलिस ने आरोपी की बोट कब्जे में ले लिया है मामा दिलीप ने बताया कि मेरी बहन शारदा की शादी 5 वर्ष पहले हुई थी जिसके दो बच्ची रानी, व शिवानी व एक लड़का हुआ था इलाज के अभाव में पैसा न होने पर दो बच्चियों खत्म हो गई आरोपी नशेड़ी व कुछ करने के ना कारण 2 वर्ष से मेरी बहन अपने पिता के पास रह रही है उसके साथ मारपीट भोजन नहीं देते थे जिसके चलते हम लोग घर लिवा लाए थे वही इस घटना को अंजाम दे दिया है वहीं मां शारदा ने बताया कि मेरा एक ही लड़का बचा था जिसको निर्मल हत्या कर द वहीं पुलिस ने मौके में पहुंचकर जाल 10 मिनट के लिए खानापूर्ति के लिऐ जाल डलवाया था लेकिन तेज बहाव होने के कारण नहीं मिला मौके पर आरोपी को भी ले गई थी मामा दिलीप ने आरोप लगाया अगर पुलिस तेजी दिखाई होती तो इतनी देर नहीं होती और पुलिस की लापरवाही के चलते इतनी देरी हुई है।

## दंगल में दिखे पहलवानों के दांव-पेंच सकुशल संपन्न हुआ आयोजन



**अतर्रा (बांदा), समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के बांदा रोड स्थित रामा मार्केट में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दूर-दराज से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेंच दिखाए, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

दंगल में विभिन्न वजन वर्गों में मुकाबले कराए गए। कस्बे के पहलवान फैजल गनी के प्रदर्शन को दर्शकों ने सराहा। उनके मुकाबलों के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम के दौरान भीड़ अधिक होने से कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति बनी, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस प्रशासन और आयोजकों की मदद से स्थिति पर नियंत्रण पाया गया और इसके बाद दंगल प्रतियोगिता सुचारु रूप से जारी रही। अंत में कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो गया। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन संगीता निराला, भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रतिनिधि वेद निराला, द्वारिका लखेरा, मंजू चौरिहा, सभासद पप्पू सोनकर, अमन गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे। समापन पर विजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया।